राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित



दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

11 ▶ इंस्टाग्राम अकाउंट हैक होने पर चाहते...

दिल्ली में चुनावी तारीखों के... ◀ 12

गाजियाबाद, बुधवार 08 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 307, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### कटरा में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

**कटरा (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के कटरा में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने मंगलवार को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया है। बताया जा रहा है कि मृतक की उम्र 55 साल थी। उन्होंने अपनी ही बंदूक से खुद को गोली मारी है। मृतक जवान बिहार के पटना का रहने वाला था। दरअसल, मृतक जवान का नाम



राजनाथ प्रसाद पुत्र लेफ्टिनेंट माधव मिस्त्री है, जो वर्तमान में कटरा स्थित 6वीं सीआरपीएफ बटालियन में तैनात था। 55 वर्षीय एएसआई ने कथित तौर पर खुद को सर्विस राइफल से गोली मार ली। इस घटना की सूचना मिलने के बाद सीआरपीएफ के आला अधिकारी घायल एएसआई को लेकर कटरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, लेकिन सीने के पास गोली लगने से उनकी मौत हो गई। फिलहाल सीआरपीएफ ने मामले में जांच शुरू कर दी है। साथ ही मौत के सही कारणों का पता लगा जा रहा है कि आखिर राजनाथ प्रसाद ने खुदकुशी क्यों की। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी अलग-अलग जगहों पर जवानों से जुड़े आत्महत्या के मामले सामने आ चुके हैं।

### 33 हजार से अधिक लोगों ने उठाया मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का लाभ

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हर परिवार के बुजुर्ग चाहते हैं कि वह जीवन में तीर्थयात्रा अवश्य करें। कईबार आर्थिक तंगी के कारण कई बुजुर्गों का यह सपना पूरा नहीं होता लेकिन पंजाब सरकार ने ऐसे ही बुजुर्गों की इच्छा पूरी करने के लिएशानदार योजना शुरू की।इस योजना का नाम है मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना। योजना के तहत पंजाब के बुजुर्गों सहित सभी नागरिकों को मुफ्त तीर्थ यात्रा करवाने के साथ-साथ उनके सपनों को भी पूरा किया जा रा है। मुख्यमंत्री तीर्थ योजना बेहद आसान है। इस यात्रा का लाभ लेने के लिए पहले आवेदन करना पड़ता है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों तरीके से आवेदन किया जा सकता है। मुख्यमंत्री भगवान सिंह मान ने तीर्थ यात्रा पर जाने की इच्छुक लोगों के लिए आवेदन की अड़चनों को भी दूर कर दिया है। केवल एक पेज के सामान्य फार्म को भरना होता है। इससे यात्री से संबंधित बहुत सामान्य सी जानकारी जैसे कि आधार कार्ड, वोटर कार्ड, आईडी कार्ड नंबर, मोबाइल नंबर, पता इत्यादि भरना होता है। 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्राइ योजना के तहत माता चिंतपूर्णी जी, माता वैष्णो देवी, माता ज्वाला जी, माता नैना देवी जी, खाटू श्याम जी, सालासर धाम, वाराणसी और मथुरा, जामा मस्जिद और अजमेर शरीफ, श्री पटना साहिब, श्री आनन्दपुर साहिब, श्री हजूर साहिब और श्री दमदमा साहिब जैसे पवित्र स्थलों की यात्रा करवाई जाती है। पंजाब सरकार का टारगेट है कि इस योजना के जरिए 50,000 लोगों को धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाए जाएं। पंजाब सरकार अपने इस लक्ष्य के करीब है, क्योंकि मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत अब तक 33,893 लोगों ने धार्मिक स्थलों के दर्शन किए हैं। इस योजना के तहत 60 साल से अधिक उम्र वाले लोग इस योजना का लाभ उठा सकते हैं और किसी भी धार्मिक स्थल के दर्शन करने जा सकते हैं।

# अमित शाह ने भारतपोल पोर्टल लॉन्च किया, बोले-देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने की शुरूआत

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल को लॉन्च किया। इस अवसर पर अमित शाह ने सीबीआई अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक भी प्रदान किया।



भारतपोल पोर्टल के लॉन्च पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा, आज भारतपोल के शुभारंभ के लिए हम यहां एकत्रित हुए हैं। यह हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने वाली शुरूआत है। भारतपोल की संरचना से भारत की हर एजेंसी, हर राज्य की पुलिस खुदको इसकी मदद से बहुत सरलता से इंटरपोल के साथ जोड़ पाएगी और जांच को गति दे पाएगी।

अमित शाह ने आगे कहा कि हम सब जानते हैं कि हम अमृत काल में जी रहे हैं। आजादी के 75 साल से आजादी के 100 साल के कालखंड को ना केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के रूप में वर्णित किया है, बल्कि अब देश की 140 करोड़ की जनता ने इस काल खंड को अमृत काल के रूप में स्वीकार भी किया है। भाजपा नेता ने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता ने संकल्प लिया है कि 2047 में जब देश को आजादी के 100 साल होंगे, तब भारत हर क्षेत्र में विश्व में पहले स्थान पर होगा और हम हर क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहे होंगे। अगर ये संकल्प हमें सिद्ध करना है तो इसके कई पड़ाव हैं। हमने तय किया है कि 2027 तक भारत को विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे। वहीं, से पहला कदम शुरू होगा। 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमारे पास 25 साल हैं और एक प्रकार से भारत के लिए स्वर्णिम अवसर होगा।

बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित इस भारतपोल पोर्टल का उद्देश्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को साइबर और वित्तीय अपराधों में अंतरराष्ट्रीय पुलिस की सहायता करना है, जो वास्तविक समय में सूचनाओं का आदान-प्रदान करेगा।दरअसल, भारतपोल पोर्टल इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों के प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित करेगा, जिसमें रेड नोटिस और अन्य रंग-कोडित इंटरपोल नोटिस जारी करना शामिल है।

## दिल्ली में चुनावी दंगल का आगाज, 5 फरवरी को होगी वोटिंग, 8 को आएंगे नतीजे, आचार संहिता लागू

**दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आज चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान कर दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया



कि दिल्ली में एक चरण में वोट डाले जाएंगे। दिल्ली में वोट डालने की तारीख 5 फरवरी होगी जबकि नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। इसके साथ ही दिल्ली में आचार संहिता लागू हो गई है। दिल्ली में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच है। हालांकि कांग्रेस भी पूरी ताकत के साथ इस चुनाव में उतरने जा रही है। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है और नए सदन के गठन के लिए उससे पहले चुनाव होने हैं। दिल्ली में पारंपरिक रूप से एक ही चरण में विधानसभा चुनाव होते रहे हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझ रही सत्तारूढ़ आप की नजर हैट्रिक पर होगी। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने 2015 और 2020 के चुनावों में क्रमशः 67 और 62 सीटों के साथ जीत हासिल की। पिछले दो चुनावों में केवल एक अंक तक सिमट गई भाजपा 26 साल के अंतराल के बाद राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही है। कभी 15 साल तक दिल्ली पर शासन करने वाली कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए आप के साथ गठबंधन करने के बाद अकेले चुनाव लड़ेगी।


# भूकंप से कांपी तीन देशों की धरती

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के कई राज्यों सहित नेपाल, चीन से लेकर तिब्बत तक मंगलवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस हुए। नेपाल में

### बिहार में 17 सेकेंड तक महसूस हुए झटके, तिब्बत रहा भूकंप का केंद्र

तेज भूकंप आने के चलते बिहार में धरती डोली। बिहार के कई जिलों में इसका असर दिखा। बिहार के पटना , मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मोतिहारी, बेगूसराय, मुंगेर, शिवहर और सारण में भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेपाल में भूकंप की तीव्रता 7.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र चीन के कंट्रोल वाले तिब्बत में था।

यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (स्त्रस्) के अनुसार, भूकंप तिब्बत के शिजांग में रहा। भूकंप के झटके नेपाल और भारत के बिहार, असम और सिक्किम में भी महसूस हुए। वहीं, बंगाल के मालदा और कुछ और इलाकों में भी धरती हिली। तिब्बत में रुक-रुक कर झटके महूसस किए जा रहे हैं। जब भूकंप आया, उस समय मैं सो रही थी। बिस्तर हिल रहा था और मुझे लगा कि मेरा बच्चा बिस्तर हिला रहा है। मैंने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया, लेकिन खिड़की के हिलने से मुझे लगा कि यह भूकंप है। फिर मैंने जल्दी से अपने बच्चे को बुलाया और घर से बाहर निकलकर खुले मैदान में आ गई। मैं अभी भी डर के मारे कांप रही हूं और सदमे में हूं।




एक अन्य निवासी बिप्लोव अधिकारी ने कहा कि मैं शौचालय में थी, मैंने देखा कि दरवाजा हिल रहा था। भूकंप महसूस होते ही मैं जल्दी से नीचे खुली जगह पर आ गई। मेरी मां भी डर गई थीं। दरअसल, पृथ्वी की चार प्रमुख परतें हैं, जिसे इनर कोर, आउटर कोर, मेंटल और क्रस्ट कहते हैं। जानकारी के अनुसार, पृथ्वी के नीचे मौजूद प्लेट्स घूमती रहती हैं, जिसके आपस में टकराने पर पृथ्वी की सतह के नीचे कंपन शुरू होता है। जब ये प्लेट्स अपनी जगह से खिसकती हैं तो भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं।

## भारत में बढ़ने लगे एचएमपी वायरस के केस,नागपुर में 13 साल की लड़की और 7 साल का लड़का संक्रमित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में एचएमपी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। महाराष्ट्र के नागपुर में भी एचएमपी वायरस के 2 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इससे पहले कर्नाटक में 2, गुजरात में 1, पश्चिम बंगाल में 1 और तमिलनाडु में दो मामले सामने आए थे।

नागपुर में एक 13 साल की लड़की और एक 7 साल के लड़के में वायरस लक्षण मिले हैं। लगातार सर्दी खांसी बुखार के बाद परिवार ने प्राइवेट लेब में जांच करवाई तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई। हालांकि इन दोनों बच्चों को अस्पताल में भर्ती नही करना पड़ा, घर पर ही इलाज से बच्चों की स्थिति कंट्रोल में है। वहीं मुबंई महानगरपालिका भी इस नए वायरस को लेकर अलर्ट मोड पर आ गई है। जेजे और सेंट जार्ज अस्पताल को मुख्य अस्पताल बनाया गया है जहां इस वायरस के संदिग्ध मरीजों का इलाज किया जाएगा, इसके अलावा नागरिकों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

बता दें अगर आप या आपके बच्चे को तेज बुखार (103 डिग्री फारेनहाइट/40 डिग्री सेल्सियस से अधिक), सांस लेने में दिक्कत, त्वचा, होंठ या नाखून का नीला पड़ना



(सायनोसिस) जैसे लक्षण दिख रहे हैं तो तुरंत एचएमपी की जांच कराएं। आमतौर पर आपके लक्षणों और मेडिकल हिस्ट्री के आधार पर एचएमपी का टेस्ट किया जाता हैं। इसके लिए नाक या गले से सैंपल लिया जाता है।

## अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव का ऐलान, बीजेपी के पास सपा से बदला लेने का मौका

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर बहुप्रतीक्षित उपचुनाव दिल्ली चुनाव के साथ 5 फरवरी को होंगे।



चुनाव आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। जून में फैजाबाद लोकसभा सीट से मौजूदा सपा विधायक अवधेश प्रसाद के जीतने के बाद मिल्कीपुर विधानसभा सीट खाली हो गई थी। नवंबर में नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में बीजेपी ने बड़ी जीत हासिल की थी। नवंबर में जिन नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए उनमें मुजफ्फरनगर की सीसामऊ, कटेहरी, कुंदरकी, करहल, खैर, फूलपुर, गाजियाबाद, मंझवा और मीरापुर शामिल थे। मिल्कीपुर उपचुनाव पहले नवंबर 2024 में नौ अन्य विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव के साथ होना था। चुनाव आयोग ने अदालत में लंबित मामले के कारण मिल्कीपुर उपचुनाव स्थगित कर दिया था। समाजवादी पार्टी ने पहले ही मिल्कीपुर से अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को अपना आधिकारिक उम्मीदवार घोषित कर दिया था। भाजपा ने छह मंत्रियों को चुनाव प्रचार के लिए मैदान में उतारा है। मिल्कीपुर पर सभी की नजर है। यह अयोध्या की पास की सीट है।

# 300 फीट गहरी कोयला खदान में भरा पानी, 9 मजदूर फंसे

**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम के दीमा हसाओ जिले में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां 300 फीट गहरी कोयला खदान में पानी घुसने के बाद 9 मजदूर फंस गए हैं। भारतीय सेना ने मजदूरों को बचाने के लिए एक रिलीफ टास्क फोर्स की तैनाती की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

### रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए सेना ने टास्क फोर्स का किया गठन

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने फंसे हुए मजदूरों को बचाने के लिए सेना से सहायता मांगी। एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने कहा, भारतीय सेना ने असम के दीमा हसाओ जिले के सुदूर औद्योगिक शहर उमरंगशु में फंसे खनिकों को बचाने के लिए एक राहत कार्य बल तैनात किया है। टास्क फोर्स गोताखोरों, सैपर्स और अन्य आवश्यक चीजों से लैस है।

अधिकारी ने कहा, राहत टास्क फोर्स में गोताखोरों, सैपर्स और अन्य संबंधित कर्मियों जैसे विशेषज्ञ शामिल हैं, जिनके पास आवश्यक उपकरण हैं।



भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी भी फंसे हुए माइनर्स को जल्दी से जल्दी बचाने के लिए नागरिक प्रशासन के साथ समन्वय करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि उमरंगशु इलाके में कोयला खदान में फंसे नौ मजदूरों की पहचान कर ली गई है। राज्य प्रशासन और पुलिस ने खदान में फंसे मजदूरों को बचाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस के अनुसार, कोयला खदान में फंसे नौ मजदूरों में से एक नेपाल का नागरिक है, एक पश्चिम बंगाल का है और बाकी असम के अलग-अलग इलाकों से हैं। इनकी पहचान गंगा बहादुर श्रेठ, हुसैन अली, जाकिर हुसैन, सर्पा बर्मन, मुस्तफा शेख, खुशी मोहन राय, संजीत सरकार, लिजान मगर और शरत गोयरी के रूप में हुई है।

सीएम सरमा ने एक्स को लिखा, हमने बचाव अभियान में सेना से मदद मांगी है। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) भी प्रयासों में सहायता के लिए घटनास्थल पर जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दीमा हसाओ जिले के जिला आयुक्त और पुलिस अधीक्षक को घटनास्थल पर भेजा है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री कौशिक राय भी घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उमरंगशू से दुखद खबर आई है, जहां मजदूर कोयला खदान में फंसे हुए हैं। अभी तक सही संख्या और स्थिति अज्ञात है। डीसी, एसपी और मेरे सहयोगी कौशिक राय घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। ईश्वर से सभी की सुरक्षा की प्रार्थना कर रहा हूं।

**खुशखबरी** सीएम सोरेन ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा, यह राशि आपको आर्थिक तौर पर स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है

# महिलाओं के खातों में सरकार ने भेजे 2500 रुपए

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को राज्य की 56 लाख से भी अधिक महिलाओं के बैंक अकाउंट में 'मंईयां सम्मान योजना, के तहत दिसंबर महीने की किस्त के रूप में ढाई-ढाई हजार रुपए की राशि ट्रांसफर की। इस अवसर पर रांची के नामकुम खोजाटोली ग्राउंड में एक वृहद् कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें पूरे राज्य से करीब दो लाख महिलाएं मौजूद रहीं। सीएम सोरेन ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा, यह राशि आपको आर्थिक तौर पर स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारी सरकार ने चुनाव के पहले जो संकल्प लिया था, उसे पूरा करते हुए आज हमें बेहद खुशी हो रही है। बताया गया कि सीएम ने रिमोट का बटन दबाकर राज्य की कुल 56 लाख 61 हजार 791 महिलाओं के बैंक खाते में कुल 1,415 करोड़ 44 लाख 77 हजार 500 रुपए की राशि ट्रांसफर की। पांच महीने पहले जब यह योजना शुरू हुई थी तब महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए दिए जा रहे थे, लेकिन चुनाव के ऐलान के ठीक पहले सरकार ने कैबिनेट में यह राशि बढ़ाकर ढाई हजार करने की स्वीकृति दी थी। हेमंत सोरेन ने कहा कि देश और राज्य के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना तब तक साकार नहीं हो सकती, जब तक महिला और पुरुष एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर न चलें। हम लोगों ने इसी को




ध्यान में रखकर महिलाओं को आगे लाने के लिए यह कदम उठाया है। हमारे पहले की सरकारों ने महिला सशक्तीकरण की बातें तो बहुत की, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया। हमने जब महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि देने की शुरूआत की, तब हमारा मजाक उड़ाया गया। जब हमने यह राशि ढाई हजार रुपए करने का वादा किया, तो विपक्षियों ने इसे लेकर भी दुष्प्रचार किया। उन्होंने सवाल उठाया कि इतना पैसा सरकार कहां से लाएगी आज हमने उन्हें जवाब दे दिया है। सोरेन ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हम उनकी तरह नहीं, जो अपने किए वादे से मुकर जाएं या झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करें। उन्होंने महिलाओं से राज्य के विकास में भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि आपकी छोटी-छोटी बचत से बच्चों का भविष्य बेहतर होगा। 'मईयां सम्मान की राशि का उपयोग महिलाएं खुद और अपने बच्चों का कुपोषण दूर करने के लिए कर सकती हैं। मुख्यमंत्री ने चुनाव के दौरान महिलाओं के सहयोग-समर्थन के लिए आभार जताते हुए कहा कि आपने हमें भरपूर आशीर्वाद देकर हमारी सरकार बनाई है। अब आपको स्वावलंबी और विकसित बनाने की चिंता हमारी है। कार्यक्रम को राज्य के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मंत्री चमरा लिंडा, विधायक कल्पना सोरेन सहित कई अन्य महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा दरार वादी पार्टी,इसका इंसान के जीवन से कोई लेना देना नहीं: अखिलेश यादव

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा



और उसे दरारवादी पार्टी करार दिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने संभल में जानबूझकर हिंसा करवाई है और मासूम लोगों पर अत्याचार किया गया। सपा का प्रतिनिधिमंडल जब संभल गया तो उसे रोका गया। वहां जाने नहीं दिया गया। आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि इस घटना के माध्यम से माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा दरारवादी पार्टी है। इनके लिए जीवन का कोई मोल नहीं है। यह एक हृदयहीन पार्टी है, जिसे किसी के प्रति कोई सहानुभूति नहीं है। इस सरकार में न्याय मिलना और जनता की सुनवाई होना असंभव है। सपा मुखिया ने कहा कि पीडीए के खिलाफ अन्याय और भ्रष्टाचार के दो पलड़े हैं। उन्हीं के लोग एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। दिल्ली और लखनऊ की राजनीति में आपस में लड़ाई चल रही है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी के पुत्र के निधन पर शोक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** नगर पालिका परिषद के चेयरमैन पद के पूर्व प्रत्याशी और कांग्रेस नेता नईम फरीदी बेटे हाजी अब्दुल खालिद (38) का मामूली बीमारी के कारण दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान देहांत हो गया। उनके 11 और 6 वर्ष की दो पुत्रियाँ हैं। अचानक इस सदमे से परिवार सकते में है। नईम फरीदी को ढांढस बंधाने के लिए नगर के गणमान्य लोगों का तांता लगा हुआ है।



# प्रशिक्षु उपाधीक्षक प्रखर पांडे ने पुलिस बल के साथ नगर में किया गश्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर। (अशोक पाठक)** मंगलवार देर शाम प्रशिक्षु उपाधीक्षक / शिकारपुर कोतवाली प्रभारी प्रखर पांडे ने भारी पुलिस बल के साथ नगर में पैदलगश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया.। गश्त का नेतृत्व प्रशिक्षु सीओ प्रकार पांडे ने किया। पैदल गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। लोगों से कहा कि पुलिस उनके साथ है, परेशानी होने पर सूचना दें समस्या का समाधान किया जाएगा। विदित होकर पैदल का सुबह रात्रि गश्त की जा रही है। पुलिस के पैदल गश्त से जहां असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है वही नागरिक पुलिस की गश्त से सुरक्षा का एहसास कर रहे हैं। गश्त के दौरान पुलिस सैंडिक्त लोगों से पूछताछ कर तलाशी भी ले रही है। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पांडे, सिटी इंचार्ज आदेश कुमार,एसआई दीप्ति यादव, के अलावा कई उपनिरीक्षक व कांस्टेबल मौजूद रहे।



## छतारी पुलिस द्वारा तीन नफर वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** छतारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा जनपद में अपराध नियंत्र वारन्टियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित मिश्र, के कुशल निर्देशन, क्षेत्राधिकारी डिबाई शोभित कुमार, के निकट पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष संदीप कुमार, के नेतृत्व में छतारी पुलिस द्वारा तीन नफर वारंटी अभियुक्त (1) सचिन पुत्र मंगल सैन निवासी ग्राम बैरमनगर थाना छतारी जिला बुलंदशहर सम्बंधित वाद स0 563/20 मु0अ0स0 70/19 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना छतारी जनपद बुलंदशहर मुख्य न्याय मजिस्ट्रेट बुलंदशहर (2) हरिओम कुमार पुत्र कांति प्रसाद निवासी ग्राम त्यौर बुजुर्ग थाना छतारी जिला बुलंदशहर(3) दुष्यंत कुमार शर्मा पुत्र हरिओम शर्मा निवासी ग्राम त्यौर बुजुर्ग थाना जिला बुलंदशहर सम्बंधित परिवाद स0 124/22 धारा 498 ए/323 भादवि 3/4 डी0पी0एक्ट थाना छतारी बुलंदशहर सम्बंधित न्यायालय सिविल मजिस्ट्रेट बुलंदशहर को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त वारंटी उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।



# यूको बैंक शाखा शिकारपुर ने 83 वें स्थापना दिवस पर, सूरजभान कॉलेज को भेंट किया एक वाटर कूलर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर। (अशोक पाठक)** मंगलवार को सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर बुलंदशहर को यूको बैंक शाखा शिकारपुर के मुख्य प्रबंधक विवेक कुमार अंचल कार्यालय मेरठ, हरिओम सिंह शाखा प्रबंधक यूको बैंक शिकारपुर बुलंदशहर, शोभित भारद्वाज अंचल कार्यालय मेरठ, अभिषेक त्यागी यूको बैंक शाखा शिकारपुर, मंतोष कुमार यूको बैंक शाखा शिकारपुर के कर कमलो द्वारा विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार मित्तल अध्यक्ष विजेंद्र दत्त शर्मा कोषाध्यक्ष सुनील कुमार मित्तल तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह को यूको बैंक ने अपने 83 वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर यह वाटर कूलर भेंट किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




# विगत वर्षों की भांति पुनः मलकपुर ढाका मंदिर आया सुर्खियों में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर (राकेश वार्ष्णेय)।** विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओ ने उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन अनूपशहर क्षेत्र के गांव मलकपुर ढाका स्थित शिवलिंग एवं मजार को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं एवं समाजसेवियों ने नायब तहसीलदार अखिलेश यादव को एक ज्ञापन दिया है समाजसेवियों ने बताया है कि मलकपुर ढाका में प्राचीन स्वयंभू शिवलिंग है उसी के पास ही दूसरे समुदाय के लोगों ने मजार बना दी थी 1967 में शिवलिंग स्वयंभू के पास एक मजार रातों-रात बनाकर खड़ी कर दी थी तभी सनातन धर्म के समाजसेवियों ने सिविल कोर्ट में विचार अधीन रखा और समाजसेवी ने बताया बताया की सिविल कोर्ट से एवं हाई कोर्ट से मंदिर की पक्ष में फैसला आया है घाटा संख्या 79 में 167 बीघा जमीन ग्राम समाज की है ऐसी जमीन पर शिवलिंग एवं मजार बना हुआ है घाटा संख्या 80 में कब्रिस्तान स्थित है समाज सेवाओं का कहना है कि उप जिलाधिकारी नवाब अली एवं लेखपाल सलीम द्वारा गलत तरीके से कब्रिस्तान खदान दर्ज कर दी है खेत नंबर 79 में मंदिर बनवाने एवं मजार को दूसरी जगह स्थित करें इस शिवलिंग पर प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु कावड़ सावन का महीना एवं फागुन का महीने में चढ़ते हैं सनातन धर्मियों कि श्रद्धालुओं की आस्था स्वयंभू शिवलिंग से जुड़ी हुई है इस शिवलिंग पर मैं अभी तक कोई मंदिर बना है किसी तरीके से ढका नहीं गया है श्री राम तो अयोध्या में ट्रिपाल से ढके हुए थे परंतु शिवलिंग यहां तो जंगल में है यह श्रद्धालुओं का आस्था का केंद्र बना हुआ है।





# पीड़ित महिला की खौफनाक कहानीः खुद के पति ने बनवाये पत्नी से अपने दोस्त के साथ अवैध संबंध, पीड़ित का पति संबंध बनवाने के एवज में दोस्त से लेता था मोटी रकम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव मऊखेड़ा की पीड़ित महिला की शादी 14 वर्ष पूर्व गुलावठी थाना क्षेत्र के गांव एचाना में हुई महिला के चार बच्चे हैं महिला ने बताया कि मेरे पति ने अपने दोस्तों को बुलाया और मेरे पति ने अपने दोस्त के साथ मेरे साथ नाजायज संबंध बनवाए और दूसरे दोस्त से उसकी वीडियो बनवा डाली दिन निकालने के बाद जब मेरे पति ने मुझे मेरी वीडियो दिखाई तो मेरे पैरों के तले जमीन निकल गई मैं रोती बिलखती रही मगर मेरे पति ने मोटी रकम के बदले बार-बार लगातार अपने दोस्त से मेरे साथ अवैध संबंध बनवाये मैं अपने बच्चों का मुंह देखकर सारे दुख दर्द सहती रही दूसरी तरफ मेरे पिता जी बुग्गी चलाने का काम करते हैं गरीब परिवार है मैं जाऊं तो कहां जाऊं 2 दिन पूर्व मेरे पति ने फिर अपने दोस्त के साथ मुझे नाजायज संबंध बनाने का दबाव बनाया मैने इसका विरोध किया तो मेरे पति ने मुझे बुरी तरह पीटा जान से मारने की कोशिश की व तलाक देने की धमकी देकर घर से धक्के मार कर निकाल दिया मैं रोती बिलखती अपने मायके गांव मऊ खेड़ा पहुंची और अपने परिजनों को अपनी आपबीती सुनाई मैं सरकार से और पुलिस अधिकारियों से अपील करती हूं कि ऐसे दरिंदे को सख्त से सख्त सजा दी जाए जिससे किसी महिला बहन बेटी के साथ ऐसा घिनौना की कृत्य ना हो पाए।



# एसडीएम को राष्ट्रीय बजरंग दल ने दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** तहसील में मंगलवार को गौ रक्षा प्रमुख राष्ट्रीय बजरंग दल शिवम शिकारपुरिया के नेतृत्व में एक ज्ञापन

एसडीएम को सोपा गया। जिसमें बताया गया था कि भारत हिन्दू संस्कृति परंपराओं का देश है। जिसकी स्थापना यहां के महापुरुषों ओर वीरांगनाओं ने अपना बलिदान देकर सुरक्षित रखी है। हम आज भी उन सभी के ऋणी है जिन्होंने अपना और अपने परिवार का बलिदान तो स्वीकार किया परन्तु देश, धर्म, संस्कृति पर आंच नहीं आने दी। आज कुछ जिहादी मानसिकता के लोग इस महापुरुषों व वीरांगना के बलिदान को अफवाह बता कर उनका अपमान कर रहे है। ताजा मामला मुरादाबाद के पूर्व सांसद डॉ एस टी हसन का है जिन्होंने चार जनवरी को अपना एक वक्तव्य हिन्दी दैनिक समाचार को दे रहे थे ।जिसमें उन्होंने महारानी पद्मावती के जौहर को अफवाह बताया । यह हिंदू धर्म की भावना को ठेस पहुंचाने वाला बयान है। ऐसे समाज इतिहास विरोधी व्यक्ति को समाज में रहने का कोई अधिकार नहीं होना चाहिए। जिसको लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल आपसे निम्नलिखित मांग करता है। डॉ एस टी हसन पर हिन्दू समाज की भावना व भारतीय संस्कृति इतिहास का उपहास उड़ाने के लिए कठोरतम कानूनी कार्यवाही कर मुकदमा दर्ज किया जाए। डॉ एस टी हसन पर राष्ट्रद्रोह की धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में शिवम शिकारपुरिया विभाग गौरक्षा प्रमुख राष्ट्रीय बजरंग दल बुलंदशहर अंकित राजपूत, सोनू राजपूत, विशाल बघेल, करन सैनी आदि मौजूद रहे।



# बिना परमिशन के खनन करने वाले डंपर को किया सीजः नायब तहसीलदार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** जनपद में खनन माफिया के हौसले बुलंद। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के मुमरेजपुर के जंगल में अवैध रूप से डंपर और जेसीबी के माध्यम से किया जा रहा था अवैध मिट्टी खनन डिबाई एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार डिबाई लेविन कुमार को मौके पर भेज कर अवैध मिट्टी खनन करने वाले डंपर को लिया कब्जे में जेसीबी मौके से हुई फरार नायब तहसीलदार ने खनन माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है वहीं डंपर को कब्जे में लेकर सीज कर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

नायब तहसीलदार ने बताया है कि बिना परमिशन के अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के मुमरेजपुर गांव से डंपर द्वारा मिट्टी डाली जा रही थी जिसको मौके पर पहुंचकर डंपर को कब्जे में लेकर अहमदगढ़ थाने में पुलिस के सुपर्द करते हुए डंपर को सीज किया गया है। डंपर में मिट्टी भरी हुई। नायब तहसीलदार की इस बड़ी कार्रवाई से खनन माफियाओं में खलबली मची हुई है।



# सर्दियों में अस्थमा और सांस की तकलीफ, सही देखभाल से राहत संभव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** सर्दियों का मौसम ठंडक और त्योहारों की खुशियां तो लेकर आता है, लेकिन अस्थमा के मरीजों के लिए यह मौसम कई चुनौतियां भी लेकर आ सकता है। भारत में करीब 3.5 करोड़ लोग अस्थमा जैसी सांस की बीमारी से जूझ रहे हैं, और ठंड का मौसम उनकी परेशानी को और बढ़ा सकता है। ठंडी और सूखी हवा, एलर्जी और पर्यावरण में बदलाव अस्थमा के अटैक के बड़े कारण बन सकते हैं अस्थमा एक पुरानी सांस की बीमारी है जिसमें सांस की नलियों में सूजन और सिकुड़न के कारण सांस लेना मुश्किल हो जाता है। सर्दि सांस की नलियों को और ज्यादा संवेदनशील बना देती है, जिससे मरीजों को खांसी, सांस लेने में कठिनाई और छाती में जकड़न जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, सर्दियों में धूल, पालतू जानवरों के बाल और फफूंदी जैसे एलर्जी करने वाले तत्व घर के अंदर ज्यादा मौजूद रहते हैं, क्योंकि खिड़कियां और दरवाजे बंद होने से वेंटिलेशन कम हो जाता है डॉ. (ब्रिगेडियर) सविंदर सिंह, जो यथार्थ अस्पताल, ग्रेटर नोएडा के वरिष्ठ पल्मोनोलॉजी सलाहकार हैं, उन्होंने यह कहा, "सर्दियों में अस्थमा के मरीजों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत होती है। ठंड और प्रदूषण की वजह से सांस की नलियों पर जो दबाव पड़ता है, वह अस्थमा के लक्षणों को बढ़ा सकता है। सही देखभाल, नियमित दवाओं का सेवन और समय पर डॉक्टर की सलाह लेना बेहद जरूरी है ठंड के मौसम में सांस की नलियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, और इस दौरान फ्लू और सर्दी जैसे संक्रमण भी अधिक हो जाते हैं, जो अस्थमा के लक्षणों को और बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही, लकड़ी जलाने और हीटर के उपयोग से निकलने वाला धुआं और प्रदूषण, हवा को और खराब करता है, जिससे अस्थमा के मरीजों को ज्यादा दिक्कत होती है अस्थमा के मरीजों को सर्दियों में अपनी नाक और मुंह को स्कार्फ या मास्क से ढककर रखना चाहिए, ताकि सांस लेने वाली हवा गर्म और नमी से भरी हो। घर के अंदर की हवा को साफ रखना भी बहुत जरूरी है। एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें और नियमित रूप से घर की सफाई करें। धूल, धुआं और सिगरेट के धुएं से दूर रहें। डॉक्टर द्वारा सुझाई गई दवाएं, खासकर इनहेलर का नियमित रूप से इस्तेमाल करें। साथ ही, फ्लू और निमोनिया जैसी बीमारियों से बचने के लिए वैक्सीन लगवाएं सर्दियों में अस्थमा से बचाव और सही देखभाल के जरिए मरीज न केवल अपनी जीवनशैली को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को भी कम कर सकते हैं। ठंड के मौसम में अस्थमा के मरीजों के लिए सावधानी और जागरूकता बेहद जरूरी है। सही उपायों और समय पर इलाज से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि ठंड का मौसम किसी भी स्वास्थ्य समस्या का कारण न बने।



## गिरफ्तारी — कब्जे से चोरी किये पाईप व अवैध चाकू व चोरी करने के उपकरण आदि बरामद

# 04 शातिर चोर चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर ट्रान्सपोर्ट नगर में बिजली घर के पीछे एक अर्द्धनिर्मित मकान से 04 शातिर चोरों को चोरी की योजना बनाते हुए चोरी किये पाईप, अवैध चाकू व चोरी करने के उपकरण आदि सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं 13/25 धारा 312/313/317(2) बीएनएस व 4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं गिरफ्तार अभियुक्तो का नाम पता 1. साजिद पुत्र अजीर निवासी डीएम रोड चार यार के पास झुग्गी झोपडी थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर। 2.रहीमुद्दीन पुत्र रफीक शेख निवासी झुग्गी झोपडी बीसा कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर। 3.असरफ पुत्र रफीक निवासी झुग्गी झोपडी बीसा कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर 4.सनाउल अंसारी पुत्र मंसूर अंसारी निवासी नुमाइश मैदान झुग्गी झोपडी थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर बरामदगी का विवरण. 02 अदद चाकू .01 अदद प्लास, 01 अदद सब्बल, 01 अदद पंचकस, 02 अदद रिंच, एक प्लास्टिक का कट्टा गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा 02 माह पूर्व थाना कोतवाली नगर क्षेत्र मे देवीपुरा शमशान घाट से काठी, एक सीढी व पानी के पाईप चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली नगर पर मुअसं 1087/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है। उक्त चोरी की काठी व सीढी को अभियुक्तों द्वारा एक राह चलते कबाडी को 1,600/- मे बेच दिया था तथा रूपयों को आपस मे आधा-आधा बाट लिया था।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम शैलेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात व0उ0नि0 संजीव बालियान, उ0नि0 कृष्ण कुमार गौतम, उ0नि0 बलवीर सिंह, उ0नि0 मनीष यादव, है0का0 तरुण कुमार, का0 रिंकू।



## लूट की घटना में वांछित बदमाशों से थाना जहांगीरपुर, खुर्जा नगर व स्वाट टीम की संयुक्त रूप से हुई मुठभेड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

जहांगीरपुर। पुलिस व स्वाट टीम माँचड़ नहर चौराहे पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी तभी एक सफेद रंग की बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए जिनको रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुके और बाइक को तेजी से मोड़कर भागने लगे।

जिसकी सूचना कन्ट्रोल रूम को दी गयी सूचना के आधार पर खुर्जा जंक्शन चौकी पुलिस टीम बदमाशों की तलाश करने लगी तभी पुलिस टीम से घिरता देख बदमाशों ने अपनी बाइक परौरी चौराहे से कपना की ओर जाने वाली नहर पटरी पर मोड़ दी तभी हड़बड़ाहट में बदमाशों की बाइक फिसलकर गिर गयी। अपने आप को पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी।

पुलिस टीम की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में फिरोज उर्फ रिन्कू गोली लगने से घायल हो गया, जिसको घायलावस्था में अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 1 फिरोज उर्फ रिन्कू पुत्र छोटे खाँ निवासी बी हमदर्द नगर जमालपुर थाना सिविल लाइन जनपद अलीगढ़ (घायलावस्था) 2. आसिफ पुत्र आबाद निवासी ग्राम जामुनका थाना चण्डौस जनपद अलीगढ़ के रूप में हुई है।

# ए न्यू होप फाऊंडेशन ने वितरित किए कंबल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** ए न्यू होप फाऊंडेशन द्वारा गोविंदपुरी स्थित मार्केट में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दर्जनों जरूरतमंदों को सर्दी से बचाव

**संगठन निरंतर समाज सेवा के कार्य कर रहा है : रविंद्र कुमार**

हेतु कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कंपकंपाती सर्दी को देखते हुए संगठन लगातार जरूरतमंदों की मदद कर रहा है। जिसके तहत कंबल वितरित करने का कार्य भी जारी है। ताकि सर्दी से ठिठुरते गरीबों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में मंगलवार को




दर्जनों जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। संगठन के मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा ने कहा कि संगठन अपने प्रयासों से अपने उद्देश्यों की पूर्ति पुरी निष्ठा के साथ कर रहा है। और संगठन भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य करता रहेगा।

इस अवसर पर सभासद सूबे सिंह, सतेंद्र चौधरी, तीशा गोस्वामी, रवि गोयल, जितेंद्र त्यागी, संतोष अग्रवाल, पुनीत वर्मा, रेखा चौधरी,अनिल शर्मा, संदीप कुमार मोनू, नीरज चौधरी, संजय त्यागी आदि पदाधिकारियों के अलावा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान भी अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# गन्ना भुगतान करने पर मोदी शुगर मिल के अधिकारियों को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** मोदी शुगर मिल द्वारा पिछले सत्र का समस्त गन्ना बकाया भुगतान किसानों को कर दिए जाने पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता सहित अनेक किसानों ने मोदी शुगर मिल के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व जनपद हापुड़ के जिला अध्यक्ष वरिष्ठ किसान नेता ज्ञानेंद्र त्यागी ने बताया कि बकाया गन्ना भुगतान न मिलने के कारण किसान अनेक आर्थिक परेशानियों से जूझता है। परिवार के भरण पोषण से लेकर बच्चों की शिक्षा और चिकित्सा के प्रति चिंतित रहता है। गन्ने की फसल मिल में देने के बाद भी जब समय पर उसका भुगतान नहीं होता है तो




किसान अपनी अगली फसल की तैयारी के लिए कर्ज तक लेने के लिए मजबूर रहता है। ज्ञानेंद्र त्यागी ने बताया कि ऐसा ही कुछ हाल जिला हापुड़ की सिंभावली और ब्रजनाथपुर शुगर मिलों का है। जिन्होंने अभी तक भी बकाया गन्ना भुगतान नहीं किया है। जबकि मोदी शुगर मिल ने अपने वादे के मुताबिक पिछला बकाया गन्ना भुगतान 31 दिसंबर को कर दिया है। जिससे क्षेत्र के किसानों में हर्ष का माहौल है। ज्ञानेंद्र त्यागी ने बताया कि वादे पर खरा उतरने के लिए उन्होंने और उनके किसान साथियों ने मोदी शुगर मिल के गन्ना महाप्रबंधक राहुल त्यागी, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक नरेश मलिक व गन्ना प्रबंधक संजीव चौधरी का पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया और आभार व्यक्त किया। सम्मानित करने के दौरान ज्ञानेंद्र त्यागी के भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के अतुल त्यागी सौंदा व ललित त्यागी नम्बरदार बागपत शामिल थे।

# किसानों के ट्रैक्टर ट्राली व कृषि यंत्रों को यमुना एक्सप्रेसवे पर फ्री किया जाए : दीपक ठाकुर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** मंगलवार को कोतवाली छेत्र के गांव रुस्तमपुर निवासी श्री राजपूत करणी सेना के गौतम बुद्ध नगर जिलाध्यक्ष दीपक ठाकर के नेतृत्व में यमुना एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा पर एक ज्ञापन जेवर टोल प्लाजा मैनेजर अनुज सिंह को सौंपा। जिसमें दीपक ठाकुर ने कहा कि किसानों के कृषि यंत्रों को पूरे एक्सप्रेसवे पर फ्री किया जाए, यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे सर्विस रोड का निर्माण हो, जेपी इन्फ्राटेक ने जिस जमीन का अधिग्रहण किया है उनके बच्चों को रोजगार दिया जाए, सभी टोल प्लाजा पर तीस



किलोमीटर के दायरे में आईडी के आधार पर फ्री किया जाए, अन्य संगठनों की भांति सभी टोलों पर नम्बर लगाए जाए, और चैतावनी देते हुए कहा कि अगर एक सप्ताह में मांगे नहीं मानी गई तो श्री राजपूत करणी सेना जेवर टोल पर धरना प्रदर्शन करेगी। इस दौरान मनोज भाटी, विनीत भाटी, सौरभ शर्मा, हरिओम सिंह, दिना सिंह, अनूप गोड,नितिन भाटी, ललित सिंह, अरुण भाटी, नवीन सिंह, संजय भाटी, मोंटी भाटी, प्रियांशु भाटी, कृष्णा सिंह, रोहित राणा, अनिल भाटी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## उधार दिए रुपए वापस मांगने पर युवक को बेहरमी से पीटा, हालत गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** उधार दिए रुपए वापस मांगने पर युवक को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने पुलिस से गुहार लगाई है। रावली रोड निवासी उमर कस्बा रोड पर एक दुकान पर काम करते है। उमर ने एक युवक को आठ हजार रुपए उधार दिए थे। सोमवार शाम को उमर ने उधार दिए आठ हजार रुपए वापस मांग लिए।

आरोप है कि रुपए उधार लेने वाले दबंग युवक ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर उमर की बेहरमी से पिटाई कर दी। उसे इतना पीटा कि वह बेहोश हो गया। पीड़ित ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रकाश पर्व पर दशमेश खालसा सेवा समिति द्वारा लंगर का किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** दशमेश खालसा सेवा समिति द्वारा दशमेश पिता साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के समक्ष विशाल लंगर आयोजित किया गया।

संस्था के पदाधिकारियों द्वारा लंगर की शुरूआत गुरु जी की अरदास के साथ की गई। इस दौरान समिति से जुड़े परिवारों ने बड़े ही सेवा भाव के साथ सैकड़ो राहगीरों को मीठे चावल और चाय का प्रसाद वितरित किया। संस्था के सदस्यों का मानना है कि इस प्रकार का पुनीत कार्य कर वे जहां मानव सेवा कर रहे हैं। वही ऐसे कार्यों को करने के दौरान उन्हें आत्मिक संतोष भी मिल रहा है। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को प्रकाश पर्व की बधाई भी दी।

इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने छाया पब्लिक स्कूल के एग्जीक्यूटिव



वीपी डॉक्टर अरुण त्यागी को सम्मानित भी किया।

# गारमेंट शॉप में लगी भीषण आग,पत्नी की हुई मौत,पति की हालत गंभीर

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा में 7 जनवरी को तड़के सुबह एक गारमेंट शॉप में भीषण आग लग गई। इसी शॉप के अंदर सो रहे पति-पत्नी आग की चपेट में आ गए। जिसके चलते पत्नी की आग से झुलसने के कारण मौत हो गई और पति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शुरूआती जांच में पता चला है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 7 जनवरी को थाना सेक्टर 63 क्षेत्रान्तर्गत ग्राम छिजारसी मेन रोड पर बनी के एस क्लॉथ हाउस एंड रेडीमेड गारमेंट्स दुकान के प्रथम तल पर आग लगने की सूचना




मिली थी। सूचना पर फायर सर्विस यूनिट की 4 गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना हुई और आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक इस दुकान में सो रहे पति-पत्नी में से पत्नी विनीता (35) की धुएं में फंसे रहने के कारण मौके पर मृत्यु हो गई। जबकि पति अभी सुरक्षित है। पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भर अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

बताया जा रहा है कि आग इतनी ज्यादा भीषण थी कि फायर कर्मचारी को अंदर जाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। करीब 2 घंटे की कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। शुरूआती जांच में आग लगने के कारण के पीछे शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। लोकल पुलिस और फायर विभाग के कर्मचारी इस आग लगने के कारणों की जांच करेंगे। दुकान में आग बुझाने का कोई भी यंत्र मौजूद नहीं था। जिसके कारण आग और भी ज्यादा फैल गई। गनीमत रही कि इस आग से आसपास के अन्य घरों को नुकसान नहीं पहुंचा है।

# घरेलू महिलाओं को सशक्त बना रहा है इंडिपेंडेंट लेडीज ग्रुप: डॉ.पूनम गर्ग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** घरेलू महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य कर रही संस्था इंडिपेंडेंट लेडीज ग्रुप के गठन को एक वर्ष पूर्व होने पर स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मौजूद संस्था की पदाधिकारियों ने स्थापना दिवस के साथ ही नव वर्ष की बधाई भी एक दूसरे को दी।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि दुबे नर्सिंग होम की संचालिका वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ पूनम गर्ग, आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ सताक्षी गर्ग, समाज सेविका ऋतु अग्रवाल तथा संस्था की अध्यक्षा प्रतिभा गर्ग द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ पूनम गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि घरेलू महिलाओं को सबल बनाने का जो कार्य संस्था कर रही है, यह कार्य




महिला सशक्तिकरण की श्रेणी में आता है। समाज सेविका ऋतु अग्रवाल ने कहा कि आत्मनिर्भर घरेलू महिला विषम परिस्थितियों में अपने परिवार का भरण पोषण भली प्रकार कर सकती है। इसलिए संस्था द्वारा किए जा रहे ऐसे पुनीत कार्य में सभी सक्षमों को सहयोग करना चाहिए। अध्यक्षा प्रतिभा गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूजा शर्मा, शालू कंसल, नीशू कंसल विनीता सिंघल, पारुल बंसल, एकता, आशा बंसल, प्रभा गुप्ता, निधि जैन, रितु, मीना सिंह, पूनम सिंघल, सुजाता, सारिका गोयल, रीतू कपूर, संगीता, शैली, प्रीति, संजू रुहेला, पूर्णिमा, सुनीता , हिमानी सिंघल आदि मौजूद थीं।

## कोतवाली प्रांगण में धरना प्रदर्शन करेगी भाकियू महासभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा। (उपेन्द्र भाटी)** भारतीय किसान यूनियन (महासभा) संगठन आगामी 15 जनवरी दिन बुधवार को छेत्र के लोगो की समस्याओं को लेकर रबूपुरा कोतवाली परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी ने बताया कि, रबूपुरा कोतवाली में पीड़ित अपनी शिकायत लेकर चक्कर काटता रहता है। लेकिन स्थानीय पुलिस पीड़ित की कोई सुनवाई नहीं करती। कोतवाली में व्याप्त भ्रटाचार से ग्रामीण काफी परेशान है। पुलिस असहाय लोगों की मदद करने के बजाय उनका उत्पीड़न कर रही है। पुलिस भूमाफियाओं को संरक्षण दे रही है। गीता भाटी ने आरोप लगाया कि, जिस पीड़ित के साथ मारपीट आदि की वारदातें होती है। उसी के खिलाफ पुलिस केस दर्ज कर रही है। जिससे यहां के स्थानीय लोग काफी परेशान है। इन्हीं समस्याओं के निस्तारण को लेकर भारतीय किसान यूनियन महासभा संगठन कोतवाली परिसर में धरना प्रदर्शन करेगा।

## जान से मारने की धमकी देने का आरोप, 4 पर केस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा। (उपेन्द्र भाटी)**कोतवाली छेत्र के फलेदा गांव निवासी एक युवक आकाश पुत्र गोकल का आरोप है कि, वह बीते रविवार को रात करीब 10 बजे ड्यूटी खत्म कर अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि, इसी दौरान रास्ते में चार 4 आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने कस्बा रबूपुरा निवासी नामजद आरोपी रोहित व उसके 3 अज्ञात साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर, मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सपा नोएडा महानगर संगठन द्वारा शिव शक्ति अपार्टमेंट के बारात घर में मासिक बैठक का आयोजन किया गया, बी ल ए व पीडीए पंचायत को लेकर की गई चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** महानगर संगठन द्वारा नोएडा सेक्टर 71 शिव शक्ति अपार्टमेंट के सामुदायिक केंद्र में सपा नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने बैठक में संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओ की एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने निष्क्रिय पदाधिकारी व कार्यकताओं पर कारवाई की भी बात कही, साथी साथ बी ल ए की नियुक्ति व प्रत्येक गांव सेक्टर में पी डी ए पंचायत के कार्यक्रम को आयोजित करने की बात कही। प्रदेश सचिव सुनील चौधरी ने कहा कि सभी पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता एक जुट होकर काम करें और आगामी विधानसभा चुनाव में जन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार रहे। पूर्व अध्यक्ष रेशपाल अवाना ने कहा कि कार्यकताओं को एकजुट होकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रत्येक सेक्टर व गांवों में करना होगा तभी संगठन और पार्टी मजबूत होगी। उपाध्यक्ष मोहम्मद नौशाद व मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है महंगाई व बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त हैं, जनता के उत्पीड़न व बढ़ते अपराधों की घटनाओं से जनता में त्राहि -त्राहि है। मंच का संचालन बिजेंद्र यादव व मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव ने किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता द्वारा अन्य राजनीतिक दलों से आए, गौरव चौधरी, मोहन सिंह व जावेद सैफी को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलवाई गई।




**कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में......**

संजय त्यागी, मोहम्मद तसलीम, नीतीश बसोया, बबलू चौहान, टीटू यादव, वीरपाल प्रधान, महकार तंवर,चिंटू त्यागी, योगेश भाटी, अमित भाटी, अंकित यादव ,नितिन वाल्मीकि,नीरज चौटाला ,बाबूलाल बंसल , नूरुल हसन , शालिनी खारी ,लखन यादव, बबली शर्मा, राम सहेली, रिंकू यादव ,लोकेश यादव,अमित बसोया,विजेंद्र यादव, छविनाथ यादव, शिवकुमार यादव, विजय शर्मा, राजेश अंबावत ,दाताराम यादव, अनिकेत, जाहिद सैफी, अच्छे मियां ,कैलाश यादव, गौरव यादव, राकेश यादव ,मोहम्मद नसीम, चिंता देवी, विमला ,रेणुका मेथी, केपी यादव, अमित बसोया, साहिल शेख, तनवीर हुसैन, रूप सिंह,मयंक कुमार,विवेक यादव, बिल्लू सैफी ,इंद्रपाल यादव, यतेंद्र राघव, मोहित यादव, देवेंद्र खारी,राजेश कुमार, अविनाश शर्मा, देव अवाना ,कन्हैया ,जयवीर यादव, विश्वास मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**अपील** — सड़क सुरक्षा उपायों को अपनाने एवं सावधानी बरतने की जनसामान्य से की गई अपील

# सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज दादरी, नालेज पार्क, जेवर क्षेत्र में अभियान संचालित करते हुए विभिन्न वाहनों में लगावाये गये रिफ्लेक्टर टेप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** जनपद में कोहरे दौरान होने वाली जनहानि एवं दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आज जिला अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत विशेष अभियान संचालित करते हुये दादरी, नालेज पार्क, जेवर क्षेत्र में विभिन्न वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगवाये गये एवं जनसामान्य से सड़क सुरक्षा उपायों को अपनाने व सावधानी बरतने की अपील की गई।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी



डॉ0 उदित नारायण पाण्डेय ने बताया कि सर्दी में कोहरे के दृष्टिगत आवश्यक है वाहन चलाते समय सुरक्षात्मक उपायों को अवश्य अपनाया जाये, ताकि कोहरे या धुंध के कारण सड़क दुर्घटनाएं न होने पायें। उन्होंने कोहरे के दृष्टिगत वाहन चलाते समय जन सामान्य से सावधानी अपनाने की अपील करते हुए सड़क सुरक्षा उपायों के सम्बन्ध में बताया कि धुंध या कोहरे में सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए बिंदुवार उपायों को अपनाते हुए आप अपनी एवं दूसरों की सुरक्षित यात्रा को सुनिश्चित कर सकते हैं।

1. धीमी गति और विशेष सावधानी से वाहन चलाएं।
2. ड्राइविंग पर पूरा ध्यान केंद्रित रखें।
3. मोबाइल फोन या तेज संगीत से बचें।
4. नशा/नींद में वाहन न चलाएं।
5. वाहन की खिड़की हल्की खुली रखें।
6. लो बीम हेडलाइट व फॉग लाइट का उपयोग करें।
7. खिड़कियां और विंडस्क्रीन साफ रखें।
8. डिफास्टर और वाइपर का उचित उपयोग करें।
9. धैर्य रखें, ओवरटेकिंग से बचें।
10. मोड पर सतर्कता के साथ गाड़ी मोडे, गति धीमी रखें।
11. आगे वाले वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें।
12. अपनी लेन में चलें, अचानक लेन न बदले।13. दो पहिया वाहन से चलते समय चमकने वाले उपकरण अवश्य पहने।
14. हेलमेट के आगे के वाइजर व पीछे इंडिकेटर को साफ रखें।
15. मोटरसाइकिल की हेडलाइट को साफ रखें।
16. ब्रेक लाइट, इंडिकेटर का उचित इस्तेमाल करें।
17. रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप का प्रयोग करें (आगे, पीछे, बगल में निर्धारित मानक के अनुसार)
18. दृश्यता कम होने पर सड़क के किनारे सुरक्षित जगह पर गाड़ी रोक लें। अपनी हेजरलाइट चालू रखें।
19. जब दृश्यता सुधरे तभी यात्रा शुरू करें।
20. आवश्यकता पड़ने पर इमरजेंसी नंबर 112 पर अवश्य कॉल करें।

# बनारस में आयोजित उत्तर प्रदेश स्टेट मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गाजियाबाद का दबदबा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** बनारस के उदय प्रताप कॉलेज वाराणसी में आयोजित 33 वी उत्तर प्रदेश मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गाजियाबाद के 7 खिलाड़ियों ने भाग लेकर 9 गोल्ड 9 सिल्वर 2 ब्रॉन्ज मेडल जीत कर बनारस में गाजियाबाद का नाम रोशन किया।

मास्टर एथलीट गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष अजय प्रमुख ने बताया कि इस चैंपियनशिप में गाजियाबाद के खिलाड़ियों ने 400, 100 रिले दौड़ मे गोल्ड मेडल, 5000 मीटर रेस वॉक मे सिल्वर मेडल, 200 मीटर दौड़ मे ब्रोंज मेडल प्राप्त किए। इस चैंपियनशिप में लखी राम चौधरी ने



4 मेडल, मुरादनगर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजय प्रमुख ने 3 मेडल, वीरेंद्र कुमार रजापुर ने 3 मेडल, महिपाल सिंह अटौर ने 3 मेडल, देव कुमार रजापुर ने 3 मेडल, नरेश कुमार गाजियाबाद ने 2 मेडल, प्रवीण चौधरी तिबडा ने 2 मेडल प्राप्त करके गाजियाबाद जिले का नाम रोशन किया।

# महिला विरोधी रमेश बिधूड़ी के खिलाफ नरेंद्र मोदी कानूनी कार्रवाई करें : आसिफ सैफी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद** । भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी का कांग्रेस पार्टी की सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी को अशब्द कहने के विरोध में आज युथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आसिफ सैफी के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं कार्यकताओं ने पुराने बस अड्डे चौराहे पर रमेश बिधूड़ी का पुतला दहन किया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता रमेश बिधूड़ी का पुतला जलाने वाले थे पुतला दहन स्थल पर तत्परता देखाते हुए पुलिस प्रशासन ने पुतला जलाने का विरोध किया और पुतला बड़ी मशक्कत के बाद युवाओं से छीन लिया।

युथ के जिला अध्यक्ष आसिफ सैफी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला विरोधी हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता आए दिन महिलाओं का अपमान करते हैं। उन्नाव के विधायक कुलदीप सेंगर से लेकर रमेश बिधूड़ी जैसे नेता भारतीय जनता पार्टी का चरित्र चित्रण करते हैं। रमेश बिधूड़ी ने हमारी नेता प्रियंका गांधी जी का अपमान कर अपनी पार्टी और अपना महिला विरोधी ऐजंडा साफ किया है।युथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आसिफ सैफी ने कहा कि रमेश बिधूड़ी को बीजेपी से निष्कासित नहीं किया गया तो यूथ कांग्रेस के सैंकड़ों कार्यकर्ता दिल्ली में रमेश बिधूड़ी के आवास का घेराव करेंगे।

युथ कांग्रेस के विरोध में में वरिष्ठ नेता उमेश शर्मा, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सलीम अहमद (सैफी) अल्पसंख्यक कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सैयद वली हसन, सेवा दल महानगर



अध्यक्ष विनित शर्मा,पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज कौशिक, पूर्व महानगर महासचिव विक्रांत चौधरी,युथ कांग्रेस प्रदेश सचिव इमरान मलिक, युथ कांग्रेस ज़िला उपाध्यक्ष उज्जवल गर्ग,ताज राणा, महानगर सचिव मोहम्मद फईम, लोनी नगर अध्यक्ष वारिस अली, महानगर अल्पसंख्यक कांग्रेस उपाध्यक्ष दानिश सैफी, राबिया, युवा नेता अरुण शर्मा, महानगर महासचिव लक्ष्मण जाटव, धीरज, राजेश, बादल, कृष्ण, सोहेल, शाहरुख, नदीम, मोइन, मोनू, साज़िद, विशाल आदि मौजूद रहे!

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों की अन्तिम प्रकाशन सूची प्रकाशित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन, कार्यालय पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन गाजियाबाद रणविजय सिंह की अध्यक्षता में समस्त मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अवगत कराया कि अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांकः 07/01/2025 को जनपद में अवस्थित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों पर बी.एल.ओ. के द्वारा किया गया है। उक्त अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची जन सामान्य के प्रयोगार्थ एक सप्ताह तक मतदेय स्थलों पर प्रकाशित रहेगी।

# भाकियू ने राष्ट्रिय आव्हान पर मांगों को लकेर दिया कलेक्ट्रेट पर धरना, आक्रोशित भाकियू ने जिला मुख्यालय पर गुडगुड़ाया हुक्का

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। भाकियू जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन में कहा गया है कि हम मजदूर और किसान आज पूरे देश में अपने मुद्दों को उजागर करने और निवारण की मांग भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने राष्ट्रीय आह्वान के तहत देश भर में किसानों की मांगों को पूरा नहीं होने पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया।

सैंकड़ों किसान प्रातः11बजे कलेक्ट्रेट गाजियाबाद पर पहुंचे और अपना पल-तिरपाल धरती पर बिछा कर बैठ गए। बड़े बुजुर्ग हुक्का गुड़गुड़ाने लगे। अपना खाना दाना कढ़ाई साथ लाए। तीन बजे तक धरना देना निश्चित किया।भाकियू जिला अध्यक्ष



बिजेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन में कहा गया है कि हम मजदूर और किसान आज पूरे देश में अपने मुद्दों को उजागर करने और निवारण की मांग के लिए विरोध कर रहे हैं। हम यह ज्ञापन आपको इस उम्मीद के साथ भेज रहे हैं कि आप देश की इन दो प्रमुख उत्पादक शक्तियों के पक्ष में हस्तक्षेप करेंगे। भारतीय किसान यूनियन विकास 38 वर्षों से देश के उस वर्ग की आवाज को उठा रही है जिसे लोकतंत्र में दबाने का काम किया जा रहा है। हताश देश का किसान आत्महत्या को मजबूर हो रहा है। वर्षों के बदलते का क्रम जारी है लेकिन किसान मजदूर आदिवासी दलित शोषित पिछड़े वर्गों का यह संघर्ष अपने अधिकार के लिए जारी है। वर्ष 2025 शुरू हो चुका है लेकिन कोई भी ऐसा माध्यम नजर नहीं आ रहा है। जिससे इन वर्गों का उत्थान हो सके। किसानों ने 2020 में तीन कृषि कानूनों के खिलाफ देश की राजधानी को घेर कर आंदोलन किया था। किसानों के लंबे संघर्ष के बाद जब कृषि कानून वापस लिए गए थे, तब किसानों के लिए किए गए वादे का आज तक पूरे नहीं हुए हैं। भाकियू ने यह 11 मांगे रखी 1- सभी फसलों के लिए कानूनी रूप से गारंटीकृत खरीद के साथ सी2+50 पर अंतएसपी देनी सुनिश्चित की जाए।

# आबकारी टीम द्वारा रात्रि मे आर.डी.सी. राजनगर स्थित ताशा किचन रेस्टोरेंट (द फूड वर्कशॉप) में दी दबिश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। आर.डी.सी. राजनगर स्थित ताशा किचन रेस्टोरेंट (द फूड वर्कशॉप) में बिना लाइसेंस प्राप्त किए शराब पिलाई जा रही है। प्राप्त सूचना के आधार पर उप आबकारी आयुक्त, मेरठ प्रभार द्वारा दिये गए निर्देश के क्रम मे जनपद-गाजियाबाद की आबकारी टीम द्वारा रात्रि लगभग 08:30 बजे थाना- कविनगर अंतर्गत आर.डी.सी. राजनगर स्थित ताशा किचन रेस्टोरेंट (द फूड वर्कशॉप) में दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश की कार्यवाही देर रात्रि तक चलती रही। दबिश के दौरान उक्त रेस्टोरेंट से उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य विभिन्न ब्रांडों की विदेशी मदिरा , बीयर एवं वाइन की 199 सीलबंद एवं 31 खुली बोतले (कुल 230 बोतले) (90.75 ब.ली. शराब) बरामद की गई। उक्त रेस्टोरेंट से चार अभियुक्त मोहित पुत्र सुनील कुमार निवासी-ग्राम-चिगरावती,थाना-स्याना, जनपद-बुलंदशहर उम्र लगभग 22 वर्ष,संजय पुत्र तेज सिंह निवासी -ग्राम- मलाई, थाना-कर्णप्रयाग,





जनपद- चमोली, उत्तराखंड उम्र लगभग 33 वर्ष ईश्वरी कुमार पुत्र हरि सिंह निवासी-ग्राम-कुलसारी, थाना-थराली, जनपद-चमोली, उत्तराखंड उम्र लगभग 43 वर्ष एवं भुवनेश पुत्र दिलबर सिंह निवासी-ग्राम-दसदुजला, थाना-रुद्रप्रयाग जनपद-रुद्रप्रयाग, उत्तराखंड उम्र लगभग 37 वर्ष को बिना लाइसेंस शराब पिलाने एंव अन्य प्रांत की मदिरा रखने हेतु गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उक्त रेस्टोरेंट के संचालक संयम कोहली पुत्र श्याम कोहली निवासी 1-ए,1224 गोल्फ लिंक सोसायटी गाजियाबाद, संयम कोहली की माता डिंपल कोहली पत्नी श्याम कोहली एवं संयम कोहली के पिता श्याम कोहली है एंव उन्हीं के कहने पर पकड़े गए अभियुक्तगणों द्वारा उक्त रेस्टोरेंट पर बिना लाइसेंस के शराब पिलायी जा रही थी एंव बड़ी मात्रा में शराब का भंडारण किया गया था। मौके से पकड़े गए चारो अभियुक्तों एवं संयम कोहली उनके पिता श्याम कोहली तथा उनकी माता डिंपल कोहली के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60/63, भारतीय न्याय संहिता की धारा 61 तथा उत्तर प्रदेश रेस्तरां (मदिरा का उपभोग), नियमावली 1952 की धारा-10 के अन्तर्गत थाना-कविनगर कमिश्नरेट- गाजियाबाद में एफ.आई. आर.पंजीकृत कराते हुए मौके से गिरफ्तार चारों अभियुक्त को जेल भेजा गया।

# मानकीकरण की पहचान के माध्यम से मानव जीवन को संरक्षित करने में योगदान दें: कुमार अनिमेष

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद**। मंगलवार को होटल महागुन सरोवर पोर्टिको, वैशाली गाज़ियाबाद में भारतीय मानक ब्यूरो की गाज़ियाबाद शाखा द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो के 78 वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय रिसोर्स पर्सन






**भारतीय मानक ब्यूरो का 78 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया**

ट्रैनिंग एवम मानक मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गाज़ियाबाद शाखा के अंतर्गत विभिन्न जिलों से आये प्रतिनिधियों को रिसोर्स पर्सन ट्रेनिंग प्रदान करना था। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने सभी मुद्दों पर खुली चर्चा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि के रूप में गाजियाबाद शाखा प्रमुख कुमार अनिमेष ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

इसके उपरांत प्रियांशु कुमार ने विभिन्न प्रकार की प्रेजेंटेशन के माध्यम से भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा संचालित कार्यों एवम मानकों के निर्धारण, मानकीकरण और गुणवत्ता प्रबंधन, दैनिक जीवन में घटित विज्ञान विषय के साथ मानकों का संबंध, स्टैंडर्ड क्लब के उद्देश्य एवम महत्व तथा मानक लेखन के प्रारूप के बारे जानकारी देते हुए प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया। इसके बाद मानक लेखन के बारीकियों को बता कर सभी प्रशिक्षुओं को 4-4 लोगों के ग्रुप में बांट कर मानक लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के दूसरे चरण में मानक मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य निमार्ताओं को इंडियन स्टैंडर्ड 210 कास्ट आइरन प्रोडक्ट क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर से जागरूक कराना और उसके सुचारु चलन को सुनिश्चित करना था। इस कार्यक्रम में गाज़ियाबाद शाखा के अंतर्गत सभी जिलों मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, बागपत, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर और पूर्वी दिल्ली से आए विभिन्न प्रतिभागियों ने उपस्थिति दर्ज की।

संयुक्त निदेशक नवीन अरोड़ा ने सभी प्रतिभागियों को इंडियन स्टैंडर्ड 210 कास्ट आइरन प्रोडक्ट क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर की चर्चा करते हुए गुणवत्ता सुधार की विस्तार से समीक्षा की। प्रतिभागियों ने मानक मंथन का पूरा लाभ उठाया और विकास के प्रति उत्साहित और संतुष्ट दिखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टैंडर्ड प्रोमोशन कंसल्टेंट विश्वेन्द्र तँवर, सूरज व राजू तथा प्रतिभागियों में मुकन्द वल्लभ शर्मा मेरठ, इशांत शर्मा सम्भल, आवरण अग्रवाल मुरादाबाद, मनोज भारद्वाज मुजफ्फरनगर, मिलिंद रानी हापुड़, अनुराधा कौशिक पूर्वी दिल्ली ने अपना योगदान दिया।

# युवाओं में छिपी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच की आवश्यकता: देवेंद्र कुमार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )**। नेहरू युवा केंद्र हापुड़ के तत्वाधान में तथा उपनिदेशक देवेंद्र कुमार के निर्देशन में डी ए वी पब्लिक स्कूल हापुड़ में दो दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दव पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल विनीत त्यागी ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिताओं में टीम खेल मे लड़कियों की कबड्डी, लड़कों की वॉलीबॉल तथा व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में लड़कों की कुश्ती तथा 400 मी दौड़ ' लड़कियों के लिए बैडमिंटन तथा स्लो साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक देवेंद्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया की इन खेलकूद प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं के बीच खेल के प्रति बढ़ावा देने तथा युवाओं को एक मंच उपलब्ध कराना है ताकि वह अपनी प्रतिभा को दिखा सके। उन्होने आगे बताया कि पहले खेलकूद एक मनोरंजन का साधन होता था लेकिन आज यह युवाओं के लिए करियर के रूप में भी अपनाया जा रहा है तथा इसमें हमारे युवा साथी ब्लॉक स्तर से निकाल कर जिला स्तर, राज स्तर, राष्ट्रीय स्तर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच






रहे हैं और भारत का मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा रहे हैं। डी ए वी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विनीत त्यागी जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा आप स्कूल स्तर से ही अपना तैयारी करोगे और इसमें निरंतर अभ्यास जारी रखोगे तो आप अपने अपने खेल में एक दिन ऊंचाई तक पहुंच पाओगे तथा अपने मां-बाप के साथ अपने-अपने स्कूल और गांव का नाम भी उज्जवल करोगे।पुरस्कार वितरण में डॉ विनीत त्यागी, देवेंद्र कुमार उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र हापुड़,सौरभ तोमर द्वारा किया गया। कबड्डी बालिका वर्ग में प्रथम टैगोर शिक्षा सदन की नैना सैनी,प्रज्ञा,पल्लवी, वंशु, हिमांशी, तनिष्का, हर्षिता,नविता।द्वितीय स्थान पर विज्म पब्लिक स्कूल तान्या, पलक,अनु,खुशी,गुनगुन, वैष्णवी, चाहत, अवनी त्यागी अतिका। बैडमिंटन बालिका वर्ग में प्रथम अवनी त्यागी, दूसरा स्थान रिया सिंह, तृतीय स्थान दीप्रिया चौधरी स्लो साइकिलिंग रेस में बालिका प्रथम अवनी, दूसरा स्थान डोली, तीसरा स्थान हेनल वॉलीबॉल बालक वर्ग प्रथम सिमरोली हापुड दूसरा स्थान डी ए वी पब्लिक स्कूल हापुड़ ने प्राप्त किया।400 मीटर बालक वर्ग में प्रथम दीवेश दूसरा स्थान सार्थक तीसरा स्थान मयंक ने प्राप्त किया ।कुश्ती बालक वर्ग प्रथम अदनान दूसरा स्थान देवांश तीसरा हर्षित ऑफिसिल की भूमिका निभा रहे सचिन रावत,सचिन चौधरी, महेंद्र, विवेक चौधरी,ऋतिक रावत ,योगेंद्र सिरोही , रूपाक्षी शर्मा तालिब अन्य लोग उपस्थित रहे। नेहरू युवा मंडल, खेड़ा के अध्यक्ष श्री सौरभ तोमर ने खेल के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

# जिलाधिकारी के निर्देशन पर एडीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। जिलाधिकारी कार्यालय, कलैक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन पर एडीएम एल,ए विवेक कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता

**खाद्यान्न वितरण को शतप्रतिशत भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाएं: एडीएम एल,ए विवेक कुमार किसी भी परिस्थिति में कोई भी शिकायत लम्बित ना रहे: एडीएम एल,ए विवेक कुमार**

समिति की बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान विभाग के कार्यों, राशन कार्डों में आधार सीडिंग व ई,केवाईसी, जनसंख्या आच्छादन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रवर्तन कार्यों एवं आईजीआरएस संदर्भों सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों में 180 व नगरीय क्षेत्रों में 364 राशन कोटेदारों (सरकारी गल्ले की दुकान) प्रचलित हैं। जिनमें ई—वेइंग स्केल से लिंक ई,पॉस मशीन के माध्यम से 99.98 प्रतिशत व 0.02 प्रतिशत ओटीपी के माध्यम से लाभार्थियों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही 99.99 प्रतिशत आधार सीडिंग हैं। वहीं 71.13 प्रतिशत ई—केवाईसी करवा दी गयी है, शेष आधार कार्ड अपडेट ना होने के कारण रूकी हुई है, जिसे जल्द ही पूरा करा लिया जायेगा। उन्होने बताया कि जनपद में जनसंख्या के सापेक्ष ग्रामीण क्षेत्र में 79.43 प्रतिशत एवं नगरीय क्षेत्र में 64.56 प्रतिशत लाभार्थियों को आच्छादित किया जा सकता है। जिसमें से नगरीय क्षेत्र में 57.90 प्रतिशत व ग्रामीण क्षेत्र में 62.58 प्रतिशत लाभार्थी आच्छादित हैं। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत होली के अवसर पर जनवरी से मार्च 2025 के मध्य में ई केवाईसी पूर्ण कराते हुये समस्त उज्जवला लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेंडर का रिफिल दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रवर्तन कार्यों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा



है। जिसमें समय,समय पर दुकानों के निलंबन एवं निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाती है आईजीआरएस संदर्भों से सम्बंधित कुछ शिकायतें तहसील स्तर पर सहित अन्य स्तरों पर लम्बित हैं। एडीएम एल,ए विवेक मिश्र ने निर्देशित किया कि सभी राशन कार्डों को आधार कार्ड से फीड करात हुए ई—केवाईसी पूर्ण की जाएं। खाद्यान्न वितरण को शतप्रतिशत भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाएं। किसी भी परिस्थिति में कोई भी शिकायत लम्बित ना रहे। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव सहित खाद्यान्न विभाग के अधिकारी,कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**बैठक** | **मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के लाभान्वित स्वावलम्बी बनते हुए बनेंगे रोजगारदाताः जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह**

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की बैठक आहूत हुई।

**बैंकों को अपनी कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव लाने की बहुत आवश्यकताः जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह**

जीएमडीआईसी श्रीनाथ पासवान ने बैठक के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में दिनांक 24/01/2025 को प्रदेश स्थापना दिवस पर योजना की जॉचिंग के अवसर पर 25 हजार लाभार्थियों को ऋण वितरण किया जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके मद्देनजर प्रथम चरण में 500 ला?भार्थियों को ?24 जनवरी 2025 को ऋण वितरण कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिसके क्रम में 75 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 63 पात्र आवेदकों के आवेदन विभिन्न बैंकों को प्रेषित किये गये हैं। लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए बड़ी संख्या में पात्र लाभार्थियों के आवेदन भरे जाने की आवश्यकता है। योजना अन्तर्गत जनपद में प्रथम चरण हेतु प्रधानाचार्य राजकीय पोलिटेक्निक, गाजियाबाद 750 के सापेक्ष 225, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद 750 के सापेक्ष 225, जिला समन्वयक, उ०प्र० कौशल विकास मिशन विभाग, गा०बाद 750 के सापेक्ष 225, निदेशक रूडसेटी संस्थान, गाजियाबाद 100 के सापेक्ष 30,



परियोजना निदेशक, एन०यू०एल०एम०, गाजियाबाद 200 के सापेक्ष 60, परियोजना निदेशक, एन०आर०एल०एम०, गाजियाबाद 200 के सापेक्ष 60, उपायुक्त उद्योग, गाजियाबाद 750 के सापेक्ष 225, अन्य तकनीकी संस्थान / कॉलिज/नर्सिंग संस्थान, गाजियाबाद 500 के सापेक्ष 150, जिला ग्रामोघोग अधिकारी, गाजियाबाद (नया लक्ष्य आवंटन) 500 के सापेक्ष 150 लक्ष्य प्राप्त हुआ। इस प्रकार 4500 के सापेक्ष 1350 का लक्ष्य प्राप्त हुआ, जो कि लगभग 30 प्रतिशत है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों के क्रमवार जानकारी प्राप्त की गयी कि उक्त लक्ष्य को पूर्ण करने में कोई समस्या तो नहीं है जिस पर सभी विभागों द्वारा लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने की बात कहीं गयी। उन्होने बैकों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि कोई भी आवेदन लम्बित ना रखें, त्वरित कार्यवाही करते हुए जांच और स्वीकृति या अस्वीकृति प्रदान करें। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना माननीय मुख्यमंत्री की युवाओं के लिए एक बेहतर योजना है। इससे युवा स्वावलम्बी बनते हुए इस योजना से रोजगार मांगेगा नहीं, अपितू अन्य लोगों को रोजगार देगा। उन्होने सभी बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि बैंकों को अपनी कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव की बहुत आवश्यकता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तवा सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी और बैकों के प्रति?निधि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अमरसिंह इंटर कालेज लखावटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर मंगलवार को स्वयं सेवक और सेविकाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। स्वयं सेविकाओं ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समा बांधा। स्वयं सेवकों का आभार जताते हुए पूर्व प्रधानाचार्य कैप्टन प्रेमकिशोर शर्मा ने कहा कि सात दिन से लगातार स्वयं सेवकों ने केंप लगाकर गांव में रैली, नुक्कड़ नाटक और संगोष्ठी के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक किया है। स्वयं सेवकों ने गांव की सभी नालियों के मलबे को गांव से बाहर निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया है। छात्र छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करना चाहिये। परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। छात्रों को अपनी पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिये। खेल के खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे निरंजन लाल शर्मा ने कहा कि बच्चों को अपने माता पिता और गुरूओं की आज्ञा का पालन करना चाहिये। झूंठ बोलना बड़ा अपराध होता है कभी भी झूंठ नहीं बोलना चाहिये। कार्यक्रम के अंत में असहाय लोगों को कंबल वितरण किये गये। कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि समेत कई लोगों को शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर योगेन्द्र सिंह लोधी, मुनेन्द्र शर्मा, थाना प्रभारी नीतिश कुमार भारद्वाज, लखन कुमार शर्मा, अजय तिवारी, साक्षी शर्मा, पारूल, लबी, निकिता, ऋषभ शर्मा, शिवानी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निरंजनलाल शर्मा और संचालन रमेशचंद पांड्या ने किया।



# चेतावनी,अनशन भूख हड़ताल में तब्दील करुंगा: नूतन त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- एचपीडीए कार्यालय गेट पर पीड़ित किसान का अनशन जारी
- पीड़ित किसान ने विभिन्न मांगों को लेकर कर रहा है,अनशन
- मेरा अनशन मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा:नूतन त्यागी
- एचपीडीए वीसी पहुंचे धरना स्थल पर,पीड़ित को समझाने का किया प्रयास

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण कार्यालय के प्रवेश द्वारा के सामने पीड़ित किसान का विभिन्न मांगों को लेकर अनशन मंगलवार को भी जारी रहा। धरने की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने पीड़ित किसान को समझाने का प्रयास किया। वहीं पीड़ित किसान ने अनशन को भूख हड़ताल में तब्दील करने की चेतावनी दी है।

दिल्ली रोड स्थित ग्राम चमरी निवासी,अनशन पर बैठे पीड़ित किसान नूतन प्रकाश त्यागी ने बताया कि हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की आनंद विहार आवासीय योजना में अपर जिलाधिकारी भू-अर्जन गाजियाबाद,एचपीडीए अधिकारियों द्वारा धोखाधड़ी करके योजना से सम्बंधित किसानों की उपजाऊ भूमि को छीनने का कार्य किया है। पीड़ित किसान ने मांग करते हुए कहा कि उक्त प्रकरण की सीबीआई जांच कराकर दोषी अधिकारियों को जेल भेजने की कार्यवाही होनी चाहिए। जब तक शासन उनकी मांगों को पूर्ण नहीं करेगा,उनका अनशन जारी रहेगा। पीड़ित किसान नूतन प्रकाश त्यागी के अनशन का ओम प्रकाश,देवराज आहुजा,रजनीश त्यागी, अजय त्यागी, रहीसुद्दीन, निजाम, विक्की, अंश त्यसगी,दानिश,हाफिज,सरदार गुरमीत सिंह ,शिवा त्यागी आदि ने समर्थन किया। इस सम्बंध में हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव प्रवीण गुप्ता ने बताया कि एचपीडीए की आनंद विहार आवासीय योजना के लिए ग्राम चमरी,सबली,अच्छेजा की कुल 181.308 हेक्टेअर भूमि का अर्जन नियमानुसार अर्जन किया गया। जिसमें खसरा संख्या 669 व 670 के कुल क्षेत्रफल 1.024 हेक्टेअर में से नूतन प्रकाश त्यागी के हिस्से की एक बटा चार भूमि आपसी सहमति से अर्जित की गई,जिसका प्रतिकार 24 जुलाई 2008 को 4723200 रुपये नूतन प्रकाश त्यागी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है। इसके सापेक्ष 6 प्रतिशत विकसित आवासीय भूखंड का आवंटन भी किया गया है। जिसकी रजिस्ट्री नूतन प्रकाश त्यागी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि किसान नूतन प्रकाश त्यागी के अर्जित खसरे को अनार्जित किया जाना संभव नहीं है। उक्त खसरे पर इनके अवस्थित प्रतिष्ठान के सम्बन्ध में कार्यवाही अन्य सहखातेदारों सहित सामूहिक रूप से किया जाना है,जिसका निस्तारण सामान्य रूप से एवं शासनादेश के परिप्रेक्ष्य में नियमानुसार होना है। नूतन प्रकाश त्यागी के सम्बंध में अलग से कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। फिलहाल उक्त प्रकरण उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

वहीं दूसरी ओर किसान नूतन प्रकाश त्यागी ने जिलाधिकारी व एचपीडीए उपाध्यक्ष को पत्र भेजकर कहा कि उनकी मांगों को 9 जनवरी तक पूरा नहीं किया जाता है,तो वह अनशन को भूख हड़ताल में तब्दील करेगा।





# संविधान के गौरव अभियान...भाजपा डा.भीमराव अंबेडकर की विरासत का सम्मान कर रही है: सत्यपाल सैनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष,विधान परिषद सदस्य व जिला प्रभारी सत्यपाल सिंह सैनी ने कहा कि संविधान को निर्मित हुए 75 वर्ष हो रहे हैं। इस अवसर पर संविधान के गौरव अभियान को एक उत्सव के रूप में पार्टी द्वारा मनाया जा रहा है।

मंगलवार को जिला प्रभार सत्यपाल सिंह सैनी भाजपा जिला कार्यालय पर संविधान गौरव अभियान को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिसमें जिले की टोली मंडल की टोली बना करके कार्यकर्ताओ को अपने-अपने क्षेत्र में जाना है,और संवैधानिक मूल्य भाजपा की उपलब्धियां तथा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की विरासत का सम्मान किस प्रकार भाजपा कर रही है। वह करने के लिए प्रतिबद्ध है यह हमें जनता को बताना है,आज तक विपक्षी पार्टियों ने बाबा साहब को उस सम्मान से वंचित रखा जिसके वह हकदार थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का संविधान निर्माण में जो अमूल्य योगदान है।

इस योगदान को हमें घर-घर तक पहुंचना है,कॉलेज स्कूलों में जाकर के गोष्ठी करनी है प्रबुद्ध जनों से मिलना है,और बाबा साहब के विषय में संविधान पर चर्चा करनी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष शमेंद्र त्यागी व संचालन जिला महामंत्री मोहन सिंह ने किया। इस अवसर पर यूपी सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि, जिला महामंत्री राजीव सिरोही, प्रफुल्ल सारस्वत, संजय त्यागी, पवन सैनी, दीपक भाटी,सुमित पार्चा, राहुल उपाध्याय, पिंकी त्यागी, छवि दीक्षित, संध्या शर्मा, सुनील वर्मा,पवन गर्ग, दिनेश त्यागी, अमित चौधरी, राजेश सक्सेना, राजीव शर्मा,सतीश सिंघल, जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# श्रीमद्भागकथा: रूक्मिणी विवाह पर जमकर झूमे श्रद्धालु

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** नगर के जवाहर गंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन मंगलवार को रूक्मिणी विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य कर खुशी मनाई। श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

श्रीधाम वृन्दावन के प्रमुख व कथा वाचक श्रद्धेय डॉ शैल बिहारी दास जी महाराज ने बताया कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त कर-के रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। वे द्वारिकापुरी आ ही रहे थे कि उनका मार्ग रुक्मी ने रोक लिया और कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा। तब युद्ध में श्रीकृष्ण व बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने कहा कि सत्संग में मति, कीर्ति, भलाई और गति मिलती है। सत्संग को जो तन और मन लगाकर सुनते हैं, उनका पूरा जीवन बदल जाता है। सत्संग में आने से विचार, बुद्धि, कर्म और आचरण बदलता है। धीरे-धीरे सत्संग से पूरा जीवन बदल जाता है।

कार्यक्रम के यजमान अमित अग्रवाल व डॉ.सुमन अग्रवाल सपरिवार थे। मंच का संचालन डॉ.राकेश अग्रवाल ने किया। इस मौके पर अशोक गुप्ता बीमा वालें, अरूण अग्रवाल, यशी बंसल, पूर्व सभासद चन्द्र प्रकाश ठठेरे, अलका कौशिक, भावना अग्रवाल, डॉ सुमन अग्रवाल,विशाल अग्रवाल (एडवोकेट), रीना अग्रवाल, पूनम कर्णवाल , करन सेठी , संजीव, राहुल बिड्ढ, यर्थाथ, आयुष वर्मा, वैभव,नेहुल,प्रतिष्ठा आदि मौजूद थे।कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# 17 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग पर बुलंदशहर विकास प्राधिकरण का चला बुलडोजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** खुर्जा विकास प्राधिकरण, बुलन्दशहर द्वारा विकास क्षेत्रान्तर्गत जोन - सिकन्द्राबाद में प्राधिकरण सचल प्रवर्तन दल, नामित पुलिस बल एवं स्थानीय पुलिस बल के साथ जाकर पुरानी जी०टी० रोड, सिकन्द्राबद में मनोज व मुकेश द्वारा लगभग 10 बीघा में अवैध रूप से बनायी गयी कालोनी एवं पचौता रोड पर मौ० असलम द्वारा लगभग 07 बीघा में अवैध रूप से बनायी गयी कालोनी को ध्वस्त किया गया

उक्त ध्वस्तीकरण की कार्यवाही डेडीकेटिड / नामित पुलिस बल एवं बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण, बुलन्दशहर के सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता एवं अन्य सहायक स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। ध्वस्तीकरण / सीलिंग अभियान प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डा० अंकुर लाठर के कुशल मार्गदर्शन में निरन्तर चलाया जा रहा है। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डा० अंकुर लाठर ने जनता से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण न करें एवं किसी अवैध कालोनी के अन्दर भूखण्ड क्रय न करें। प्राधिकरण की सचिव/ सक्षम प्राधिकारी ज्योत्सना यादव द्वारा बताया गया कि ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग अभियान अनवरत जारी रहेंगे। स्वीकृत कालोनियों की सूची प्राधिकरण की वेबसाइट www. bdabulandshahar. com पर उपलब्ध है, उक्त सूची में अंकित स्वीकृति कालोनियों के अतिरिक्त समस्त कालोनियां अनाधिकृत हैं, इस सम्बन्ध में समस्त जानकारी।



# जे.एम.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशनस द्वारा हिमानी सिंह को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** जे.एम.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशनस,हापुड़ की बी.बी.ऐ अंतिम वर्ष की छात्रा हिमानी सिंह खण्डारी ने बॉक्सिंग चैंपियनशिप में वर्ष 2023 में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में गोल्ड मेडल एवं वर्ष 2024 में सिल्वर मेडल जीतकर संस्थान का किया नाम रोशन ।

स्थानीय जे.एम.एस. ग्रुप,हापुड़ की होनहार छात्रा हिमानी खण्डारी ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में बॉक्सिंग चैंपियनशिप में वर्ष 2023 में गोल्ड मेडल एवं वर्ष 2024 में सिल्वर मेडल जीतने पर जे.एम.एस ग्रुप के माननीय प्रबंध निदेशक डॉ० आयुष सिंघल एवं डायरेक्टर जनरल प्रो० (डॉ०) सुभाष गौतम ने हिमानी खण्डारी का प्रतीक चिन्ह एवं शाल देकर संस्थान में भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ० आयुष सिंघल ने कहा कि जे.एम.एस. ग्रुप शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलों से जुड़ी हुई सभी गतिविधियों एवं प्रतियोगिता को अपनी प्राथमिकता मानता है। जे.एम.एस स्पोर्ट्स एकेडमी हापुड़,जे.एम.एस वर्ल्ड स्कूल एवं जे.एम.एस ग्रुप का नाम छात्र एवं छात्राऐ अपने खिलाड़ी वाले हुनर के साथ अपनी प्रतिभाओं का बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश के कोने-कोने में फैला रहे हैं।

इस अवसर पर जे.एम.एस ग्रुप के टीम मैनेजर अमित सिद्धू ने विस्तार पूर्वक छात्र हिमानी सिंह खण्डारी की बॉक्सिंग चैंपियनशिप की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि दिल्ली स्टेट 2021 में गोल्ड मेडल, दिल्ली स्टेट 2022 में गोल्ड मेडल ,दिल्ली स्टेट 2023 में गोल्ड मेडल, सोनीपत में वर्ष 2021 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करते हुए , भोपाल में वर्ष 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करते हुए उड़ीसा के सी.आई.एस.एफ ट्रायल मैच में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए दिल्ली ओलंपिक कॉम्पिटिशन वर्ष 2023 में अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके सिल्वर मेडल का खिताब अपने नाम किया। हिमानी सिंह की अकादमिक एवं खेल प्रतिभा की संस्थान के डीन, प्राचार्य ,सभी विभागाध्यक्षो, प्राध्यापकों एवं स्टाफ सदस्यों ने प्रशंसा करते हुए सराहना की।

संस्थान के मैनेजमेंट ने हिमानी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभाशीष आशीर्वाद देते हुए कहा की भविष्य में भी संस्थान अपने छात्र-छात्राओं को खेल के प्रति जागरूक करने एवं सभी समुचित सुविधाएं मुहैया कराने के लिए वचनबद्ध है।




निर्देश

## जनपद में पंचायत भवनों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने के दिये निर्देश

# गौवंश को सर्दी से बचाव के पर्याप्त व्यवस्था की जाएं: हिमांशु

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने गौशाला संरक्षक व ग्राम सचिव को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनपद की संपूर्ण गौशालाओं में साफ सफाई,गोवंश हेतु भूसा-चारा एवं सर्दी से बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। यदि किसी भी गौशाला में गोवंश को लेकर लापरवाही पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## सीडीओ ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

मंगलवार को विकास भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम जिला पंचायत राज विभाग,समाज कल्याण विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग के कार्यों की आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी ने पशु विभाग के कार्यों की जानकारी ली।

मुख्य विकास अधिकारी ने समाज कल्याण विभाग में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने जनपद में पेंशन के लंबित प्रकरणों पर जानकारी की। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने शिव कुमार ने अवगत कराया गया कि जनपद में वृद्धावस्था पेंशन के जो भी लंबित आवेदन रह गए हैं,उनकी जांच कराई जा रही है पेंशन के जो भी आवेदन निरस्त हो गए हैं उनकी पुनः जांच कर करवाई की जा रही है। जिससे आवेदन फार्म निरस्त की जानकारी प्राप्त हो सके। जांच के उपरांत जनपद के पात्र सभी लाभार्थियों को पेंशन उपलब्ध करा दी जाएगी। समाज कल्याण अधिकारी ने सामूहिक विवाह योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आवेदन फार्म प्राप्त कर लिए गए हैं,जिनकी जांच की जा रही है,जांच पूर्ण होने के उपरांत सामूहिक विवाह कराने की तिथि निर्धारित कर ली जाएगी। जिला पंचायत राज विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में पंचायत भवन का निर्माण किन कारणों से रुका हुआ है,इस पर अवगत कराया कि शासन से पंचायत भवन निर्माण हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है। पंचायत भवन निर्माण हेतु टेंडर प्रक्रियाधीन है टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए की जल्द से जल्द पंचायत भवन की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त ग्राम सचिवों को निर्देश दिए कि ग्राम विकास हेतु शासन द्वारा जो भी धनराशि प्राप्त हुई है,उसको जल्द से जल्द विकास कार्य में लगाना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी देवेन्द्र प्रताप,जिला समाज कल्याण अधिकारी शिव कुमार, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डा.ओपी मिश्रा एवं जिला पंचायत राज अधिकारी शिव बिहारी शुक्ला सहित सभी ग्राम सचिव व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# कस्बा धौलाना में हुआ गढ़ेले वाले पीर बाबा का गुणगान, आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पीर बाबा को चढ़ाई चादर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** अगर कुछ मर्तबा चाहे तो कर खिदमत फकीरों की । बला को टाल देती है दुआ रोशन जमीरो की । कस्बा धौलाना के मास्टर भीकम सिंह , रामचन्द्र सिंह के कृषि फार्म के निकट स्थित गढ़ेले वाले पीर बाबा का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया । पीर बाबा के समक्ष कव्वाली आयोजित कर सजदा किया गया । और चादर चढ़ाई गई । जिसमें लोगों ने पीर बाबा की इबादत कर उनका गुणगान किया गया । धौलाना ग्राम प्रधान और कार्यक्रम के मुख्य आयोजक धौलाना ग्राम प्रधान अतीक भाई अहमद ने बताया कि सैकड़ों वर्ष पहले गढ़ेले वाले पीर बाबा की स्थापना कस्बे वासियों के समस्त लोगों द्वारा की गई थी । जहां दोनों समुदाय के लोग बाबा का गुणगान करते है । मंगलवार को सर्वप्रथम इबादत का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें कस्बे की हर जाति समुदाय ने अपनी अपनी भागीदारी देकर एकता की मिशाल पेश की । वही आयोजित भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पीर बाबा का गुणगान किया । कार्यक्रम आयोजन में मुख्य सहयोग बिजली व्यापारी सगीर भाई अहमद, युनुस भाई, शाकिर अहमद, साजिद अहमद, छोटे सूफी, मुश्ताक सूफी, ताहिर शेख टैग, अफजाल सूफी, असलम सैफी, हाफिज आजम, हाफिज आदिल, असलम मालिक, यामीन शेख, शाकिर सिद्दकी, शौकीन डीलर, इकरार अहमद, डा एम लईक, असलम हवारी, सहित समस्त कस्बेवासियों का रहा।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# कांग्रेस को कार्यशैली बदलने की जरुरत



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

नए साल 2025 को कांग्रेस ने संगठन में बदलाव और मजबूती वाला साल कहा है। कर्नाटक के बेलगावी में 26 दिसंबर को आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति की विशेष बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि नए साल में कांग्रेस संगठन में बदलाव करेगी और उसे मजबूत बनाने के लिए काम करेगी। इसका एक प्रत्यक्ष अर्थ तो यह दिखाई देता है कि कांग्रेस अध्यक्ष को कहीं न कहीं इस बात का अंदाजा है कि कांग्रेस का संगठन मजबूत नहीं है और लगातार हो रही चुनावी हार के पीछे यह एक कारण है। अगर देश की मुख्य विपक्षी पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए काम करती है तो यह लोकतंत्र के लिए भी अच्छा होगा। परंतु सवाल है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने किस तरह के बदलाव की बात की और संगठन को मजबूत करने के लिए किस तरह की पहल की योजना उनके पास है? यह सवाल इसलिए है क्योंकि संगठन में बदलाव का शाब्दिक अर्थ तो यह है कि नए चेहरे लाना और नए लोगों को जिम्मेदारी देना। लेकिन कांग्रेस संगठन की समस्या यह नहीं है। सिर्फ चेहरे बदल देने से कांग्रेस के संगठन में मजबूती नहीं आने वाली है। मजबूती के लिए चेहरों के साथ साथ पूरी कार्यशैली को बदलने की जरुरत होगी। क्या कांग्रेस उसके लिए तैयार है? अगर शाब्दिक अर्थों में कांग्रेस के संगठन में बदलाव की बात करें तो वह भी बहुत जरूरी है क्योंकि मोटे तौर पर कांग्रेस का संगठन, खासकर प्रदेशों में बहुत कमजोर है या है ही नहीं। यह सचमुच हैरान करने वाली बात है कि कई राज्यों में कांग्रेस का संगठन ही नहीं है। जैसे ओडिशा में छह महीने से कांग्रेस कमेटी नहीं है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बेहद खराब प्रदर्शन के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जुलाई में ओडिशा की प्रदेश कमेटी भंग कर दी थी। इसके तीन महीने बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल के नेता चरणदास महंत की अध्यक्षता में ओडिशा में कांग्रेस नेतृत्व व संगठन की मजबूती के बारे में सुझाव देने के लिए एक कमेटी बनी थी। अभी तक उसकी रिपोर्ट नहीं आई है।

सो, छह महीने से ओडिशा में संगठन नहीं है। इसी तरह नवंबर के पहले हफ्ते में यानी दो महीने पहले हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भंग कर दिया गया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आदेश जारी किया और प्रदेश से लेकर जिला व प्रखंड स्तर तक की सारी कमेटियां भंग कर दी गईं। इसके एक महीने बाद यानी दिसंबर में उत्तर प्रदेश में प्रदेश से लेकर जिला व प्रखंड तक की कमेटियां भंग कर दी गईं। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद महाराष्ट्र व हरियाणा में भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी भंग करने की बात चली है। इतना ही नहीं बिहार में करीब दो साल से प्रदेश कमेटी का गठन ही नहीं हुआ है। सितंबर में शुभंकर सरकार पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष बने लेकिन उनकी भी कमेटी नहीं बन पाई है। झारखंड में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अध्यक्ष बने केशव महतो कमलेश भी अपनी कमेटी नहीं बना पाए हैं। सो, बदलाव का एक मतलब तो यह है कि जिन राज्यों में संगठन भंग कर दिया गया है वहां नए अध्यक्ष की नियुक्ति हो और प्रदेश से लेकर जिला व प्रखंड स्तर तक कांग्रेस कमेटियों का गठन हो। दूसरा मतलब यह है कि जिन राज्यों में अध्यक्ष बन गए हैं लेकिन महीनों से उनकी कमेटियों का गठन नहीं हो पाया है वहां नई कमेटियों का गठन किया जाए और तीसरा अर्थ यह है कि जिन राज्यों में कांग्रेस हाल में हारी है वहां अगर बदलाव करना है तो वह जल्दी हो ताकि पार्टी का संगठन काम शुरू कर सके। कुछ राज्यों में कांग्रेस को संगठन के साथ साथ और भी फैसले करने हैं। जैसे कांग्रेस ने हरियाणा और महाराष्ट्र में विधायक दल के नेता का नाम तय नहीं किया है।

# आनन्द प्राप्ति के सोपान

मनुष्य का स्वभाव ही सुख अथवा आनन्द में रहना। हम सभी हर पल, हर घड़ी आनन्द में रहना, जीना चाहते। इसी कारण हम हर पल आनन्द में लगे रहते हैं। आनन्द प्राप्ति के लिए अच्छा खाते हैं, अच्छा पहनते हैं. अच्छा घर में रहकर अच्छा सजाकर रखना भी आनन्द ही है । इसी प्रकार, कई मनुष्यों को पढ़ने में आनन्द आता है, किसी को लिखने में। कोई चापलूसी करने में आनन्द प्राप्त करता है, तो किसी को चापलूसी करवाने में आनन्द की प्राप्ति होती है। लेकिन जितना हम आनन्द पाने के लिए भाग-दौड़ करते हैं, छटपटाते हैं, आनन्द उतना ही हमसे दूर भागता है। फिर कैसे प्राप्त करें आनन्द ? जीवन को कैसे खुशियों से भरे ?

आनन्द क्या है ? इसे इसे कैसे जाना जाता है? क्या वर्तमान में हम जी रहे हैं, तो इसमें आनन्द नहीं है क्या? ऐसे कई प्रश्न हमारे मस्तिष्क में आते हैं। वास्तव में आनन्द एक ऐसी अनुभूति है जो अंतक्ष की गहराइयों में महसूस होती है। आनन्द वह है, जो मनुष्य को या हर प्राणी को मन के अन्दर तथा शारीरिक रूप से आंतरिक सुख व शांति से भी ऊपर कर अहसास होता है, वह आनन्द है। आनन्द दुख नहीं होने की दशा में सुख है, लेकिन सुखी होने का अर्थ आनंदित होना नहीं है। आनन्द तो सुख की दशा में होने वाला वह अतिरिक्त भाव है, जो चित्त को प्रसन्न एवं तरोताजा कर परमात्मा से एकाकार होने को प्रवृत्त करता है। यहां यह स्पष्ट है कि किसी कम्पनी के वार्षिक लाभ में से कर्मचारियों को नियमित वेतन के बाद लाभ का हिस्सा दिया जाता है, जिसे बोनस कहते है, उसमें ही अधिक आनन्द आता है। इसी प्रकार, आनन्द सुख की दशा में अतिरिक्त सुख प्राप्त होने वाला बोनस ही आनन्द होता है।

आनन्द के लिए धन की नहीं, मन की आवश्यकता होती है। आनन्द दिल की गहराई से निकलने वाला सुख होता है। अपने आसपास के परिवेश में सूक्ष्म निरीक्षण करें, तो कई आश्चर्यजनक तथ्य प्रकट होंगे। मनुष्य अपनी मर्जी का मालिक होता है। आनन्द लेने के लिए जैसे किसी को फूल चुनने में आनन्द आता है, किसी को सब्जी सुधारने में भी आनन्द आता है, तो किसी को घर की बालकनी में बैठकर सड़क पर आने-जाने वाले व्यक्तियों, वाहनों को देखकर आनन्द लेते हैं। इस तरह की छोटी-छोटी बातें किसी के जीवन में आनन्द का सृजन कर सकती है। आनन्द अकल्पनीय है. आनन्द अनायास है, आनन्द अयाचित है, आनन्द अनन्त है। आनन्द प्राप्ति के निम्न सूत्र हो सकते हैं-

(1) आनन्द का सीधा सम्बन्ध है सहजता और सरलता से। हम जितने सहज और सरल होंगे, उतना ही हम अधिक आनन्द में रह सकेंगे ।

(2) सच्ची खुशी या आनन्द पाने के लिए बाहर तलाश करने के बजाय उसे अपने अंदर खोजो। आनन्द का वास्तविक स्त्रोत आपके भीतर ही है।

(3) सकारात्मक विचारों से ओत-प्रोत मनही सच्चा



डॉ. बी.आर. नलवाया
पूर्व विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक
वाणिज्य राजीव गांधी शासकीय
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर
(म.प्र.)

आनन्द प्रदान करने में सक्षम है।

4) खुशियां तो हमारे चारों और बिखरी पड़ी है, इसके लिए पार्क में दौड़ने या टहलने चले जाए. ( वहां प्रकृति की प्रदत्त पेड़-पौधे, फूल-पत्तियाँ, सब आपसे मिलने को वैचेन है। रुकिए, जरा उनसे मिलिए, सचमुच आनन्द आएगा ।

(5) बच्चों के साथ दुकान पर जाते हैं। बच्चा कहता है, वह नहीं लेना, आप वही दिलवाते हैं. जो आपको अच्छा लगता है। क्या आपको आनन्द की प्राप्ति होगी, नहीं ? वास्तव में सच्चा आनन्द दूसरों को आनन्दित करने में है।

(6) किसी मजदूर या अन्य जैसे कूरियर वाले को भरी दुपहरी में आपके घर के दरवाजे की घंटी बजाता है, उसे एक गिलास पानी पीला दो, जो प्यासा होने पर आपसे मांगने पर झिझकता है, उसे पानी पिलाने का सही में कितना आनन्द आएगा ।

(7) किसी भिक्षुक को घर के बाहर बरामदे में ही सही अपने हाथों से भोजन करा के देखिए, कितनी तृप्ति मिलेगी आपको ? क्या यह सच्चा आनन्द नहीं होगा ?

(8) दूसरों की प्रशंसा करना सीखें एवं प्रशंसा कर-के उनका मनोबल बढ़ेगा, तो वह बहुत प्रसन्न होगा, इससे आपको आत्मसंतुष्टि का आनन्द आयेगा ।

(9) कुछ समय आप ध्यान, पूजा पाठ में भी रूचि लेवें। इससे मन को शांति मिलेगी, इससे घर का वातावरण शुद्ध होगा, मन निश्चित ही प्रसन्न होगा, वही आनन्द की अनुभूति होगी।

(10) कभी भी किसी दूसरे व्यक्ति से ईर्ष्या न करें। इससे आप कभी भी घबरायेंगे नहीं, हर दम अच्छा अनुभव करते रहेंगे ।

(11) आत्मविश्वास से बढ़कर दूसरी कोई शक्ति नहीं है। अपनी क्षमताओं, योग्यताओं, सामर्थ्य एवं संभावनाओं को पहचानों और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ो। जैसे-जैसे सफलता मिलेगी रहेगी, जीवन जीने का आनन्द आता रहेगा।

(12) राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम बचपन से अखबार बांटा करते थे। उनका सपना एरोनाटिकल इंजीनियर बनने का। अंतरिक्ष विज्ञान में असाधारण शोध का कार्य किया और सफलता मिली। यह उनकी ऊंची कल्पना और ऊंची उड़ान भरने का आनन्द उन्हें हासिल किया।

(13) मन की शक्ति अपार है। उसे पहचाने, आपका मनोबल ही आपको सफलता की मंजिल तक ले जायेगा। किसी काम को करने की मन में ठान लें, उसमें जी जान कर पूरा करे, उससे आनन्द की प्राप्ति निरंतर बनी रहेगी ।

(14) एकाग्रता, इच्छाशक्ति एवं कर्मठता के होते हुए भी यदि मनुष्य प्रयत्नशील नहीं रहता, तो सफलता प्राप्त नहीं होती है। इसलिए आनन्द में जीने के लिए सतत प्रयास की आवश्यकता है।

(15) आपकी बातचीत से, आपके व्यवहार से, आपके हावभाव से लोगों को प्रसन्नता का संचार होगा, तो आपके आते ही लोगों के चेहरे खिल जाएंगे। आपको सभी आदर सत्कार करेंगे, तो निश्चित ही आपके मन को अच्छा सुकून मिलेगा ।

आनन्द बहुत अधिक धन-दौलत, शोहरत और बड़ी-बड़ी उपलब्धियों में तो है ही, परन्तु रोजमर्रा की छोटी-छोटी चीजों और घटनाओं में ज्यादा है। हर व्यक्ति को अपनी आंतरिक शक्ति को जगाकर आनन्द का अनुभव करना चाहिए। आत्मा का आनन्द सदा आपका है और आप असर पाएंगे कि इसे आसानी से पा सकते है। दुख का मूल कारण बाहरी संसार में नहीं, आपके भीतर बसे अहं में है। अहं ही सारी अप्रसन्नता का मूल है। इसी से सारी समस्याएं जन्म लेती है।

प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्येक क्षण और गौरव के साथ जीवन जीने का आनन्द लेते रहना चाहिए । आनन्द के लिए जो उचित बने, वही करो, जैसे- मधुर संगीत पीने के लिए क्रोध, निगलने के लिए अपमान, खाने के लिए गम, व्यवहार के लिए नीति, लेने के लिए ज्ञान, देने के लिए दान, जीतने के लिए प्रेम, धारण करने के लिए धैर्य, तृप्ति के लिए संतोष, त्यागने के लिए लोभ, करने के लिए सेवा, प्राप्त करने के लिए यश, फेंकने के लिए ईर्ष्या, छोड़ने के लिए मोह, रखने के लिए इज्जत और बोलने के लिए सत्य।

एक दूसरे के लिए जीने का नाम ही जिन्दगी है। इसलिए वक्त दो उन्हें जो दिल से तुम्हें चाहते हैं। सबका ख्याल रखना, पर अपना भी ख्याल रखना । हमेशा मुस्कराते रहना। कभी अपने लिए, कभी अपनों के लिए ।

# तुमसे मेरा जीवन

इन सुंदर प्रेम लफ्जों में पिरोदूं तुम्हें,
"आनंद" संगीत सुमधुर गुनगुनाऊं,
तुम्हारे चाहत की सच्ची प्रीत पिया,
ये प्यारा बंधन खुशी से मैं निभाऊं ।

कभी रूठ गए जो तुम गर मुझसे,
प्यार के मीठे-मीठे बोल सुनाऊं,
तुमसे ही है मेरा जीवन जगमग,
तुम्हें इसका प्यारा एहसास कराऊं ।

तुम्हारे गमों में सहभागी बन हरदम,
हिम्मत और हौसला दे कदम बढ़ाऊं,
जिंदादिली से अपनी जीवन बगिया का,
हर कोना इन्द्रधनुषी रंगों से सजाऊं ।

हाथों में तुम्हारा हाथ थाम पिया जी,
जीवन का सुख-दुख संग जीती जाऊं,
सज-धज सोलह साज श्रृंगार मनोहर,
घर आंगन ढेरों खुशियां नित बिखराऊं ।

ईश्वर से तुम्हारे मंगल की करूं प्रार्थना,
दुनिया की बुरी नजरों से सदा बचाऊं,
व्रत, उपवास करूं चितमन से मैं सारे,
तुम्हारी जीवनसंगिनी प्रियतमा कहलाऊं ।



मोनिका डागा "आनंद", चेन्नई, तमिलनाडु

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# आप का क्या होगा जनाबे आली...



राधा रमण

दिल्ली विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने घोषणा कर दी है कि दिल्ली में मतदान 5 फरवरी को और नतीजे 8 फरवरी को घोषित किये जाएंगे। हालांकि इससे पहले ही दिल्ली की सियासत में आरोप- प्रत्यारोप और गाली- गलौच का दौर शुरू हो गया है। लगातार तीन बार से सत्ता का सुख भोग रही आम आदमी पार्टी इस बार चौतरफा घिरती नजर आ रही है। लेकिन विपक्ष के अनर्गल बोल कहीं 'आप' के लिए मददगार न बन जाएं। दिल्ली देश की राजधानी है और यहां के लोग शालीनता पसंद हैं। बहरहाल, इस आलेख में हम आम आदमी पार्टी पर बात करेंगे। महज 12 साल पुरानी आम आदमी पार्टी (आप) एक बार फिर इतिहास रचने की राह पर है। 26 नवंबर 2012 को प्रख्यात समाजसेवी अन्ना हजारे के इण्डिया अगेंस्ट करप्शन की कोख से निकली इस पार्टी ने एक साल बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में 28 सीटें जीतकर न सिर्फ सरकार बनाई बल्कि देश की सबसे पुरानी पार्टी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और देश की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को घुटनों के बल चलने को मजबूर कर दिया था। और तो और, तीन बार की मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। हैरत तो तब हुई कि जिस कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़कर आम आदमी पार्टी विजेता बनी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से दूर रखने के लिए उसी कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को मुख्यमंत्री पद के लिए बिना शर्त समर्थन दे दिया। तब भाजपा को 32, कांग्रेस को 8 और आम आदमी पार्टी को 28 सीटों पर विजय मिली थी। राजनीतिक प्रेक्षक कहते हैं कि उसी समर्पण अथवा समर्थन के कारण पिछले 12 साल से कांगेस एक अदद सीट के लिए दिल्ली में तरस रही है। हालांकि कांग्रेस के समर्थन से मुख्यमंत्री बने आम आदमी पार्टी के मुखिया (संयोजक) अरविन्द केजरीवाल ने नाटकीय तरीके से कांग्रेस और भाजपा को कोसते हुए 49 दिन बाद ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उस समय केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा के लोग उन्हें काम नहीं करने दे रहे। जान-बूझकर अड़ंगा लगा रहे हैं। तब उन्होंने यह भी कहा था कि ह्यउनकी अपनी कोई विचारधारा नहीं है। अगर वामपंथी पार्टियां जनता की भलाई का काम करेंगी तो वह वामपंथी हो जाएंगे। इसी तरह अगर दक्षिणपंथी पार्टी जनता की भलाई करेगी तो वह दक्षिणपंथी हो जाएंगे। उन्हें तो बस जनता से मतलब है। आम आदमी पार्टी का गठन जनता ने, जनता की भलाई के लिए किया है। मुझे न तो बड़ा बंगला चाहिए न बड़ी गाडी। मैं तो केवल आम आदमी हूं और आम आदमी की भलाई चाहता हूं। मुझे पद का भी कोई लालच नहीं है ह्य जनता को और क्या चाहिए था? वह झांसे में आ गई। झूम उठी। इस बीच अरविंद केजरीवाल की सरकार ने मुफ्त बिजली और मुफ्त पानी की घोषणा करके जनता के दिलों में अपनी जगह बना ली थी। उन्होंने मुफ्त चिकित्सा और सरकारी स्कूलों में उच्चकोटि की शिक्षा का वादा करके जनता को सम्मोहित कर दिया था। नतीजतन बाद के चुनाव में आम आदमी पार्टी का चुनाव चिह्न ह्यझाड़ूह्न लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगा। 2015 में जब चुनाव के परिणाम आये तो दिल्ली विधानसभा की कुल 70 सीटों में से 67 पर आम आदमी पार्टी ने विजय पताका फहरा ली थी। भारतीय जनता पार्टी 32 से सिमटकर 3 पर आ गई थी और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था। देश की राजधानी दिल्ली के राजनीतिक पंडित हक्का-बक्का थे।

## बुधवार का राशिफल

**मेष** — तलाक केस कोर्ट में फाईल करेंगे, घर में कुछ ऐसा घटेगा जिससे तनाव बढ़े, अच्छा करने पर भी कुछ सुनना पड़ेगा, नशे का सेवन बढ़ सकता है। भाग्य प्रतिशत-49

**वृषभ** — अंतरमन ईश्वर के प्रति लगेगा, संतान व्यवसाय करने के लिए पैसा मांग सकती है, नए लोगों से मित्रता करते समय थोड़ा ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-64

**मिथुन** — ट्रैवल में सेहत बिगड़ना चोट सम्भव है ध्यान रखें, संतान की शिक्षा के प्रति लापरवाही करेगी, व्यवसाय में लोग खराब माल की शिकायत करेंगे। भाग्य प्रतिशत- 48

**कर्क** — शिव भक्ति में मन लगेगा, ठंड लग सकती है ध्यान रखें, किसी फील्ड को छोड़कर मनचाहे काम में जाना चाहेंगे। भाग्य प्रतिशत-63

**सिंह** — कंधे और सर में परेशानी अनुभव होगी, बहसबाजी और उग्रता से बचें, अध्यापन, सलाहकार, धार्मिक कार्य से धन मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-58

**कन्या** — नए और प्रोफेशनल लोगों से मित्रता होगी, क्रिएटिव लेखन से करियर की उन्नति होगी, बुरी आदत अपनाने से पहले विचार करे। भाग्य प्रतिशत-67

**तुला** — जीवन साथी के करियर शुरू करने को लेकर बहस हो सकती है, अपने सुख को खुद खराब ना करे, छाती से उपर शारीरिक परेशानी सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-47

**वृश्चिक** — दान पुण्य वाले कर्म करेंगे, प्रोफेशनल स्तर पर कुछ विरोध हो सकता है, काम रुक रुक कर पूरे होंगे। भाग्य प्रतिशत-50

**धनु** — जरुरत से अधिक खर्च ना करें, राजनीति, सरकारी तंत्र में है तो प्रभाव बढ़ेगा, पत्नी की स्वास्थय समस्या पर ध्यान दे, इंटरव्यू पर जाने की तैयारी करेंगे। भाग्य प्रतिशत-68

**मकर** — टैलेंट को मनवाकर मानेगे, आर्थिक लाभ शायद अटक कर होगा किसी काम में सरकारी पेनल्टी ना लगे ध्यान दे, विदेश के लोगों से बातचीत उत्तम रहेगी। भाग्य प्रतिशत-53

**कुंभ** — परिवार में खुशी प्रसन्नता का माहौल रहेगा, नई नौकरी मिल सकेगी, फैक्ट्री, गोदाम, दुकान है तो उससे लाभ होगा, शिक्षा पर ध्यान दे। भाग्य प्रतिशत-74

**मीन** — स्वास्थ्य में सुधार होगा, कन्या संतति की प्राप्ति सम्भव है, इच्छित विवाह की स्वीकृति मिलेगी, ज्वेलरी लेने की इच्छा होगी। भाग्य प्रतिशत-75



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# सुधार के बावजूद संकटों से घिरा भारतीय विमानन क्षेत्र

भारत का विमानन क्षेत्र, जो वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है, आर्थिक विकास और कनेक्टिविटी में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के तहत एक मजबूत नियामक ढांचे के बावजूद, कोझीकोड (2020) में एयर इंडिया एक्सप्रेस दुर्घटना जैसी बार-बार होने वाली घटनाएँ विमानन सुरक्षा में प्रणालीगत चुनौतियों को उजागर करती हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाने और यात्रियों का भरोसा सुनिश्चित करने के लिए इन मुद्दों पर विचार करना महत्त्वपूर्ण है। चिंतनीय स्थिति यह है कि अभी चाहे इंडिगो, स्पाइसजेट और गोएयर जैसी प्राइवेट कंपनियाँ हों या एयर इंडिया जैसी सरकारी कंपनी, लगभग सभी एयरलाइंस वित्तीय मोर्चे पर लगातार संघर्ष कर रही हैं। बोइंग 737 मैक्स विमानों को परिचालन से हटा दिये जाने के कारण स्थिति और भी खराब हो गई है। भारतीय विमानन बाजार में विमान किराए तेजी से बढ़ रहे हैं। इस कारण मध्यम वर्ग के यात्री जो इकोनॉमी क्लास में यात्रा करते थे, वे अब ट्रेन से यात्रा को तरजीह दे रहे हैं।

भारत का विमानन बाजार वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाले बाजारों में से एक है, जिसमें हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ रही है और हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे का विस्तार हो रहा है। दिल्ली के टर्मिनल 3 और बैंगलोर के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे जैसे आधुनिक हवाई अड्डों का निर्माण मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास को दशार्ता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ऑपरेटरों और विमानों के लिए सुरक्षा अनुपालन और प्रमाणन सुनिश्चित करता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की वार्षिक सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट एयरलाइनों और हवाई अड्डों के परिचालन मानकों का मूल्यांकन करती है। भारत अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन अनुलग्नक 13 पर हस्ताक्षरकर्ता है, जो दुर्घटनाओं की जांच और वैश्विक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करता है। कोझिकोड दुर्घटना (2020) के बाद, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन-अनुरूप सुरक्षा ऑडिट किया और सुधारात्मक दिशा-निर्देश जारी किए। प्रमुख भारतीय वाहकों ने सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए उन्नत सुरक्षा सुविधाओं वाले आधुनिक विमानों को अपनाते हुए अपने बेड़े का विस्तार किया है। इंडिगो एयरलाइंस एयरबस ए320नियो का संचालन करती है, जो ईंधन दक्षता और सुरक्षा उन्नयन के लिए जानी जाती है। 2016 की राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति विकास, क्षेत्रीय संपर्क और विमानन बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। उड़ान योजना ने सब्सिडी और प्रोत्साहन के माध्यम से क्षेत्रीय हवाई यात्रा को सुलभ बनाया। बार-बार होने वाली विमानन सुरक्षा घटनाओं की चुनौतियों में रनवे भ्रम सबसे पहले है। पायलटों को अक्सर टैक्सीवे और रनवे के बीच अंतर करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे गलत सतहों पर टेकऑफ या लैंडिंग होती है। मोपा घटना (2024) और सुलूर



प्रियंका सौरभ

एयर बेस घटना (1993) बार-बार होने वाले रनवे भ्रम को उजागर करती हैं। उड़ान और ड्यूटी समय विनियमों के अपर्याप्त कार्यान्वयन से चालक दल थक जाता है, जिससे निर्णय लेने और परिचालन सुरक्षा से समझौता होता है। कोझिकोड दुर्घटना में पायलट थका हुआ था, जिसके कारण कैप्टन पर बाद की उड़ानों को संचालित करने का दबाव था। एयरलाइंस रनवे मार्किंग और एप्रोच प्रोटोकॉल पर पर्याप्त पायलट प्रशिक्षण प्रदान करने में विफल रही, जिसके कारण बार-बार गलतियाँ हुईं। स्पाइसजेट विमान (2020) को रनवे एप्रोच तकनीकों के अनुचित ज्ञान के कारण कठिन लैंडिंग का सामना करना पड़ा। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के ऑडिट अक्सर हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे और संचालन में महत्त्वपूर्ण सुरक्षा अंतराल की पहचान करने या उन्हें सम्बोधित करने में विफल रहते हैं। मुंबई (2019) और हुबली (2015) जैसे हवाई अड्डों पर ओवररन अपर्याप्त सुरक्षा उपायों के परिणामस्वरूप हुए। ऑन-टाइम परफॉरमेंस पर अत्यधिक जोर पायलटों को सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी करते हुए जोखिम भरे निर्णय लेने के लिए मजबूर करता है। मंगलुरु दुर्घटना (2010) दबाव के कारण हुई, जिसमें पायलट ने गो-अराउंड चेतावनियों को खारिज कर दिया। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ संरेखित करने के लिए व्यापक सुधार पायलट प्रशिक्षण में वृद्धि, एयरलाइंस को रनवे भ्रम और स्थिर दृष्टिकोण जैसे परिदृश्यों के लिए सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण में सुधार करना चाहिए। सिंगापुर एयरलाइंस ने ताइवान दुर्घटना (2000) के बाद पायलट प्रशिक्षण को संशोधित किया, ताकि इसी तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। चालक दल की ड्यूटी सीमा के लिए वैश्विक मानकों को लागू करें और बिना किसी समझौते के अनुपालन को लागू करें। यू.एस. संघीय उड्डयन प्रशासन ने उड़ान चालक दल के लिए सख्त विश्राम अवधि अनिवार्य की है, जिससे थकान से होने वाली गलतियाँ कम होती हैं। पारदर्शिता और सीखने को सुनिश्चित करने के लिए दुर्घटना की जाँच के लिए एक स्वतंत्र निकाय की स्थापना करें। यू.एस. में राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड विमानन घटनाओं की निष्पक्ष जाँच सुनिश्चित करता है। अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठनमानकों को पूरा करने के लिए रनवे मार्किंग, नेविगेशन एड्स और लाइटिंग सिस्टम सहित हवाई अड्डे के बुनियादी ढाँचे को अपग्रेड करें। सिंगापुर और दुबई में आधुनिक हवाई अड्डे (इंजीनियर्ड मैटेरियल अरेस्टिंग सिस्टम) जैसी उन्नत प्रणालियों के साथ सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। पायलटों को दोष देने से हटकर न्यायपूर्ण संस्कृति को बढ़ावा देना, प्रतिशोध के डर के बिना त्रुटि रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करना। अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की वैश्विक विमानन सुरक्षा योजना एक प्रमुख प्राथमिकता के रूप में सुरक्षा संस्कृति पर जोर देती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि विमानन सुरक्षा वैश्विक मानकों के अनुरूप हो, भारत को एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, नियामक निरीक्षण को बढ़ाना, उन्नत तकनीक में निवेश करना और कौशल विकास को प्राथमिकता देना, घटना रिपोर्टिंग तंत्र को मजबूत करना, सुरक्षा-प्रथम संस्कृति का निर्माण करना और अंतर्राष्ट्रीय निकायों के साथ सहयोग करना इस क्षेत्र को भविष्य के लिए सुरक्षित बनाएगा, यात्रियों का विश्वास, परिचालन उत्कृष्टता सुनिश्चित करेगा ।

# मदरसा फैजाने गौशुल बरा में सुल्तान उल हिंद ख्वाजा गरीब नवाज का 813 वा उर्स का कुल शरीफ मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (शाहिद अल्वी)।** क्योलडिया कस्बा के मदरसा फैजाने गौशुलवरा में मंगलवार को हिंद के राजा सुल्तान उल हिंद मोइनुद्दीन हसन चिश्ती गरीब नवाज का 813 वा उर्स का कुल शरीफ मनाया गया कुल शरीफ में मौलाना बिलाल रजा ने गरीब नवाज की शान में तकरीर की और नातो मनकबत पड़ी मौलाना साजिद रजा ने भी नातो मनकबत और गरीब नवाज की शान में तकरीर की और उनके बताए रास्ते पर चलने की अपील की इसके बाद सलातो सलाम पढ़ा गया और फिर कुल शरीफ की फातिहा हुई जिसमें मुल्क की खुशहाली और अम्नो सुकून की दुआ मांगी गई इस दौरान हाफिज कमालुद्दीन, हाफिज सहाबुद्दीन, क्षेत्र पंचायत सदस्य लाल मोहम्मद, गौस मोहम्मद, मो हसन, मौलाना जब्बार, गुल मोहम्मद, मो० हसनैन,डा०हारून,डा०बाहिद अल्वी, रहीश अहमद समेत सैकड़ो लोगों ने गरीब नवाज के कुल शरीफ में शिरकत की।



# आंगनबाड़ी केंद्रों में रहेगा शीतकालीन अवकाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कान्त ने जिलाधिकारी के आदेशों के क्रम में अवगत कराया है कि अत्यधिक सर्दी के कारण जिन तिथियों में प्राथमिक विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जाएगा, उन तिथियों में आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी 03 से 06 वर्ष के बच्चों का अवकाश रहेगा। उन्होंने यह भी बताया है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में 03 से 06 वर्ष के बच्चों को टीएचआर के रूप में पोषाहार वितरण किया जाएगा और आंगनबाड़ी केंद्रों पर सामुदाय आधारित गतिविधि, ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस, आधार व मोबाइल सत्यापन, टीएचआर के रूप में पोषाहार वितरण निर्धारित तिथियों में पूर्व की भांति की होता रहेगा।

# पुलिस ने वारंटी अभियुक्त किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना चन्दौसी पुलिस द्वारा धारा मु0नं0 1608/23 धारा 138 एनआई एक्ट में वारण्टी अभियुक्त शोभित वार्ष्णेय पुत्र कृष्ण कुमार वार्ष्णेय निवासी शान्तिवन कालोनी घटलेश्वर गेट (घटिया गेट) थाना चन्दौसी जनपद सम्भल को अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संदीप कुमार शर्मा कांस्टेबल मुकुल कुमार,रवि कुमार आदि।



# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य हिमानी अग्रवाल 08 जनवरी को महिलाओं से संबंधित समस्याओं की करेगी जनसुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य हिमानी अग्रवाल आगामी 08 जनवरी 2024 को सुबह 11:00 से कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हितार्थ संचालित की जा रही योजनाओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक तथा महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई करेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सर्वसाधारण से कहा कि आगामी 08 जनवरी 2024 को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में महिलाओं से संबंधित समस्याओं के निवारण हेतु अवश्य प्रतिभाग करें।

**महिलाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ करेंगी समीक्षा बैठक**

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बहजोई में क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय में सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल के दो खिलाड़ी और अंकुश ताइक्वांडो क्लब के चार खिलाड़ियों को क्रीड़ा अधिकारी द्वारा सर्टिफिकेट व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। पूर्व में 13 से 15 दिसम्बर 2024 को हरिद्वार गुरु मंडलम आश्रम में हुई 31f एकलव्य कप ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया इस चैंपियनशिप में सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल व सुभाष रोड स्थित किड्स ताइक्वांडो अकादमी के चार खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया । जिसमें 3 स्वर्ण 2 रजत 1कांस्य पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों के नाम सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल शुभ संस्कार स्वर्ण पदक,पार्थ शर्मा रजत पदक, और सुभाष रोड स्थित किड्स ताइक्वांडो अकादमी मोहम्मद अफ्फान स्वर्ण पदक,श्रेय गोयल स्वर्ण पदक, कार्तिक सिंघल रजत पदक और विधि गोयल ने कांस्य पदक पर कब्जा किया। इस चैंपियनशिप में 13 राज्य ने प्रतिभाग किया। चैंपियनशिप का आयोजित बी एस मार्शल आर्ट अकादमी टूंडला और एकलव्य ताइक्वांडो अकादमी आगरा उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान अंकुश ताइक्वांडो क्लब कोच अंकुश राणा उपस्थित रहे।



# पॉलीटेक्निक कालेज में कराई गई प्रिंटिंग साइंस, एनर्जी कंजर्वेशन और इंजीनियरिंग ग्राफिक्स की परीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के बदायूं रोड स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक में, विषम सेमेस्टर की परीक्षा के 13 वें दिन प्रिंटिंग साइंस, एनर्जी कंजर्वेशन और इंजीनियरिंग ग्राफिक्स की परीक्षा कराई गई, जिस में कुल 73 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिन में से 70 बच्चों ने परीक्षा दी। द्वितीय पाली मे फार्मासिस्ट -कक्क स्ट्रक्चर मैकेनिक्स, इंडस्ट्रियल मैनेजमेंटम एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट, एवम् फामेर्सी लॉ एंड एथिक्स विषयों की परीक्षा में कुल 119 में से 116 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा केंद्र पर केंद्र अधीक्षक वरश्री गंगवार, एवम् सहायक केंद्र अधीक्षक के रूप में हुमा सिद्दीकी, सुनील कुमार, एवम् रोहित कुमार मौजूद रहे। आंतरिक उड़ाका दल में धर्मपाल सिंह, मेघा शर्मा,एवम मनोज कुमार सिंह की देख रेख में परीक्षा संपन्न हुई।



# सुल्तान उल हिंद ख्वाजा गरीब नवाज का कुल शरीफ मनाया गया मुल्क में खुशहाली और अमनो सुकून की दुआ मांगी गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (शाहिद अल्वी)।** क्योलड़िया रिछोला मे खानकाह रियासती इस्हाकी अहमदी हसनी अजीजी में आज जश्ने गरीब नवाज बड़ी अकीदत और मोहब्बत के साथ मनाया गया 813 बा उर्स खानकाह में बाद नमाजे फजर कुरान खानी हुई इसके बाद कुल शरीफ शुरू हुआ जिसमें उलेमाओं ने नातो मनकबत और ख्वाजा गरीब नवाज की शान में तकरीर की ठीक 12:00 बजे कुल शरीफ की खुसुसी दुआ की गई जिसमें मुल्क में अम्नो सुकून और खुशहाली की दुआ मांगी गई इसके बाद कव्वालों ने रंग पड़ा इसके बाद लंगर तकसीम किया गया जश्ने गरीब नवाज खानकाह के सज्जाद नशीन हजरत सूफी रियासत हुसैन शाह उर्फ मुन्ने मियां की जेरे कयादत में मनाया गया इस दौरान सूफी नवाब मियां सूफी जफर मियां सूफी हाफिज तस्लीम मियां सूफी मंजूर अहमद सूफी मोहम्मद हसन अजरा अंसारी मोहम्मद यूनुस उर्फ गुड्डू मोहम्मद यामीन महमूद हसन सूफी ताजुद्दीन सूफी नजमुल हसन समेत सैकड़ो लोगों ने जश्ने गरीब नवाज में शिरकत की।



# बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट वालों का अभियान चलाकर होगा चालान, 11 से 31 जनवरी से चलेगा विशेष अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** बिना सीट बेल्ट और बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों का विशेष अभियान चलाकर चालान किया जाएगा। यातायात विभाग 11 से 31 जनवरी तक यह विशेष अभियान चलाएगा। सड़क हादसों से होने वाली मौतों में कमी लाने के उद्देश्य से निदेशालय ने यह तैयारी शुरू कर दी है। शराब पीकर, तेज गति, विपरीत दिशा में वाहन चलाने, नो पार्किंग और नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई पूरे जनवरी माह में होगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में सड़क हादसों में कमी लाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने और यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके बाद यातायात निदेशालय ने कार्ययोजना तैयार कर सभी पुलिस कमिश्नर और पुलिस कप्तानों को भेजा है।

इसमें एक से 31 जनवरी तक अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था'यातायात विभाग प्रदेश में 11 से 31 जनवरी तक चलेगा विशेष अभियान मुख्यमंत्री ने सड़क हादसों में होने वाली मौतों में 50 फीसदी की कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित करने के बाद सभी जिलाधिकारियों को इस बाबत दिशा-निर्देश भेजे हैं। इसमें जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करने और एक्शन प्लान तैयार करने को कहा गया है। साथ ही 6 से 10 जनवरी तक सभी जिलों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया है। इसमें आम लोगों को फूल देकर सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करने को कहा गया है।

# शराब के नशे में युवक ने पत्नी की हत्या की झूठी सूचना दी पुलिस को, लगाई फटकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह)।** युवक ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने की झूठी सूचना पुलिस को दे दी। जिससे पुलिस के बीच हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस जानकारी में जुटी है।

चांदपुर थाना क्षेत्र का एक गांव निवासी युवक अपनी पत्नी के साथ शहर के एक मोहल्ला में किराए के मकान में रहता है। वह मजदूर करके परिवार का पालन-पोषण करता है। मंगलवार की शाम करीब चार बजे युवक ने शराब के नशे में अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने की झूठी सूचना डायल 112 पुलिस को दे दी। सूचना मिलने पर डायल 112 व थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी की तो घटना झूठी निकली। जिससे नाराज होकर पुलिस ने युवक को जमकर फटकार लगाई। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि हत्या की सूचना मिली थी लेकिन मौके पर जाकर देखा तो यह सूचना झूठी निकली पति-पत्नी दोनों ठीक है।

# विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) का हुआ अंतिम प्रकाशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता 01 जनवरी,2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन मंगलवार को प्रदेश के समस्त पदाभिहित/मतदेय स्थलों पर किया गया है।

जो प्रदेश के कुल 394 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का 29 अक्टूबर, 2024 से 28 नवम्बर, 2024 तक तथा उप निर्वाचन-2024 से आच्छादित 09 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों (16-मीरापुर, 29-कुन्दरकी, 56-गाजियाबाद, 71-खैर (अ0जा0), 110-करहल, 213-सीसामऊ, 256-फूलपुर, 277-कटेहरी तथा 397-मझवां) का 27 नवम्बर 2024 से 12 दिसम्बर 2024 तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से दावे और आपत्तियां प्राप्त की गयीं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदेय स्थलों के सम्भाजन के उपरान्त वर्तमान समय में प्रदेश में कुल 1,62,462 मतदेय स्थल हैं। आलेख्य प्रकाशन के समय प्रदेश में मतदाताओं की कुल संख्या 15,25,13,131 थी, जो 07 जनवरी, 2025 को अन्तिम रूप से प्रकाशित नामावली में मतदाताओं की संख्या 15,35,37,430 हो गयी है अर्थात कुल 18,85,446 मतदाता सम्मिलित हुए और कुल 08,61,147 मतदाता विलोपित हुए। इस प्रकार मतदाता सूची में शुद्ध कुल वृद्धि 10,24,299 हुई। इस पुनरीक्षण के दौरान कुल 18,85,446 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। इसमें 08,90,546 पुरूष, 09,94,792 महिला एवं 108 तृतीय लिंग के मतदाता हैं।

**अन्तिम रूप से प्रकाशित नामावली में मतदाताओं की संख्या अब 15,35,37,430 हो गयी**

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में आलेख्य प्रकाशन के समय जेण्डर रेशियो 874 था, जो अंतिम प्रकाशित नामावली में 876 हो गया अर्थात जेण्डर रेशियो में 02 अंकों की वृद्धि हुई है। 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के कुल 04.84 लाख नाम जोड़े गए जो कुल जोड़े गए नामों का 25.68: है। निर्वाचक नामावली में वर्तमान में 18-19 आयु वर्ग के कुल मतदाताओं की संख्या 16.23 लाख है। मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के संदर्भ में इस पुनरीक्षण अवधि में कुल 08.61 लाख मतदाताओं के नाम विभिन्न श्रेणियों के विलोपित किये गये हैं। जिसमें से आयोग के निर्देशन में विलोपन संबंधी कार्यवाहियों के परिणामस्वरूप 03.07 लाख मृतक श्रेणी, 03.96 लाख शिफ्टेड श्रेणी तथा 1.48 लाख रिपीटेड श्रेणी में विलोपित किए गए। मतदाता सूची में विद्यमान विभिन्न श्रेणी की त्रुटियों में 3.52 लाख संशोधन संबंधी कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त पूर्व में चिन्हित मतदाताओं को जोड़ते हुए वर्तमान में ईआरओ नेट पर कुल 12.83 लाख दिव्यांग मतदाता चिन्हित हैं। इस पूरे अभियान के तहत मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दल हमारे सहभागी रहे हैं। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की प्रदेश स्तर पर बैठक 04 अक्टूबर 2024 को आयोजित की गयी तथा सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अपने बूथ लेवल एजेण्ट नियुक्त किए जाने का अनुरोध भी किया गया। परिवर्धित, अपमार्जित एवं संशोधित किए गए समस्त नामों की सूची सभी स्तरों पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ साझा की गयी। उक्त के अतिरिक्त ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यमों से अधिक से अधिक अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने तथा अनर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित कराए जाने से सम्बन्धित फार्म सम्बन्धित मतदाताओं से भरवाने हेतु जागरूक किया गया।

# ड्यूटी से लौट रहे युवक को तमंचे के बल पर लूट और मारपीट की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली। (सददाम खान)** आज सुबह अपने साथी के साथ ड्यूटी कर लौट रहे युवक को कुछ दबंग लडकों ने घेर लिया और तमंचे के बल पर जान से मारने की नियम से उसे झाडियों में ले गए। जहां पहले से बैठे उनके साथियों ने युवक व उसके सहकर्मी पर हमला कर दिया। सहकर्मी ने किसी तरह अपने आप को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। इस दौरान आरोपियों ने युवक से उसकी सोने की चेन, कुंडल और जेब में पड़े 15 सौ रुपये लूट लिए। साथी के शोर मचाने पर आरोपी युवक को छोडकर भाग गए। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने युवक की तहरीर पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना सुभाषनगर के पटेल बिहार निवासी दनिश सक्सेना पुत्र राकेश कुमार सक्सेना ने बताया कि वह कोजेंट कंपनी में लीड मैनेजर के पद पर काम करते हैं। आज सुबह वह 5 बजे के समय अपनी ड्यूटी कर अपने सहकर्मी अभिषेक कश्यप के साथ वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह सुभाषनगर थाने से कुछ दूर पहुंचे तभी उनको प्रदीप उपाध्याय ने तमंचे के बल पर उन्हें रोक लिया। दनिश व अभिषेक को उनके साथियों को पकड़ कर वह झाडियों में ले गए। वहां मौजूद प्रदीप के साथियों ने दोनों पर चाकूओं से हमला कर दिया। इस दौरान अभिषेक ने अपने आप को आरोपियों के चंगुल से बचाकर शोर मचाना शुरू कर दिया। प्रदीप व अर्जुन प्रजापति ने चाकूओं से हमला कर उन्हें घायल क दिया। इस दौरान दनिश के गले में पड़ी सोने की चेंन, कुड़ल और 15 सौ रुपये लूट लिए। पीड़ित ने तुंरत ही इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।



# तेज ठंड में लिया अलाव का सहारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** जनवरी माह आते ही ठंड इस कदर बढ़ गई है कि लोगों को गर्म कपड़ों के साथ-साथ अलाव का सहारा भी लेना पड़ रहा है। मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए लोग घरों से भी कम निकलना पसंद कर रहे हैं। ठंड जोरो से अपना असर दिखा रही है। स्कूली बच्चे तो अधिक ठंड होने के कारण स्कूल जाने से रुक जा रहे हैं लेकिन दफ्तर आने जाने वाले लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

ऐसे में लोग जगह-जगह अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसा ही एक नजर नगर के गौशाला रोड पर देखने को मिला जहां चंद लोग नगर पालिका द्वारा लगाए गए अलाव पर हाथ तापकर ठंड से निजात पाने का प्रयास करते दिखाई दिए । और साथ ही नगर पालिका द्वारा भी नगर में जगह-जगह अलाव की अच्छी व्यवस्था की जा रही है।



# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने ज्ञापन पर लिया संज्ञान उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को 21में दिन लिखित आख्या सौपने के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (सददाम खान)।** संज्ञान राष्ट्रीयअल्पसंख्यक आयोग ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर 21दिन में लिखित आख्या राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया है ज्ञात हो कि 30.12.2024 को पैगाम इमाम हुसैन सामाजिक संस्था के संरक्षक सैय्यद हैदर अली के दिशा निर्देश पर संस्थापक हकीम आहिद हुसैन के नेतृत्व में शामिल शिष्ठ मंडल राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग नई दिल्ली कार्यालय पहुंचकर आयोग के अध्यक्ष श्री इकबाल सिंह लालपुरा जी से शिष्टाचार भेंट कर जिला बरेली के थाना शाही की गौसगंज गोटिया के प्रकरण व देश में मुसलमानों पर हो रहे अत्याचार को रोकने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा था शिष्ट मंडल में संस्था के अध्यक्ष डॉ अख्तर आफाक खान उपाध्यक्ष आसिफ शेख व मंडल अध्यक्ष इमरान अजहरी मौजूद रहे थे ।



**बैठक** निजी नलकूप धारक किसानों के लिए वरदान है किसान मुफ्त बिजली योजना

# किसान मुफ्त बिजली योजना का कराएं प्रचार प्रसार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में किसान मुफ्त बिजली योजना के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर किसानों को लाभान्वित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि निजी नलकूप धारक किसान के लिए किसान मुफ्त बिजली योजना एक वरदान है। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि 31 मार्च 2025 तक अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ दिया जाए।

अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम संजीव कुमार ने बताया कि किसान मुफ्त बिजली योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके अंतर्गत 31 मार्च 2023 के बाद निजी नलकूप धारक किसानों के बिजली के बिल माफ किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10 हॉर्स पावर तक के निजी नलकूप धारक किसान के लिए 1045 यूनिट निशुल्क रहेगी। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2023 से पूर्व के निजी नलकूप के बिजली के बिल का भुगतान संबंधित किसान को करना होगा। जो वह 6 किस्तों में कर सकता है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2023 के बाद के निजी नलकूप के लिए किसान मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए किसान को वेबसाइट पर अपना पंजीयन करना होगा तथा पिछले विद्युत देय का भुगतान करना होगा जो वह 6 आसान किस्तों में कर सकता है। उन्होंने बताया कि किसान को अपने घर के विद्युत कनेक्शन के संबंध में ब्यौरा भी देना होगा तथा उसके लिए केवाईसी भी करानी होगी। उन्होंने बताया कि जनपद में करीब 40 हजार निजी नलकूप धारक किसान है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा सहित विद्युत विभाग के अन्य अभियंता आदि मौजूद रहे।



# नौ दिन बाद भी 13 लाख रुपये की चोरी का नहीं हुआ खुलासा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह)।** किसान के घर में दिनदहाड़े हुई चोरी का आठ दिन बाद भी खुलासा नहीं हो सका। पीड़ित किसान ने एसपी से घटना का खुलासा करने की मांग की है।शहर व देहात क्षेत्रों में चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही है। बावजूद इसके पुलिस इन वारदातों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। वहीं क्षेत्र के गांव तिगरिया खादर निवासी किसान ब्रह्मासिंग का परिवार रहता है। बीती 30 दिसंबर को उनका परिवार अपने खेत पर किसी काम से गया था। इसी दौरान चोरों ने दिनदहाड़े घर की छत में लगे लोहे के जाल से रस्सी डालकर बंद पड़े घर में प्रवेश किया और कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखे संदूक में से पांच लाख रुपये की नगदी व सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब 13 लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया था। बीती 30 दिसंबर की शाम करीब पांच बजे जब परिवार खेत से वापस घर लौटा तो घर का सामान बिखरा देख होश उड़ गए थे।

शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। पीड़ित किसान ने घटना की तहरीर पुलिस को दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। पीड़ित किसान का आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज के बाद अभी तक कोई कार्रवाई की है। पीड़ित किसान ने सोमवार को एसपी को शिकायत पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि घटना का जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।



# बॉलीवुड अभिनेता गुलशन ग्रोवर करेगें डॉ.अवनीश राही को सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । अलीगढ़ महानगर के विद्यावाचस्पति डॉक्ट्रेट की मानद् उपाधि से विभूषित वरिष्ठ साहित्यकार भारत विभूषण डॉ अवनीश राही को नित नए आयाम गढ़ने एवं राष्ट्रीय मूल्यों और साहित्यिक विरासत को निरंतर बढ़ावा देने व गीत-लेखन के क्षेत्र में षीत-गंधर्व साहित्य सम्मान-2025 के राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा जाएगा। यह विशिष्ट सम्मान 10 जनवरी को नई दिल्ली स्थित लोक कला मंच के भव्य ऑडिटोरियम में बॉलीवुड के ष्बैड मैन के नाम से मशहूर, प्रख्यात अभिनेता षुलशन ग्रोवर के कर-कमलों द्वारा दिया जाएगा। दा आर्टिस्ट टालक्स संस्था के संस्थापक राजेश राय ने पत्र जारी करते हुए लिखा है कि गीतकार डा.अवनीश राही को यह राष्ट्रीय सम्मान उनके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनहित, समाजहित व देशहित मे किए जा रहे अतुलनीय योगदान हेतु विशेष उपलब्धियों के लिए दिया जा रहा है।

**गीतकार डॉ.अवनीश राही को मिलेगा गीत-गंधर्व साहित्य सम्मान-2025**

# कार लुटेरों का उत्तर पूर्व दिल्ली तिमारपुर थाना पुलिस ने किया चार घंटे में खुलासा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)**। क्षेत्र की जनता अगर चाहे तो पुलिस का सहयोग कर अपने अपने क्षेत्र को अपराधमुक्त कर सकते हैं। दिल्ली के उत्तरी जिले की तिमारपुर थान पुलिस की टीम ने चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने ने ही बंदूक के बल पर टैक्सी चालक को लूटा था। इनके पास से लूटी गई रकम मोबाइल फोन, पीड़ित के=दस्तावेज बरामद किए गए। साथ ही गाजियाबाद के न्यू उस्मानपुर और कवि नगर थाना क्षेत्रों से चोरी की गई दो मोटर साइकिल बरामद की गई, जिनका इस्तेमाल आरोपितों ने लूटपाट में किया था और अपराध में इस्तेमाल किया गया कट्टा भी बरामद किया गया है।=अरोपितों की पहचान गिरोह के सरगना 49 आपराधिक मामलों में शामिल गाजियाबाद के प्रेम विहार निवासी पवन कुमार शर्मा उर्फ पंडित उर्फ गुरु, न्यू उस्मानपुर निवासी आनंद मिश्रा, करावल नगर निवासी पीयूष शर्मा और राजा उर्फ राघव के रूप में हुई है। उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया के मुताबिक, 25 दिसंबर को थाना तिमारपुर के सामने पिकेट लगी थी, जहां एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार युवक ने पुलिसकर्मियों को सूचना दी कि पीछे से दो मोटरसाइकिल आ रही हैं, जिन्होंने एक टैक्सी चालक को लूट लिया है।पुलिस कर्मियों ने तुरंत दोनों मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों को रोक लिया और उनके कब्जे से 300 रुपये, पीड़ित का आधार कार्ड सहित कुछ दस्तावेज और एक कट्टा बरामद किया। पूछताछ में तीनों ने बताया कि वे कुल चार व्यक्ति थे और उन्होंने एक टैक्सी चालक से लूटपाट की थी और उनका एक साथी लूटा हुआ मोबाइल लेकर भाग गया। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की और इस गिरोह के सरगना पवन कुमार को गिरफ्तार करते हुए




उसके कब्जे से पीड़ित का लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया। आरोपित एनसीआर क्षेत्रों के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज डकैती, झपटमारी, चोरी और आर्म्स एक्ट के कई मामलों में शामिल शातिर अपराधी हैं। वारदात करने से पहले ही पुलिस ने पकड़ लिया बाहरी दिल्ली शाहबाद डेरी थाना क्षेत्र में आपराधिक वारदातों को अंजाम देने के फिराक में घूम रहे दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो पिस्टल समेत छह कारतूस बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपितों की पहचान पंकज उर्फ सूरा और धनलाल के रूप में हुई है। पंकज इससे पहले13 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, जबकि धनलाल चार मामलों में संलिप्त पाया गया है। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वाल्सन ताया कि बीते एक जनवरी को शद डेरी थाना पुलिस क्षेत्र में पर थी। तभी पुलिस को पता चल कि क्षेत्र में एक बदमाश किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहा है। टीम फैक्ट्री कर्मचारी को लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार जासं, बाहरी दिल्ली एक फैक्ट्री में काम पर जा रहे शख्स का गला दबाकर मोबाइल फोन व नकदी लूटने वाले तीन आरोपितों को बवाना थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से लूट हुआ मोबाइल फोन और एक चाकू बरामद हुआ है। बाहरी- उत्तरी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीते दो जनवरी को पीड़ित अनीश, निवासी डी ब्लाक, जेजे कालोनी, बवाना ने पुलिस को बताया कि रात करीब आठ बजे जब वह अपनी ड्यूटी पर जा रहा था, तभी पीछे से आए तीन लड़को ने उनका गला दबाकर मोबाइल फोन और 350 रुपये लूट लिए। आरोपितों की पहचान मदन, शहजाद और राहुल के रूप में हुई है। शहजाद कई अपराधी में शामिल रहा है। शाहबाद डेरी थाना पुलिस के गिरफ्त में बदमाश सौ दिल्ली पुलिस जागरण ने गुप्त सूचना के आधार पर धन लाल उर्फ अट्टा को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर इसके पास से एक पिस्टल समेत दो कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने आरोक एफ आर्म्स एक्ट तहत दर्ज कर शुरू कर मान दी।

# लुलु मॉल में नौ जनवरी से शुरू होगी साल की सबसे किफायती सेल "लुलु ऑन सेल"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ**। नवाबों के शहर लखनऊ के सबसे बड़े शॉपिंग स्थल लुलु मॉल में एक नई सेल लुलु ऑन सेल का आगाज होने वाला है। जिसमें 250 से अधिक ब्रांड्स पर फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह सेल 9 जनवरी से शुरू होगी और 12 जनवरी को खत्म होगी।

**लुलु मॉल, लखनऊ में 250 से अधिक ब्रांड्स पर मिलेगी फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट**

इस सेल की एक खास बात यह भी होगी कि 11 जनवरी दिन शनिवार एवं 12 जनवरी दिन रविवार को ग्राहकों को खरीदारी के लिए एक्सटेंडेड शॉपिंग आवर (शॉपिंग के कुछ अतिरिक्त घंटे) भी दिए जायेंगे। इस सेल में ग्राहक अपने पसंदीदा ब्रांड और सामानों को बेहद किफायती कीमत पर खरीद सकेंगे। लुलु मॉल में नेशनल एवं इंटरनेशनल ब्रांड्स जैसे लुलु हाइपरमार्केट, लुलु फैशन, लुलु कनेक्ट, अवतांरा, लिवाइस, बीएचपीसी एवं वेस्टसाइड जैसे तमाम ब्रांड्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। लुलु मॉल शहर का सबसे बड़ा शॉपिंग मॉल इस प्रकार की सेल से ग्राहकों को आश्वाशन दिलाना चाहता है कि हम ग्राहकों के हित के लिए सदैव तत्पर हैं।





लुलु मॉल के जनरल मैनेजर समीर वर्मा ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी ग्राहकों को खास ऑफरों का तोहफा देंने के लिए हमने इस खास सेल का आयोजन किया है जिसमें लगभग 250 प्रतिष्ठित ब्रांड पर 50 प्रतिशत तक की छूट का ऑफर दिया जाएगा। हम अपनी इस सेल को लेकर काफी आशान्वित और काफी उत्साहित भी हैं। हमे पूरी उम्मीद है इस सेल के शुरू होते ही इसे लखनऊवासियों का भरपूर प्यार मिलेगा।

# तिमारपुर थाना टीम ने चंद घंटे में किया हत्या का खुलासा हत्या में उपयोग कपड़े और चाकू किया बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (अनिता)**। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के तिमारपुर में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी, जिसको दिल्ली पुलिस के तिमारपुर थाना टीम ने चंद्र घंटे में ही हत्यारे का खुलासा कर दिया। पुलिस ने क्राइम सीन के आसपास लगे 25 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। उससे मिले सुराग के आधार पर 17 वर्षीय लड़के को पकड़ा है। पुलिस ने उसकी निशान देही पर वारदात में प्रयोग खून से सना चाकू और उस समय पहने हुए कपड़े बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने
बताया कि उसके और मृतक के बीच गाली-गलौज और तीखी बहस हुई थी। जिसके चलते आरोपी ने चाकू मार दिया। डीसीपी राजा बांठिया के मुताबिक,अडिशनल डीसीपी सुधांशु वर्मा के सुपर



विजन में केस वर्क आउट हुआ। दरअसल 29 दिसंबर को रात करीब साढ़े दस बजे कॉल मिली। कॉलर ने बताया कि मेयर हाउस, लांसर रोड तिमारपुर में सैय्यद रोड एक्सिडेंट हुआ है। खून से सनी हुई एक युवक की बॉडी पड़ी है। तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची। जहां 18 साल के एक युवक का शव पड़ा था। उसके शरीर के पर जगह-जगह 'चाकू निशान थे। जांच के दौरान मृतक की पहचान बिहार के मधुबनी निवासी एआर के रूप में हुई । छानबीन में पता चला कि मृतक पिछले 7 दिनों से बीडी एस्टेट, तिमारपुर में एक घर के अंदर घरेलू हेल्प के तौर पर काम करता था।

जांच के दौरान घटनास्थल के पास लगे लगभग 25 सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई जिसमें संदिग्ध दिखाई दिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को पकड़ लिया गया।

# महिला सांसदों, विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए आज कानपुर में योगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)**। यहां बिठूर में मंगलवार से शुरू कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन द्वारा आयोजित यूपी-उत्तराखंड की महिला सांसदों व विधायकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करने के लिए आज 8 जनवरी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर आयेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां आज बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। वहीं इस आयोजन के समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी शामिल होंगी। प्रशिक्षण के इस आयोजन में एक साथ पहली बार 56 से अधिक महिला विधायक शहर आएंगी। इसको लेकर

**यूपी-उत्तराखंड के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सहित शामिल होंगी 56 से अधिक महिला विधायक**

तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

आज सबसे पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का संबोधन होगा। फिर उत्तराखंड के विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण का उद्बोधन होगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की इस आयोजन के तहत विधायकों व सांसदों का प्रतिनिधित्व, सदन की कार्यवाही में सहभागिता बढ़ाने और संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने में महिला सदस्यों की भूमिका पर मंथन होगा। साथ ही महिला विधायकों को सशक्तिकरण और विधानसभा से जुड़ी बारीकियों का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस आयोजन में इस बात पर भी मंथन होगा कि महिला सशक्तीकरण के लिए किन नई योजनाओं को बनाने की आवश्यकता है और किन योजनाओं को बढ़ावा दिया जाना है।

प्रशिक्षण के इस आयोजन में संविधान व कानून में महिलाओं के अधिकार, लैंगिक समानता, निर्णय लेने वाली संस्थाओं में पर्याप्त महिला प्रतिनिधित्व को बढ़ावा दिए जाने जैसी चर्चा का विषय भी शामिल है। इस आयोजन के लिए कड़े सुरक्षा के प्रबंध भी किए गए हैं।

# भीषण सर्दी में जरूरतमंदों को किए गए गर्म कम्बल वितरित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर**। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया के द्वारा पड़ रही भीषण सर्दी को देखते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में गर्म कम्बल वितरित किए। शुभारंभ पनकी

**दुनिया में ऐसा कोई धर्म नहीं, जो मानव सेवा की सीख न देता हो: प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया**

मंदिर प्रांगण में श्री महावीर महाबली बजरंगी बली जी महाराज के दर्शन कर जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित कर किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया ने कहा कि मानव सेवा से बढ़ कर कोई सेवा नहीं है. आज के समय में इंसान को इंसान के काम आना चाहिए. अभी जिले में काफी ठंड पड़ रही है. लोगों को कंबल एवं गर्म कपड़ों की जरूरत है।



श्री भदौरिया ने बताया कि वह अपने पिता स्व राजेन्द्र भदौरिया जी के आदर्शों पर चल रहे हैं। स्व राजेन्द्र भदौरिया धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे. उनका विनम्र स्वभाव और दयालु व्यक्तित्व हमेशा लोगों को प्रेरित करता रहेगा। उनके नहीं रहने से उनकी कमी लोगों को काफी खलती है। कम्बल वितरित कर रहे प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज सिंह भदौरिया ने पदाधिकारियों से कहा कि दुनिया में ऐसा कोई धर्म नहीं, जो मानव सेवा की सीख न देता हो। कहा भी गया है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। करीब 450 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री धीरेन्द्र सिंह भदौरिया एवं प्रदेश संगठन मंत्री पंकज राजावत ने ऐसे ही निर्बल निर्धन असहाय वर्ग के उत्थान की दिशा में निरंतर कार्य करते रहने की बात कही। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नवरंग सेंगर करणी सेना जिलाध्यक्ष अर्पित राणा ने प्रदेश अध्यक्ष मनोज भदौरिया जी के द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए युवाओं को उनसे सीख लेने की बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष करणी सेना अर्पित सिंह राणा जिला कोषाध्यक्ष सुशील परिहार संजय तिवारी पप्पू सिंह चौहान नितिन चतुर्वेदी प्रियांशु ठाकुर रवि कुमार महेश तिवारी सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रियंका गांधी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने वाले भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के खिलाफ हजरतगंज थाने में तहरीर दी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ**। भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी का अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी के खिलाफ अमर्यादित, अभद्र बयान उनकी कुंठित और स्त्री विरोधी मानसिकता का परिणाम है। असल में भाजपा के तमाम नेताओं द्वारा समय-समय पर देश की आधी आबादी के लिए इस तरह के घटिया बयान दिये जाते रहे हैं, यही भाजपा का वास्तविक चाल चरित्र और चेहरा है। रमेश बिधूड़ी द्वारा आदरणीय प्रियंका गांधी के लिए दिये गये आपत्तिजनक बयान से पूरे देश के कांग्रेसजनों में रोष है। आज उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रभारी शहला अहरारी, अनामिका यादव एवं उरूषा राणा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल हजरतगंज थाने पहुंचा और वहां जिम्मेदार अधिकारियों से मिलकर भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। इस मौके पर सुशीला शर्मा, शीला मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, हुस्नआरा, सिद्धि श्री, डॉ0 रिचा शर्मा, मेहताब जायसी, विभा त्रिपाठी, सुमन प्रजापति, मीना रावत आदि महिला कांग्रेस की पदाधिकारी मौजूद रही।






# योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पर पांच खंड शिक्षा अधिकारियों को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। कार्यों में लापरवाही पर बीएसए ने पांच खंड शिक्षाधिकारियों को वर्ष 2024-25 के लिए प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी है।निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत विद्यालयों को आरटीई फीस प्रतिपूर्ति की धनराशि को लेकर बजट की सूचना पांच खंड शिक्षाधिकारियों ने नहीं दी। इस पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी विमलेश कुमार ने नगर के दो खंड शिक्षाधिकारियों के साथ ही मुरादाबाद ग्रामीण, कुंदरकी व भगतपुर टांडा के खंड शिक्षाधिकारी को कार्यों में लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी है।उन्होंने पत्र में कहा है विभागीय समीक्षा बैठकों में लापरवाही के कारण अप्रिय स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है। विभागीय निर्देशों का पालन न करने व योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी जा रही है।

# 70 वर्षीय दयावंती कालीरावण ने म्यूजिकल चेयर गेम में मारी बाजी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हिसार (राजेश सलुजा)**। महिला एवं बाल विकास परियोजना, अग्रोहा द्वारा खंड स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूद चैंपियनशिप का आयोजन किया गया` जिसमें मुख्यातिथि के रूप में जिला कार्यक्रम अधिकारी, हिसार मंजू राणा ने शिरकत की। यह चैंपियनशिप राजीव गांधी खेल स्टेडियम अग्रोहा में की गई । इस चैंपियनशिप में 100 मीटर रेस, डिस्क थ्रो, म्यूजिकल चेयर, 400 मीटर रेस, 300 मीटर रेस, 5 किलोमीटर साइकल रेस आदि खेल करवाए गए। 100 मीटर रेस में

**खेलकूद चैंपियनशिप में भाग लेने से ग्रामीण आंचल में छिपी प्रतिभाएं उभर कर सामने आती है : मंजू राणा**

अग्रोहा ने प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को 2100 और 1100 तथा 750 रुपए नकद पुरस्कार डीबीटी माध्यम से प्रदान करके सम्मानित किया गया। खण्ड महिला



प्रथम सरोज और द्वितीय सरोज कुलेरी तथा तृतीय स्थान रोशनी सिवानी बोलान ने प्राप्त किया। डिस्क थ्रो में प्रथम स्थान अनिता अग्रोहा और द्वितीय स्थान दया खासा तथा तृतीय स्थान मनीषा कुलेरी ने प्राप्त किया। म्युजिकल चेयर में प्रथम स्थान दयावंती कालीरावण और द्वितीय स्थान राधा अग्रोहा तथा सुदेश कालीरावण तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर रेस में नितिन सिवानी बोलान,अंजलि दुर्जनपुर,कोमल किराड़ा ने प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 300 मीटर रेस में सिमरन दुर्जनपुर, दिक्षा सिवानी, प्रतिभा सन्दोल ने प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 5 किलोमीटर साइकल रेस में मोनिका नंगथला, बंटी श्यामसूख व सवीना व बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिता दलाल ने बताया कि यह चैंपियनशिप दो आयु वर्ग 18-30 वर्ष व 30 वर्ष से ऊपर की महिलाओं के लिए आयोजित हुई। मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद चैंपियनशिप में भाग लेने से ग्रामीण आंचल में छिपी प्रतिभाएं उभरकर सामने आती है । इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा, डब्ल्यूसीडीपीओ अनीता दलाल, सहायक सचिन, विक्रम, मोनिका, सीमा, सीमा, भावना, कोमल, सुनीता, शीला, राजेश पीटीआई नवीन पीटीआई रणधीर फोजी,आदि मौजूद रहे।

**हॉकी इंडिया लीग 2024-25**

**अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है यूपी रुद्रास**

# हैदराबाद तूफान्स के खिलाफ वापसी की तैयारी में यूपी रुद्रास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ**। यूपी रुद्रास, जो अपने पहले तीन मैचों में तमिलनाडु ड्रैगन्स के खिलाफ पहली हार का सामना कर चुके हैं, 8 जनवरी को बिरसा मुंडा स्टेडियम में हैदराबाद तूफान के खिलाफ वापसी करने के लिए तैयार हैं। हार्दिक सिंह के नेतृत्व में यूपी रुद्रास ने अपने अभियान की शुरूआत शानदार अंदाज में की थी। उन्होंने वेदांता कलिंगा लांसर्स और सूरमा एचसी के खिलाफ क्रमशः 3-1 और 3-0 से जीत दर्ज की। स्थानीय खिलाड़ी सुदीप चिरमाको ने दोनों मैचों में गोल किए थे। वर्तमान में टीम 6 अंकों के साथ आठ-टीमों की लीग तालिका में तीसरे स्थान पर है।

रविवार को तमिलनाडु ड्रैगन्स के खिलाफ मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। तीसरे क्वार्टर तक मैच गोलरहित रहा। यूपी रुद्रास ने तीसरे क्वार्टर में कई शानदार मौके बनाए। लालित उपाध्याय ने शानदार एकल प्रयास के साथ तीन डिफेंडरों को छकाकर पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। इसके बाद सैम वॉर्ड ने भी एक पेनल्टी कॉर्नर बनाया। हालांकि, 48वें मिनट में अभरण सुदेव के गोल ने ड्रैगन्स को बढ़त दिला दी। यूपी रुद्रास ने इसके बाद आक्रामक रुख अपनाया और 52वें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर और अंतिम दो मिनट में बैक-टू-बैक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। लेकिन यह उनका दिन नहीं था।

टीम के कोच पॉल वैन अस ने कहा, ह्लअगर हमने अपने मौकों को भुनाया होता, तो कहानी कुछ और होती। कई




मायनों में यह हार हमारी आंखें खोलने वाली थी, जो यह बताती है कि हमें आगे के मैचों में अपनी रणनीति और मजबूत करनी होगी। हमारे लिए यह सकारात्मक सीख है। कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि उनकी टीम जीत की राह पर लौटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

टीम का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है। एक छोटी सी असफलता के बाद हम हैदराबाद तूफान्स के खिलाफ वापसी करने के लिए तैयार हैं। हमारी टीम का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू यह है कि अब तक हर खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यूपी रुद्रास एकजुट होकर आगामी मैचों के लिए तैयार हैं और जीत की राह पर लौटने के लिए दृढ़संकल्पित हैं।

# ख़्वाजा गरीब नवाज की छटी मुबारक मनाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी** । हजरत ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलेह की छटी मुबारक के मौके पर नगर की एक मीनार वाली मस्जिद में उर्स मुबारक के मौके पर कुल शरीफ का एहतमाम किया गया । और मुल्क और कौम की सलामती की दुआ की गई। इस मुबारक मौके पर अकीदतमंदों में लंगर भी तक्सीम किया गया । सभी नौजवानों बच्चो और बुजुर्गों ने कुल शरीफ में अकीदत के साथ हाजिरी पेश की दुआ में आए उलेमाओं ने बयान पेश किया और बताया ख्वाजा गरीब नवाज नबी और अल्लाह के करीब हैं। अल्लाह ख्वाजा गरीब नवाज के सदके में झोलिया भर देता है अल्लाह ख्वाजा गरीब नवाज के सदके में बीमारो को शिफा देता है । एक मीनार वाली मस्जिद के मौलाना शादाब ने मुल्क हिंदुस्तान में अमनो आमान की दुआ कराई। कमेटी के मेंबर बीरन खान कलुआ अंसारी चांद बाबू खान मुस्तकीम खां इश्तियाक ओवैसी मोहम्मद उमर सैफी नगर पंचायत अध्यक्ष पति मेहंदी हसन एडवोकेट। सईद खान समाजसेवी शोएब साबरी आदि मौजूद रहे।



# यातायात सड़क सुरक्षा: विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ, जीवन अमूल्य यातायात नियमों का पालन करें: मदन सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ में यातायात सड़क सुरक्षा के संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमारा जीवन अमूल्य है; हमें सड़क पर चलते समय यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। दो पहिया वाहनों पर यात्रा करते समय अच्छी गुणवत्ता वाला हेलमेट जरूर पहनें तथा चार पहिया वाहनों पर यात्रा करते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए वाहन चलाते समय फोन पर बात नहीं करनी चाहिए नशे की हालत में कभी भी वहान नहीं चलना चाहिए अपने साथ-साथ सामने से आ रहे तथा पीछे से गुजरने वाले यात्रियों का भी ध्यान चाहिए तथा पैदल चलने वाले यात्रियों को मार्ग अवश्य दें । इस संबंध में सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मदन सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, निशिकान्त पाठक, ओमप्रकाश सिंह, सुंदर सिंह, अतवीर सिंह त्यागी, हरीशचन्द्र तिवारी,दीपक कुमार, दीपक सिंह ,अखिलेश कुमार बिश्नोई, गौरव चौहान, नवनीत सिंह सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# नशे के इलाज में अब नहीं चलेगी हेरा फेरी, दवा देने के बजाए अब खिलाई जाएगी


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** चरस, अफीम, गांजा, स्मैक आदि का नशा करने वाले लोगों की तरफ से अपने ही इलाज में कथित तौर पर की जाने वाली जालसाजी को रोकने की पहल हुई है। नशे से पीड़ित लोगों का इलाज किए जाने के मकसद से मंडल स्तरीय जिला अस्पताल पर शुरू हुई एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी (एटीएफ) पर उन्हें दवा देने के बजाय खिलाई जाएगी। एटीएफ पर सभी तरह का नशा करने वाले लोगों का इलाज शुरू किया गया है। एटीएफ पर कार्यरत काउंसलर विकास भटनागर व डाटा मैनेजर विनीत यादव के मुताबिक शराब का नशा करने वाले पीड़ितों को दवा दी जा सकती है, लेकिन, चरस, गांजा, स्मैक आदि का नशा करने वालों को दवा दी नहीं जाएगी बल्कि सेंटर पर ही खिलाई जाएगी। यही नहीं, उन्हें दवा खिलाने के घंटेभर बाद ही सेंटर से छोड़ा जाएगा। ड्रग्स का नशा छुड़ाने की दवा काफी महंगी होने के मद्देनजर नशेड़ियों द्वारा सेंटर से दवा लेकर जाने के बाद इसे खाने के बजाय बेच दिए जाने का अंदेशा बढ़ने के मद्देनजर यह व्यवस्था लागू की गई है।

# कांठ सहित जनपद के 900 किसानों ने दो बार ली" किसान सम्मान निधि"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद जनपद के नौ सौ किसानों ने किसान सम्मान निधि दो बार ले ली। ऐसे में पोर्टल पर अट्ठारह सौ लोगों के नाम पेंशन दिख रही है। यही नहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जो इनकम टैक्स रिटर्न भरते हैं फिर भी उनको किसान सम्मान निधि मिल रही है। दो सम्मान निधि लेने वालों से एक की रिकवरी होगी।किसान सम्मान निधि में कई किसान ऐसे भी हैं जिनकी पात्रता तो है पर




उनकी केवाईसी नहीं होने से किसान सम्मान निधि फंस गई है। किसानों को मिलने वाली सम्मान निधि की और गहन समीक्षा होगी जिससे सम्मान निधि पात्र किसानों को मिले और अपात्रों को इससे वंचित किया जा सके। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी बताते हैं कि जिन लोगों को दो बार निधि मिली है उनसे एक निधि वापस ली जाएगी। ऐसे करीब नौ सौ लोग मुरादाबाद में हैं। इसके साथ ही आपात्रों की छंटनी कर उन्हें अलग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जो मंशा है कि पात्र किसानों को इसका लाभ मिले उसे दिलाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। मुरादाबाद में करीब ढाई लाख किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है।

# मुरादाबाद के कांठ सहित सभी थानों में 15 जनवरी तक हो जाएगी ई- मालखाना व्यवस्था

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** 15 जनवरी तक जिले के सभी थानों में ई-मालखाना हो जाएंगे। इससे कंप्यूटर के एक क्लिक पर मालखाने में जमा एक-एक सामान के बारे में जानकारी मिल जाएगी। इसके लिए मुकदमों में कब्जे में लिए गए माल (सामान) की कंप्यूटर पर फीडिंग कराई जा रही है। ई-मालखाना होने से तबादला होने पर मालखाना मोहर्रिर को चार्ज बदलते समय भी दिक्कत नहीं होगी।जिले के सभी थानों में अभी तक मुकदमों से संबंधित सामान या हत्या और अन्य मामलों में बरामद किए गए साक्ष्य का रिकॉर्ड रजिस्टर में रखा जाता है। रजिस्टर में मुकदमा नंबर दर्ज करने के साथ ही वह सामान या साक्ष्य मालखाने में रख दिया जाता है। जब उसकी जरूरत पड़ती है तो खोजने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। बड़े मामलों में साक्ष्य के रूप में आलाकत्ल तमंचा या चाकू कोर्ट में दिखाना होता है, लेकिन मालखाने में माल न मिलने के कारण तारिखें तक टलवानी पड़ जाती है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए ई-मालखाना की व्यवस्था की जा रही है। इससे पहले जिले के सिविल लाइंस थाने में पायलट प्रोजेक्ट के तहत ई-मालखाना व्यवस्था लागू की गई थी। जिससे काफी सहूलियत हुई। इसी को ध्यान में रखते हुए एसएसपी सतपाल अंतिल ने जिले के सथी थानों में ई-मालखाना व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है।एसएसपी सतपाल अंतिल के मुताबिक15 जनवरी तक सभी थानों में ई- मालखाना व्यवस्था पूरी तरह से लागू हो जाए। इसके लिए सभी थाना प्रभारियों और जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।स्मार्ट-पुलिसिंग के तहत पुलिस महकमे ने ई- मालखाना का सॉफ्टवेयर तैयार कराया है। इसके अलावा ई-मालखाना मोबाइल ऐप भी बनाया गया है। इसे पुलिसकर्मी अपने मोबाइल पर खोल सकेंगे। पुलिसकर्मी ऐप पर जाकर मुकदमों से संबंधित माल (सामान) का पूरा ब्योरा भरेंगे। इससे थानों में जब्त माल की फोटो, मुकदमा अपराध संख्या, जब्ती का स्थान, विवेचक का नाम, कोर्ट में तारीख का विवरण, माल की अनुमानित कीमत समेत करीब 22 बिंदुओं पर जानकारी भरी जाएगी। सारा विवरण भरने के बाद प्रत्येक माल (सामान) को एक यूनिक आईडी दी जाएगी। उसका बार कोड निकालकर उस माल पर चिपका के मालखाने में रखा जाएगा। इससे उस बार कोड को स्कैन करते ही उससे संबंधित सारा विवरण मिल जाएगा। इस ऐप के जरिए अधिकारी मोबाइल पर भी मालखाने की जानकारी कर सकेंगे। इतना ही नहीं यदि कोई व्यक्ति कोर्ट से माल रिलीज कराने का आदेश लाता है तो उसके केस नंबर से पता चल जाएगा कि माल कहां रखा है।

# शराब सहित कई कंपनियों के उत्पादों में मिली गड़बड़ी, लाखों रुपये जुर्माना भी वसूला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बाट-माप विभाग की जांच के दौरान शराब की बोतल पर लिखी मात्रा और एक बीयर कंपनी के पैक की घोषणा नियमानुसार नहीं मिली। दोनों कंपनियों को अनियमितता के लिए 50-50 हजार रुपये जुमार्ना भरना पड़ा। इसी प्रकार शहर में बिक रहे अन्य कंपनियों के उत्पादों में अनियमितता मिलने पर नोटिस जारी करते हुए जुमार्ना वसूल किया गया। विधिक माप विज्ञान विभाग (बाट माप) के जिला प्रभारी राजेश कुमार के अनुसार ऑनलाइन कंपनियों के उत्पादों की भी जांच की गई लेकिन अभी कोई गड़बड़ी नहीं पकड़ी गई है। कई कंपनियां उत्पाद के लेबल पर सही मात्रा और भार की घोषणा नहीं करने पर पकड़ी गई हैं।एक कंपनी के जैतून के तेल की बोतल पर शुद्ध भार की घोषणा नियमानुसार नहीं मिलने पर एक लाख का जुमार्ना लगाया गया। कंपनी ने जुमार्ने का भुगतान कर दिया है। इसी प्रकार एक कंपनी के हिंजेज पैक पर सही कीमत नहीं मिलने पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। ब्रांडेड कंपनी के बासमती चावल के पैक पर अनियमितता मिलने पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। शुभम हल्दी के पैकेट पर भी घोषणाएं अधूरी मिलने पर 25 हजार का अर्थदंड लगाया गया। एक कंपनी के विज्ञापन में कीमत के साथ शुद्ध मात्रा की घोषणा नियमानुसार नहीं होने पर डेढ़ लाख का जुमार्ना लगाया गया। एक कंपनी के प्रोडक्ट पर कीमत की घोषणा सही ढंग से नहीं पाए जाने पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया।ब्रांडेड कंपनी के पेंट के डिब्बे पर मात्रा की सही जानकारी न मिलने पर नोटिस देने के बाद 60 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। एक कैंडी के पैक पर घोषणाएं सही नहीं मिलने पर 50 हजार का जुमार्ना लगाया। विश्वदत्त मिनरल के प्रोडक्ट पर शुद्ध भार नियमानुसार अंकित नहीं करने पर 50 हजार जुमार्ना लगाया गया। इसी प्रकार कुछ और कंपनियों के उत्पादों में गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की गई।

# शराब सहित कई कंपनियों के उत्पादों में मिली गड़बड़ी, लाखों रुपये जुर्माना भी वसूला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बाट-माप विभाग की जांच के दौरान शराब की बोतल पर लिखी मात्रा और एक बीयर कंपनी के पैक की घोषणा नियमानुसार नहीं मिली। दोनों कंपनियों को अनियमितता के लिए 50-50 हजार रुपये जुमार्ना भरना पड़ा। इसी प्रकार शहर में बिक रहे अन्य कंपनियों के उत्पादों में अनियमितता मिलने पर नोटिस जारी करते हुए जुमार्ना वसूल किया गया। विधिक माप विज्ञान विभाग (बाट माप) के जिला प्रभारी राजेश कुमार के अनुसार ऑनलाइन कंपनियों के उत्पादों की भी जांच की गई लेकिन अभी कोई गड़बड़ी नहीं पकड़ी गई है। कई कंपनियां उत्पाद के लेबल पर सही मात्रा और भार की घोषणा नहीं करने पर पकड़ी गई हैं।एक कंपनी के जैतून के तेल की बोतल पर शुद्ध भार की घोषणा नियमानुसार नहीं मिलने पर एक लाख का जुमार्ना लगाया गया। कंपनी ने जुमार्ने का भुगतान कर दिया है। इसी प्रकार एक कंपनी के हिंजेज पैक पर सही कीमत नहीं मिलने पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। ब्रांडेड कंपनी के बासमती चावल के पैक पर अनियमितता मिलने पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। शुभम हल्दी के पैकेट पर भी घोषणाएं अधूरी मिलने पर 25 हजार का अर्थदंड लगाया गया। एक कंपनी के विज्ञापन में कीमत के साथ शुद्ध मात्रा की घोषणा नियमानुसार नहीं होने पर डेढ़ लाख का जुमार्ना लगाया गया। एक कंपनी के प्रोडक्ट पर कीमत की घोषणा सही ढंग से नहीं पाए जाने पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया।ब्रांडेड कंपनी के पेंट के डिब्बे पर मात्रा की सही जानकारी न मिलने पर नोटिस देने के बाद 60 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। एक कैंडी के पैक पर घोषणाएं सही नहीं मिलने पर 50 हजार का जुमार्ना लगाया।

विश्वदत्त मिनरल के प्रोडक्ट पर शुद्ध भार नियमानुसार अंकित नहीं करने पर 50 हजार जुमार्ना लगाया गया। इसी प्रकार कुछ और कंपनियों के उत्पादों में गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की गई।

# चोटीपुरा गुरुकुल में शास्त्रस्पर्द्धा का उपक्रम अद्वितीय: आचार्य बालकृष्ण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** आयुर्वेद मनीषी पूज्य आचार्य बालकृष्ण ने कहा, पूज्या आचार्या डॉ. सुमेधा को वह अपनी बड़ी बहन के समान मानते हैं और स्वयं भी उनसे प्रेरणा लेते

**शास्त्रीय प्रतिस्पर्धाओ के तहत दर्शन, उपनिषद्, रामायण, श्रीमद्भगवद्गीता, संस्कृतव्याकरण, पाणिनीयपञ्चोपदेश, चाणक्यनीति, विदुरनीति, षड्दर्शन, अमरकोश, तर्कसंग्रह, नीतिशतक, वैराग्यशतक इत्यादि शास्त्रों की हुई कुल २४ प्रतियोगिताएं**

हैं। वास्तव में ज्ञान परंपरा में उनका स्थान ऋषि-मुनियों की कोटि का है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल चोटीपुरा इस समय देश भर में सर्वश्रेष्ठ एवम अनुकरणीय शिक्षण संस्थान है। चोटीपुरा में शास्त्र संरक्षण की दिशा में किए जा रहे विशेष प्रयास की मुक्तकंठ प्रशंसा करते हुए बोले, पूज्या आचार्या डॉ. सुमेधा जी के जन्म दिवस को शास्त्रीय दिवस के रूप में आरम्भ करने का उपक्रम अद्वितीय है। यह अद्भुत कार्य सनातन संस्कृति की शक्ति है। उन्होंने कहा कि आचार्य बालकृष्ण श्रीमद्दयानन्द कन्या गुरुकुल, चोटीपुरा में पूज्या आचार्या सुमेधा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिनी शास्त्रीय प्रतिस्पधार्ओं के समापन अवसर पर बोल रहे थे। उल्लेखनीय है, शास्त्रीय प्रतिस्पधार्ओं के तहत दर्शन, उपनिषद्, रामायण, श्रीमद्भगवद्गीता, संस्कृतव्याकरण, पाणिनीयपञ्चोपदेश, चाणक्यनीति, विदुरनीति, षड्दर्शन, अमरकोश, तर्कसंग्रह, नीतिशतक, वैराग्यशतक इत्यादि शास्त्रों की प्रतियोगिताएं हुईं। इस मौके पर पूज्या प्राचार्या आचार्या डॉ. सुमेधा के अलावा सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान बह्मा स्वामी आर्यवेश, उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश चंद्र शास्त्री, भारत सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी श्री नवल कपूर, श्री गौतम खट्टर आदि विद्वानों की गरिमामयी मौजूदगी रही।



इससे पूर्व प्रातःकाल की शुभ वेला में यज्ञ भी हुआ। सभी उपस्थित महानुभावों के संग-संग समस्त गुरुकुल परिवार ने संकल्पसुमन समर्पित कर आचार्या डॉ. सुमेधा को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

आचार्य बालकृष्ण ने कहा, आज सम्पूर्ण विश्व के अंदर जो विषमताएं, कटुताएं, असमानताएं हैं, उन्हें सनातन वैदिक संस्कृति के माध्यम से ही दूर किया जाना संभव है। सनातन संस्कृति का प्रत्यक्ष उदाहरण पूज्या आचार्या को देख कर अनुभव कर सकते हैं। पूज्य आचार्य ने अंत में गुरुकुल की छात्राओं को स्वाध्ययन, चिंतन, मनन और उपासना करते हुए जीवन में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। आचार्य बालकृष्ण ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा, गुरुकुलीय संस्कृति में रहकर अध्ययन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अवश्य इस संस्कृति को आगे बढ़ाना चाहिए। गुरुकुल की पूर्व स्नातिकाओं को भविष्य में भी सदैव गुरुकुल से जुड़कर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। स्वामी आर्यवेश जी ने कहा, ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, शिल्पयज्ञ, राष्ट्रयज्ञ और मानवमात्र के लिए करुणा, दया तथा सर्वोपकार करने का प्रबल संकल्प पूज्या आचार्या में विद्यमान है। आज का यह समारोह हमारे लिए निःसंदेह उत्साहवर्धक और ऊर्जा देने वाला है। शास्त्रीय प्रतिस्पधार्ओं के दौरान डॉ. विनय कुमार विद्यालंकार, डॉ सुधीर कुमार आर्य, डॉ. दीनदयाल, डॉ. धनीन्द्र झा, डॉ. देवदत्त सरोड़े, डॉ. अनिल प्रतापगिरि, डॉ. शालिकराम त्रिपाठी, डॉ. कालिका प्रसाद शुक्ल, डॉ. वेदव्रत, डॉ. भावप्रकाश गांधी, डॉ. पंकज कुमार रावल, श्री हरिकिशन वेदलंकार, डॉ. के. वरलक्ष्मी, डॉ. मोहित, प्रो. मदनमोहन झा, प्रो. आरजी मुरली कृष्णा, प्रो. मनोहरलाल आर्य आदि ने भी अपने उद्बोधन से समारोह को अनुगृहीत किया। शास्त्रीय स्पद्धाओं में जज के रूप में उपस्थित रहे विद्वान प्रोफेसरों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

# लाइनपार के लोगों के लिए अच्छी खबर: जून तक तैयार हो जाएगा कपूर कंपनी पुल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** चार दिसंबर 2022 से दोपहिया वाहनों के लिए बंद पुराना कपूर कंपनी पुल बहुत जल्द ध्वस्त कर दिया जाएगा। जून 2025 तक नया कपूर कंपनी पुल तैयार हो जाएगा। लखनऊ कार्यशाला से गर्डर मुरादाबाद पहुंचने लगे हैं। फरवरी के अंतिम सप्ताह में ब्लॉक लेकर मार्च की शुरूआत में गर्डर रखने का काम पूरा किया जाएगा। रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग की टीम ड्रिलिंग का काम कर रही है। पुराने पुल के बराबर में खड़े किए गए खंभों में छेद किए जा रहे हैं। गर्डर रखने के दौरान इनका प्रयोग किया जाएगा। इसके बाद पुल पर सड़क की तरह परत बिछाने का काम होगा। इसमें पूरा अप्रैल बीत जाएगा। इसके बाद मई में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी पुल का निरीक्षण करेंगे और ब्रिज मुख्यालय की अनुमति मिलने के बाद जून तक पुल को दोपहिया वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा।अब तक पुल निर्माण की कोई समय सीमा रेलवे की ओर से नहीं बताई गई थी। अब इंजीनियरिंग के अधिकारियों का दावा है कि निर्माण का कार्य अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। अगले चार माह में यह पूरा हो जाएगा और पहले की तरह लोग आवागमन कर सकेंगे। एक आंकड़े के मुताबिक यह पुल पांच लाख की आबादी को प्रभावित करता है।लाइनपार से शहर की ओर आवागमन करने वाले लोग दो साल से लोकोशेड पुल का सहारा ले रहे हैं। बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए भी अभिभावकों को तीन किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता के मुताबिक इंजीनियरिंग विभाग तेजी से कार्य कर रहा है। जून तक पुल के पूरा होने की उम्मीद है।

# कुन्दरकी में ख़्वाजा गरीब नवाज की छठी मुबारक मनाई गई, ख़्वाजा गरीब नवाज का 813वा उर्स का कुल शरीफ हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**कुन्दरकी।** नगर के मदरसा इस्लामियाँ अरबिया बाबुल इल्म में जशने गरीब नवाज का हुआ प्रोग्राम। प्रोग्राम का आगाज तिलावते कुरआन से कारी इकबाल रजा ने किया।नाते रसूल और मनकाबतें गरीब नवाज हाफिज अरमान ने पेश की। मदरसे के नजिमे आला हजरत सैय्यद जुनैद मियां ने ख़्वाजा गरीब नवाज के 813वे उर्स की मुबारक देते हुए ख़्वाजा गरीब नवाज की हयाते जिंदगी पर रोशनी डाली। और कहा कि ख़्वाजा गरीब नवाज की जिंदगी हमारे लिए नमूनाए अमल हैं। उन्होंने कहा कि ख़्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर हर धर्म के लोग हाजरी देते है और फैज हासिल करते है।आखिर में सलातो सलाम पड़ कर अपने मुल्क में आमने अमान खुशहाली की दुआ की गई। इस मौके पर तालिव ए इल्म मौजूद रहे।



# गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य में आई तेजी, डीएम प्रतिदिन कर रहे हैं समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** रामगंगापार हरदासपुर में गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी के निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। मजबूत निर्माण के लिए 13 मीटर गहराई तक पाइलिंग की जा रही है। इसके लिए अत्याधुनिक मशीनें लगाई गई है। यूनिवर्सिटी के निर्माण कार्यों की डीएम प्रतिदिन समीक्षा कर रहे हैं।सीएम के निर्देश के बाद यूनिवर्सिटी का कार्य काफी तेज हो गया है। डीएम प्रतिदिन अधिशासी अभियंता आरबी सिंह से कार्यों की रिपोर्ट ले रहे हैं। अधिशासी अभियंता ने बताया कि 70 मीटर से ज्यादा फुटिंग का कार्य हो चुका है। कॉलम खड़े किए जा रहे हैं। डिजायन से हटकर कोई कार्य नहीं किया जाएगा। निर्माण को मजबूती देने के लिए 13.2 मीटर गहराई तक पाइलिंग की जा रही है।निर्माण के लिए सीमेंट सीलो, आरएमसी प्लांट के साथ जेसीबी और पोकलैंड मशीनें मौजूद हैं। छह माह में कुलपति कार्यालय के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्माण में लापरवाही को रोकने के लिए डीएम ने त्रिस्तरीय चेकिंग की व्यवस्था बनाई है। 220 मीटर लंबी दीवार के निर्माण का काम लगभग पूरा हो गया है।




# "शमामा इत्र लगाओ सर्दी छूमंतर" 35 दुर्लभ जड़ी बूटियां से तैयार होता है इत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एक इत्र ऐसा भी है, जिसको लगाने से ठंड दूर हो जाती है। सहसा यह विश्वास किसी को नहीं होगा, लेकिन इत्र और इतिहास की नगरी में एक ऐसा भी इत्र बनाया जा रहा है, जिसको लगाने मात्र से ठंड नहीं लगेगी और सर्दी-जुकाम भी छूमंतर हो जाएगा।यह इत्र देश के विभिन्न हिस्सों से लाई गई 35 प्रकार की दुर्लभ जड़ी बूटियों और गरम मसालों से बनाया35 प्रकार की दुर्लभ जड़ी-बूटियों और गरम मसालों से होता है तैयार' जिसको शमामा कहा जाता है। शमामा की भारत से अधिक विदेशों में मांग है। खाड़ी समेत विश्व के 56 देशों में इसका निर्यात किया जा रहा है। हर साल शमामा की मांग बढ़ रही है।शमामा का अर्थ अरबी में 'उच्च स्थान' है। अन्य सभी इत्र फूलों से बनाए जाते हैं, लेकिन शमामा देसी जड़ी-बूटियों से बनाया जाता है। ये जड़ी-बूटियां भारत के विभिन्न हिस्सों से मंगाई जाती हैं, जिनमें जायफल, जावित्री, दालचीनी, केसर लच्छा, नागर मोथा, जटामासी, काली मिर्च, दक्खिनी मिर्च, कपूर कचरी, काली इलायची, सुगंध मंथरी, सुगंधवाला, बालछड़ और कस्तूरी समेत 35 प्रकार की जड़ी-बूटियों का प्रयोग किया जाता है। पुरातन आसवन विधि से शमामा को तैयार करने में करीब एक माह का समय लगता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में शमामा दो से 2.5 लाख रुपये प्रतिकिलो तक है।



आयोजन

## मुल्क और कौम की सलामती के लिए भी दुआ की गई

# ख़्वाजा गरीब नवाज की छठी मुबारक के मौके पर खानकाह में हुआ कुल शरीफ का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी।** नगर में दरगाह ख़्वाजा हाजी अल्लाह बख़्श रहमतुल्लाह अलेह के दरबार और खानकाह ए आलिया में हजरत ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलेह के 813 वें उर्स मुबारक के मौके पर सरकार की छठी मुबारक मनाई गई। उर्स मुबारक के मौके पर कुल शरीफ का भी एहतमाम किया गया । और इस मौके पर मुल्क और कौम की सलामती के लिए भी दुआ की गई । इस मौके पर लंगर ए आम का भी एहतमाम किया गया । इस मुबारक मौके पर भारी तादात में अकीदतमंद मौजूद रहे । इस मौके पर कारी गुलाम रसूल, मोहम्मद आजम साबरी, अहमद अली साबरी, शफीक साबरी, मोहम्मद अहमद साबरी, फहीम साबरी, बबलू खां, युसूफ साबरी, रियासत प्रधान, इकराम साबरी, दिल ए हसन साबरी, बदले हसन साबरी, सुलेमान सैफी साबरी, कसीर तादात में मौजूद रहे।



# मंडल आयुक्त ने मुख्य विकास अधिकारियों को सौंपी विकास कार्यों की जिम्मेदारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मंडल के सभी जिलों में विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ाने के लिए मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने सभी सीडीओ की जिम्मेदारी तय कर दी है। उन्होंने कहा कि जिलों की रैंकिंग बेहतर रहनी चाहिए। प्रदेश में हम किसी जिले से पिछड़ें नहीं यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।विकास कार्यों की पिछले माह की रैंकिंग में मुरादाबाद मंडल के जिले काफी पिछड़ गए थे। इसके बाद से मंडलायुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लिया। संबंधित जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों से उन्होंने कहा कि यह उनकी जिम्मेदारी है कि कार्य में पीछे न रहें। मुरादाबाद, अमरोहा और रामपुर जिलों पर सबसे ज्यादा फोकस किया गया है। इन जिलों के सीडीओ का मंडलायुक्त जवाब तलब भी कर चुके हैं। मंडलायुक्त ने कहा कि जो भी विकास कार्य चल रहे हैं उनकी गुणवत्ता पर विशेष रूप से फोकस रखें। किसी सूरत में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद, अमरोहा और रामपुर के मुख्य विकास अधिकारियों से कहा है कि वह अपने जिले के विकास कार्यों में सकारात्मक पहल कर कार्यों को आगे बढ़ाएं। मंडलायुक्त ने कहा कि मंडल को विकास कार्यों की रैंकिंग सुधारने की दिशा में कार्य करें। बिजनौर की स्थिति मंडल के अन्य जिलों से सही है।





# इंस्टाग्राम अकाउंट हैक होने पर चाहत खन्ना ने दी प्रतिक्रिया, कहा यह चौंकाने वाला था

टेलीविजन अभिनेत्री चाहत खन्ना ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के हैक होने के बारे में बात की। बड़े अच्छे लगते हैं में काम कर मशहूर हुई अभिनेत्री ने बताया कि अकाउंट हैक होना और फॉलोअर्स का तेजी से घटना उनके लिए काफी चौंकाने वाला रहा। काफी प्रयास और सुरक्षा प्रोटोकॉल की मदद से खन्ना का अकाउंट रिकवर हो चुका है। हालांकि, हैक के बाद लगभग 2.5 मिलियन फॉलोअर्स उन्हें अनफॉलो कर चुके हैं।अभिनेत्री ने कहा, यह मेरे लिए काफी चौंकाने वाला था। सब कुछ ठीक रखने और जांच करने के बावजूद, हैकर्स किसी तरह मेरे अकाउंट तक पहुंच गए। मेटा टीम ने जल्द से जल्द मेरा अकाउंट रिकवर करने में मदद की। हालांकि, मुझे इस सब के बीच लगभग 2.5 मिलियन फॉलोअर्स की गिरावट दिखी और यह काफी अजीब रहा। हैकिंग तुर्की में होने का संदेह है। चाहत खन्ना के इंस्टाग्राम पर 3.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं।अभिनेत्री ने मेटा टीम को धन्यवाद देते हुए आगे लिखा, जल्द से जल्द मेरे अकाउंट तक पहुंच वापस पाने में मेरी मदद करने के लिए मेटा की टीम का शुक्रिया। उम्मीद है कि अब सब ठीक रहेगा। बता दें कि यह कोई पहली बार नहीं है जब अभिनेत्री साइबर क्राइम का शिकार हुई हैं। इससे पहले साल 2020 में चाहत खन्ना साइबर क्राइम का शिकार हो गई थीं। उनके सोशल मीडिया अकाउंट को एक पुराने दोस्त ने हैक कर लिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेत्री ने खुलासा किया कि हैकिंग के लिए जिम्मेदार व्यक्ति उनका पूर्व मित्र था, जिसके साथ उनका झगड़ा हो गया था। चाहत ने घटना के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

पिछले महीने, खन्ना ने दुबई में अपने ब्वॉयफ्रेंड रोहन गंडोत्रा के साथ छुट्टियां मनाते हुए अपनी तस्वीरें शेयर करके सुर्खियां बटोरी थी। हालांकि चाहत ने रोहन के साथ अपने रिश्ते की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन साथ में उनका लगातार छुट्टियां मनाना और सार्वजनिक रूप से दिखना इस बात का संकेत है कि वे रिलेशनशिप में हैं।चाहत खन्ना के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री ने टीवी शो हीरो-भक्ति ही शक्ति है से अपनी अभिनय की शुरूआत की थी। उन्होंने कई लोकप्रिय शो में काम किया है, जिनमें कुमकुम-एक प्यारा सा बंधन, काजल, बड़े अच्छे लगते हैं, कुबूल है के साथ अन्य शोज के नाम शामिल हैं। टेलीविजन के अलावा चाहत कई विज्ञापनों और फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। अभिनेत्री साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म यात्री में भी काम कर चुकी हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर गुम हुई बेबी जॉन, अब तक आधा बजट भी नहीं निकाल पाई फिल्म

वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन रिलीज के पहले ही दिन से बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है। यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में आई थी, लेकिन इसे छुट्टी का भी फायदा नहीं मिला।

कयास लगाए जा रहे थे शाहरुख खान अभिनीत जवान जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म का निर्देशन करने वाले एटली के प्रोडक्शन वाली बेबी जॉन टिकट खिड़की पर छा जाएगी, लेकिन एटली का दांव उल्टा पड़ गया।

आइए फिल्म के 11वें दिन का कारोबार जानें। इस फिल्म के 9 दिनों का कलेक्शन 36.4 करोड़ रुपये रहा, वहीं 10वें दिन फिल्म 55 लाख रुपये ही कमा पाई और अब 11वें दिन भी यह फिल्म करोड़ का आंकड़ा छूने में नाकाम साबित हुई है।



वीकेंड के बावजूद बेबी जॉन शनिवार को घरेलू बॉक्स ऑफिस पर महज 80 लाख रुपये ही जुटा पाई। फिल्म ने 11 दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 37.75 करोड़ रुपये कमाए हैं। दर्शकों ने बेबी जॉन का साफ नकार दिया है। बेबी जॉन को कलीस ने निर्देशित किया है। ये थलापति विजय की तमिल फिल्म थेरी का रीमेक है।

इस फिल्म में वरुण लीड रोल में हैं। जैकी श्रॉफ, वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, वहीं सलमान खान का बेबी जॉन में खास कैमियो है। इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर हाल देख तो ऐसा लग नहीं रहा है कि यह अपना बजट तक निकाल पाएगी। दुनियाभर में फिल्म बस 57 करोड़ रुपये कमा पाई है। बेबी जॉन की कहानी को तो फिल्म समीक्षकों ने ठीक-ठाक बताया, लेकिन अभिनय के मामले में वरुण मात खा गए, वहीं दर्शकों ने भी कहा कि वह सीन के हिसाब से अपने चेहरे पर वो गंभीरता नहीं ला पाए।उन्हें देख ऐसा लगा, मानों उन्हें जबरदस्ती इस तरह के एक्शन अवतार में पेश किया गया हो।

कीर्ति ने अपनी अदाकारी से वाहवाही लूटी। उनके अलावा फिल्म में कोई भी कलाकार ऐसा नहीं है, जिसने दर्शकों को आकर्षित किया हो।

## फिल्म आजाद का टाइटल ट्रैक आजादा है तू रिलीज, दिल छू लेगी अजय देवगन और आजाद की दोस्ती

अजय देवगन की फिल्म 'आजाद, का टाइटल ट्रैक 'आजादा है तू, रिलीज हो चुका है। गाने में अजय देवगन के दिल छू लेने वाले बंधन ने फैंस को मोहित कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रविवार को भुवनेश्वर में डीएवी यूनाइटेड फेस्ट में 20,000 की उत्साहित भीड़ के सामने अमन देवगन, राशा थडानी, निर्देशक अभिषेक कपूर और निमार्ता प्रज्ञा कपूर के साथ इस गाने का अनावरण किया गया। यह गाना जानवरों और उनके प्रियजनों के बीच के पवित्र बंधन को दशार्ता है। अजय देवगन 'आजाद' में ग्रामिण किरदार में चमकते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, अमन देवगन का आजाद के लिए प्रेम और दिल छू लेने वाला संगीत एक दिल पिघला देने वाला अनुभव देता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक गाने के बारे में बात करते हुए निर्देशक अभिषेक कपूर ने साझा किया, आजाद है तू का सार जानवरों द्वारा हमारे जीवन में लाए जाने वाले शुद्ध प्रेम और वफादारी को दर्शार्ना है। हम इस रिश्ते की गहराई और जानवरों अपने रखवालों की रक्षा के लिए की जाने वाली असाधारण कोशिशों को दिखाना चाहते थे। 'आजाद है तू, आजाद की भावनाओं और भावनाओं का एक बेहतरीन मिश्रण है। अजय देवगन और अमन देवगन ने घोड़े के साथ इतना गहरा रिश्ता बनाया कि बाकी सब कुछ स्वाभाविक रूप से सही जगह पर आ गया।



इस गीत को अरिजीत सिंह ने गाया है। संगीत अमित त्रिवेदी ने दिया है और गीत अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित 'आजाद, से अमन देवगन और राशा थडानी डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में अजय देवगन भी डायना पेंटी भी एक शक्तिशाली भूमिका में हैं। यह फिल्म 17 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## साड़ी में कयामत ढाती दिखीं साक्षी मलिक, एक्ट्रेस ने कातिलाना अदाओं से इंटरनेट पर लूटी लाइमलाइट

एक्ट्रेस साक्षी मलिक हमेशा अपने लेटेस्ट ट्रेंडी फैशन स्टेटमेंट्स के कारण यंग लड़कियों को इंस्पायर करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोड इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ही ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।
बॉलीवुड एक्ट्रेस साक्षी मलिक आए दिन अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट



पर आते ही बवाल मचाने लगता है।
अब हाल ही में एक्ट्रेस साक्षी मलिक की फोटोज इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने व्हाइट कलर की बेहद ही स्टाइलिश साड़ी पहना हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज देती हुई नजर आ रही हैं।बालों को स्टाइलिश लुक में बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है। बता दें कि इंडियन हो या फिर वेस्टर्न आउटफिट एक्ट्रेस अपने हर एक लुक में फैंस के बीच कहर ढाती हैं। उनका हर एक अंदाज लोगों के बीच आते ही छा जाता है। एक्ट्रेस साक्षी मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# सुपरफूड से कम नहीं काली गाजर, सर्दियों में खाने से मिलेंगे जबरदस्त फायदे

सर्दियों में आने वाली काली गाजर को देसी गाजर भी कहा जाता है. यह नुट्रिएंट्स से भरपूर होती है. आइए जानें इसे खाने के फायदे. काली गाजर सर्दियों का सुपरफूड है, जो आपकी इम्यूनिटी को मजबूत करने के साथ-साथ वजन घटाने और त्वचा को ग्लोइंग बनाने में मदद करता है. इसे डाइट में जरूर शामिल करें।



**काली गाजर के पोषक तत्व**

काली गाजर में फाइबर, विटामिन ए, विटामिन सी, पोटैशियम, आयरन और एंथोसायनिन जैसे कई पोषक तत्व होते हैं. इसके सेवन से न केवल इम्यूनिटी मजबूत होती है बल्कि यह डाइजेस्टिव सिस्टम को भी बेहतर बनाती है.

**काली गाजर के फायदे**

**आंखों की रोशनी बढ़ाए**

काली गाजर में विटामिन ए और बीटा-कैरोटीन की भरपूर मात्रा होती है, जो आंखों की रोशनी को बढ़ाने में मदद करता है. यह रेटिना को हेल्दी बनाए रखता है और रतौंधी जैसी समस्याओं से बचाव करता है।

**इम्यूनिटी को करे मजबूत**

काली गाजर में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं. इसे सर्दियों में खाने से सर्दी-जुकाम जैसी आम समस्याएं दूर रहती हैं।

**पाचन को बनाए बेहतर**

काली गाजर में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त करता है. यह कब्ज, गैस और पेट से जुड़ी अन्य समस्याओं को दूर करने में मददगार है.

**ब्लड प्रेशर को करे कंट्रोल**

काली गाजर में पोटैशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है. यह दिल को स्वस्थ रखने के लिए भी फायदेमंद है.

**वजन घटाने में सहायक**

काली गाजर कम कैलोरी और अधिक फाइबर युक्त होती है, जिससे पेट लंबे समय तक भरा रहता है. यह वजन घटाने वालों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है।

**स्किन को बनाए ग्लोइंग**

काली गाजर में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी होते हैं, जो त्वचा को अंदर से पोषण देते हैं और झुर्रियों को कम करते हैं. इसके सेवन से त्वचा चमकदार और स्वस्थ रहती है।

**कैंसर से बचाव**


काली गाजर में एंथोसायनिन नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद करता है. यह शरीर में फ्री रेडिकल्स को कम कर-के कैंसर से बचाव करता है.

**डायबिटीज में लाभकारी**

काली गाजर का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल में रखने में मदद करता है. डायबिटीज के मरीज इसे अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

# सर्दियों में ऐसे रखें आंखों का ख्याल, नहीं होगी खुजली-जलन जैसी समस्याएं!

सर्दियों का मौसम आते ही संक्रमण और बीमारियों का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है. इस मौसम में सर्दी-खांसी बुखार और वायरल के साथ ही ठंड का असर आंखों पर भी पड़ता है. जिसे नजरंदाज नहीं करना चाहिए. सर्दी के मौसम में ठंड हवाओं के चलने, धूप कम निकलने से आंखें ड्राई हो सकती हैं, आंखों में खुजली और जलन हो सकती है. इसके साथ ही कई समस्याएं होती हैं. ऐसे में नेत्र स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा कुछ सुझाव दिए गए हैं, जिनकी सहायता से आप अपनी आंखों की देखभाल कर सकते हैं. आइए जानते हैं...



**त्राटक का अभ्यास करें**

सर्दियों में त्राटक का अभ्यास सबसे सरल और सबसे असरदार अभ्यासों में से एक है. इसका अभ्यास करने से ध्यान बढ़ता है और आँखों का स्वास्थ्य भी बेहतर होता है. त्राटक करने के लिए आपको मोमबत्ती को 2 से 3 फीट की दूरी पर रखना है और लगातार मोमबत्ती की रोशनी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए. ऐसा करने से आपकी आंखें हेल्दी रहेंगी।

**पामिंग**

कॉर्पोरेट कंपनी में लैपटॉप पर लंबे समय तक काम करने का वजह से स्क्रीन टाइमिंग बढ़ जाती है. जो किआंखों के लिए काफी खतरनाक माना जाता है. तनाव ग्रस्त आंखों को आराम देने के लिए पामिंग सबसे अच्छी अभ्यासों में से एक है. इसके लिए सबसे पहले आप अपनी हथेलियों को आपस में तेजी से रगड़ें और फिर बिना कोई दबाव डाले उन्हें बंद आंखों पर रखें. ऐसा 1 से 2 मिनट तक करें जिससे आंखों की थकान और ड्राईनेस कम हो जाए।

**आंखों पर पानी के छीटें मारें**

सर्दियों में आंखें बंद करके छीटें मारने से आंखों की ड्राईनेस कम होती है साथ ही जलन और खुजली में भी राहत मिलती है. आंखों में पानी से छींटे मारने से कचरा साफ हो जाता है।

एक्सपर्ट का मानना हैं कि रोजाना अपनी डाइट में विटामिन ए और फाइबर से भरपूर चीजों जैसे- गाजर, पालक और शकरकंद का सेवन करें साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

## अरुण विजय स्टारर फिल्म वनांगन की रिलीज डेट आउट, निमार्ताओं ने नया पोस्टर जारी कर बताई तारीख

अभिनेता अरुण विजय ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा, वनंगन के नए पोस्टर के रिलीज के साथ एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव के लिए मंच तैयार कर दिया है। सोशल मीडिया पर पोस्टर साझा करते हुए, अरुण विजय ने आधिकारिक रिलीज की तारीख की पुष्टि की: वनंगन 10 जनवरी, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में आएगी। प्रशंसक अब इस मनोरंजक एक्शन से भरपूर फिल्म के लिए अपने कैलेंडर को चिह्नित कर सकते हैं, जो उन्हें अपनी सीटों के किनारे पर रखने का वादा करती है।

वनांगन को दूरदर्शी फिल्म निमार्ता बाला ने बी स्टूडियोज के बैनर तले लिखा, सह-निर्मित और निर्देशित किया है, जिसमें वी हाउस प्रोडक्शंस के सुरेश कमाची सह-निमार्ता हैं। अरुण विजय प्रतिभाशाली रोशनी प्रकाश के साथ कलाकारों का नेतृत्व करते हैं, जो बड़े पर्दे पर एक गहन गतिशीलता लाते हैं। फिल्म में एक शानदार तकनीकी टीम भी है, जिसमें जी. वी. प्रकाश कुमार द्वारा संगीत, आर. बी. गुरुदेव द्वारा छायांकन और



सतीश सूर्या द्वारा संपादन शामिल है। एक आकर्षक कहानी और एक दमदार टीम के साथ, वनांगन 2025 की प्रमुख रिलीज में से एक बनने के लिए तैयार है, और अरुण विजय के प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि यह एक अविस्मरणीय सिनेमाई सवारी होने का वादा करती है।

# वाल्मीकि समाज के वंचितों को अधिकार दिलाएगी वाल्मीकि सेना: विक्रमजीनवाल वाल्मीकि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** महर्षि वाल्मीकि सेना की एक अति आवश्यक बैठक अलीगढ़ सर्किट हाउस में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महर्षि वाल्मीकि सेना के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम जीनवाल वाल्मीकि भारतीय जनता पार्टी पूर्व जिला उपाध्यक्ष जनपद अलीगढ़ विक्रम जीनवाल जी दुआरा श्री डा सौरभ वाल्मीकि जी अकराबाद निवासी जी को समाज के लिए उनकी सेवा भाव को देखते हुए महर्षि वाल्मीकि सेना में जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनित किया एवं मनोनीत पत्र दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना हेतु शुभकामनाएं दी एवं फूल मालाओं से लड़कर उनका संगठन महर्षि वाल्मीकि सेना में स्वागत किया इस मौके भारतीय जनता पार्टी



अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं महर्षि वाल्मीकि सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिकिशन कोरी जी ने भी उनका उत्साह वर्धन किया इस मौके के पर बरौली विधानसभा अध्यक्ष गौरव वाल्मीकि जी जिला महामंत्री मुकुल वाल्मीकि जी जिला उपाध्यक्ष आदित्य वाल्मीकि जी दानिश वाल्मीकि सहित सभी पदाधिकारी ने डॉक्टर सौरभ को जिला अध्यक्ष महर्षि वाल्मीकि सेना मनोनीत होने पर बधाइयां दी एव फूलमाला पहनकर के स्वागत अभिनंदन किया इस अवसर पर डॉक्टर सौरभ वाल्मीकि महर्षि वाल्मीकि सेवा के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम जीनवाल जी प्रदेश उपाध्यक्ष हरिकिशन करी सहित तमाम पदाधिकारी का हृदय से आभार प्रकट किया एवं संगठन में सच्ची निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# कुकरैल रिजर्व फॉरेस्ट, पिकनिक स्पॉट, लखनऊ में हॉर्नबिल कला प्रतियोगिता का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** कुकरैल रिजर्व फॉरेस्ट, पिकनिक स्पॉट, लखनऊ में हॉर्नबिल कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुकरैल रिजर्व फॉरेस्ट, पिकनिक स्पॉट, लखनऊ में हॉर्नबिल कला प्रतियोगिता में आलिम इंस्टीट्यूट ऑफ मॉडर्न स्टडीज (एम्स मुसाहब गंज) के छात्रों को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, जनाब प्रभाकर बूरा, आईएफएस, निदेशक ने पुरस्कार से नवाजा। जिसमें एआईएमएस के प्रिंसिपल डॉ. सरवत तकी , प्रोफेसर चित्रा सिंह



आईटी कॉलेज, डॉ. आसिफ जाफरी, केएमसी यूनिवर्सिटी, मिस रुचिरा निगम, मिस्टर आसिफ सिद्दीकी, वारा फातिमा, वाइस प्रिंसिपल, एम्स, डॉ. एम. ए. खालिद, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी मौजुद रहे। इस दौरान बच्चों का जोश देखने लायक था।

# दिल्ली में चुनावी तारीखों के ऐलान पर बोले केजरीवाल, इस बार काम और गाली गलौज की राजनीति के बीच मुकाबला

**दिल्ली ।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद पार्टी कार्यकताओं से पूरी ताकत से काम करने का आग्रह किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केजरीवाल ने कहा कि ये चुनाव काम की राजनीति और गाली-गलौज की राजनीति के बीच होंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा कि चुनाव की तारीख का एलान हो चुका है। सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत और जोश के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार हो जाएं। आपके जुनून के आगे इनके बड़े-बड़े तंत्र फेल हो जाते हैं। आप ही हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। आप प्रमुख ने कहा कि ये चुनाव काम की राजनीति और गाली-गलौज की राजनीति के बीच होगा। दिल्ली की जनता का विश्वास हमारी काम की राजनीति के साथ ही होगा। हम जरूर जीतेंगे। मनीष सिसोदिया ने लिखा कि दिल्ली की जनता को बधाई। एक बार फिर चुनें- अपने बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा, परिवार के लिए अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था, 24 घंटे बिजली, जीरो बिजली बिल, तीर्थ यात्रा, फ्री बस यात्रा, हर महिला को सम्मान में हर महीना 2100/-, हर बुजर्ग का मुफ्त इलाज हर पुजारी-ग्रंथी को सम्मान में प्रतिमाह 18000/- । पाँच फरवरी का दिन होगा, झाड़ू चुनाव चिह्न होगा। फिर लाएँगे केजरीवाल। देश की राजधानी दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती तीन दिन बाद आठ फरवरी को की



जाएगी। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को यहां चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं जिसमें से 58 सामान्य श्रेणी की जबकि 12 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दिल्ली में कुल 1.55 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं और इनमें 83.49 लाख पुरुष तथा 71.74 लाख महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि युवा मतदाताओं (20 से 21 वर्ष के) की संख्या 28.89 लाख है जबकि पहली बार मतदान के पात्र युवाओं की संख्या 2.08 लाख है।

# बस का इंतजार कर रहे बुजुर्गों को कार ने मारी थी टक्कर, रिपोर्ट दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**इगलास।** कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ रोड़ पर गांव ताहरपुर पर बस का इंतजार कर रहे दो बुजुर्गों को तेज रफ्तार वैगन आर कार ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए दोनों को अलीगढ़ ले जाया गया लेकिन गम्भीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया। अंकित के बड़े भाई ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा था कि 15 दिसम्बर को उसके चाचा सत्यप्रकाश पुत्र बेनीराम भाई के ससुर को छोड़ने आए थे तभी सड़क के सहारे खड़े होने के दौरान वैगन आर कार संख्या डीएल 2 सी बीई 2795 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए दोनों को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अलीगढ़ से उन्हें दिल्ली रैफर कर दिया गया था। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो पीड़ित ने कप्तान को शिकायती पत्र दिया। कप्तान के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोल्ड ड्रिंक की बोतलों से भरा कंटेनर पलटा, कोई हताहत नहीं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** कोल्ड ड्रिंक से भरा कंटेनर बनारस से हापुड़ जा रहा था। जीटी रोड पर गांव नारायण सिंह और रोहिना सिंहपुर के बीच पहुंचे तभी एक ट्रक चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए साइड दबाई। उससे बचने की कोशिश में असंतुलित होकर कंटेनर गड्ढे में पलट गया। जीटी रोड पर गांव खेड़ा नारायन सिंह के पास 6 जनवरी की सुबह किसी वाहन से बचने की कोशिश में अनियंत्रित होकर एक कंटेनर सड़क किनारे खाईं में पलट गया। कंटेनर में कोल्ड ड्रिंक की बोतलें भरी थीं। चालक राजेश कुमार निवासी कानपुर देहात ने बताया कि वह कोल्ड ड्रिंक से भरा कंटेनर लेकर बनारस से हापुड़ जा रहे थे। 6 जनवरी की सुबह करीब पांच बजे जीटी रोड पर गांव नारायण सिंह और रोहिना सिंहपुर के बीच पहुंचे तभी एक ट्रक चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए साइड दबाई। उससे बचने की कोशिश में असंतुलित होकर कंटेनर गड्ढे में पलट गया। हादसे में चालक-क्लीनर सहित गाड़ी में भरा माल सुरक्षित है।

### घर में आग लगने से नगदी और लाखों का सामान स्वाहा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मडराक थाना क्षेत्र के गांव दौराला में शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई जिसमें नगदी और लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि मकान स्वामी घर से कहीं बाहर गए थे। आग लगने पर पड़ोस में अफरा तफरी मच गई। पड़ोसियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। पड़ोसियों की सूचना पर जब तक मकान स्वामी पहुंचे तब तक सामान और नगदी जलकर खाक हो गया। मकान स्वामी सानू ने बताया घर में रखी पेंतीस हजार की नगदी व ढाई लाख रुपये का सामान चलकर खाक हो गया है। पड़ोसियों ने समर चलाकर आग पर काबू पाया था।

### दिल्ली जा रहे छात्र की हादसे में मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** थाना क्वार्सी क्षेत्र में एक युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब वह दिल्ली कोचिंग जाने के लिए निकला था। बताया जाता है कि रामबाग कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय देवहंस सुबह 4रू00 बजे घर से निकला था तभी वह हादसे का शिकार हो गया। पुलिस को हादसे की सूचना सुबह 5रू00 बजे मिली तो पुलिस उसे गंभीर घायल अवस्था में दीनदयाल अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डाक्टरों ने देवहंस को मृत घोषित कर दिया। देवहंस की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस हादसे की वजह और घटनास्थल की जांच कर रही है।

**कृष्ण वीर सिंह, बंटू -प्रभारी, मनोज सिंह -अध्यक्ष , गौरव वर्मा- चेयरमैन,सुधीर कुमार- वरिष्ठ महामंत्री ,शुभम पाडेय- महामंत्री,मोहित वर्मा- कोषाध्यक्ष चुने गए**

# चर्च रोड,इंदिरा नगर के व्यापारी हुए एकजुट, चर्च रोड ,इंदिरा नगर आदर्श व्यापार मंडल" इकाई का हुआ गठन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** चर्च रोड, इंदिरा नगर में अग्रवाल प्लाजा कॉम्पलेक्स में चर्च रोड के व्यापारियों की गठन बैठक आयोजित की गई गठन बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे तथा लेखराज नगीना एवं अग्रवाल प्लाजा के व्यापारी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित हुएचर्च रोड के व्यापरियों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति में "चर्च रोड , इंदिरा नगर आदर्श व्यापार मंडल इकाई का गठन किया " चर्च रोड, इंदिरा नगर आदर्श व्यापार मंडल "इकाई में व्यापारियों ने मनोज सिंह को अध्यक्ष, कृष्ण वीर सिंह बंटू को प्रभारी,गौरव वर्मा को चेयरमैन, सुधीर कुमार को




वरिष्ठ महामंत्री, शुभम पांडे को महामंत्री,मोहित वर्मा को कोषाध्यक्ष, संजय वर्मा, दीपक साहू, मनोज कुमार, हिमांशु रावत को उपाध्यक्ष, दीपक श्रीवास्तव, मुकेश शर्मा गौरव मिश्रा, शिवम पटवा, शमशाद ,अरविंद केसरी को संगठन मंत्री, वरिष्ठ व्यापारी डी एस सिंह, संजय पांडेय ,संतोष अग्रवाल, एवं कुँवर जी पुरी को संरक्षक के रूप में चुना तथा कार्यकारणी सदस्य में संदीप पाठक ,मनीष सिंह, मुहम्मद सिराज ,माज अहमद, मोहम्मद रफीक ,श्री राम, मोहम्मद निशार,सुधीर कुमार संन्यासी ,राजकुमार, उमाशंकर, मोहम्मद जुनैद ,प्रियांशु मिश्रा, फाखिर सिद्दीकी धर्मेन्द्र गुप्ता गुप्ता योगेश मिश्रा को चुना गया नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव उन्हें बताया नवगठित।कार्यकारिणी का शीघ्र ही शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों से कहा व्यापारी जाति, धर्म से ऊपर उठकर चुनावों में व्यापारी के रुप में ही वोट करें, मजबूत वोट बैंक के रूप में स्थापित होने से व्यापारी समाज की सभी समस्याओं का समाधान होगा उन्होने कहा उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल व्यापारियों के व्यापार को बचाने, बढ़ाने एवं मान सम्मान, स्वाभिमान की रक्षा के लिए लगातार कार्य कर रहा है ।

व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा, तथा एक एक व्यापारी को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल से जोड़ना संगठन का लक्ष्य है, उन्होंने व्यापारियों से अच्छे कार्य करने तथा एक दूसरे की मदद करने की अपील की गठन बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर कुमार, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पाण्डे, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, संतोष त्रिपाठी, दीपक सिंह चौहान, आशीष शर्मा, अंशू श्रीवास्तव, विशेष रूप से मौजूद रहे ।

# एएमयू की शोध छात्रा सुल्ताना द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वेदांत कांग्रेस में शोध पत्र प्रस्तुत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अमुवि के दर्शन शास्त्र विभाग की शोध छात्रा रुबीना सुल्ताना ने जेएनयू के दर्शन शास्त्र केंद्र द्वारा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय और यूमास डार्टमाउथ के भारतीय अध्ययन केंद्र के सहयोग से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वेदांत कांग्रेस के 27वें सत्र के दौरान शोध पत्र प्रस्तुत किया। व्यवहारिक से पारमार्थिक तकः अद्वैत वेदांत की वैश्विक सद्भाव और स्थिरता की कुंजी शीर्षक वाले अपने शोध पत्र में उन्होंने वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए मार्गदर्शक ढांचे




के रूप में व्यवहारिक (अनुभवजन्य वास्तविकता) और पारमार्थिक (पारलौकिक वास्तविकता) के बीच अद्वैत वेदांत के गहन अंतर पर चर्चा की। सुल्ताना ने कहा कि अद्वैत वेदांत अद्वैतवाद, परस्पर जुड़ाव और नैतिक जीवन पर जोर देते हुए भौतिकवाद की रूपरेखा को बयान करता है, जबकि स्थिरता, सामाजिक न्याय और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए वेदांत के सिद्धांतों को मार्ग के रूप में प्रस्तुत करता है।

उन्होंने कहा कि प्राचीन ज्ञान को आधुनिक मुद्दों से जोड़ने से एकीकृत और दयालु दुनिया बनाने के लिए अद्वैत वेदांत की परिवर्तनकारी क्षमता का पता चलता है।

# वकील की वेशभूषा में दबंगों ने जमीन पर कब्जा करने के लिए किसानों को पीटा,फायरिंग का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**काकोरी,लखनऊ।** काकोरी कस्बे में किसान की पुश्तैनी जमीन पर कब्जा करने के लिए दबंग वकील की वेशभूषा में आये और किसान की पुस्तैनी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से मारपीट कर किस को घायल कर दिया ।पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में की लेकिन कोतवाली प्रभारी ने मुकदमा दर्ज करने के बजाए धमकी देकर भगा दिया। पीड़ितों ने यह आरोप लगाते हुए घर में डर के दुबक गए।

कस्बा निवासी संतोष रावत ने बताया कि मंगलवार सुबह कस्बा स्थित जमीन पर परिवार के राहुल ,दीपू ,अर्पित व उमंग के साथ जुताई करके बोई गई फसल की सुरक्षा के लिए खेत की तार बंदी कर रहे थे। तभी कस्बा





निवासी दबंग कृष्ण यादव व मोनू यादव ने वकील की वेष भूषा में दर्जनों साथियों के साथ जमीन पर कब्जा करने की नियत से, खेत में काम कर रहे किसानों व परिजनों के साथ मार पीट करने लगे। दबंगो ने किसानों को मार पीट कर जमीन से भगा दिया ।साथ ही जमीन पर दोबारा आने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। किसानों ने आरोप लगाया कि दबंगों ने दहशत फैलाने के लिए कई राउंड फायरिंग भी की, वहीं चंद कदम पर चौकी में तैनात पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

पीड़ित किसानों ने बताया कि सूचना देने के बाद भी पुलिस ने एक्शन नहीं लिया। पीड़ित ने दबंगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। साथ ही फायरिंग का भी आरोप लगाया । पीड़ित किसानों ने मुख्यमंत्री, डीजीपी, सहित दर्जनों उच्चाधिकारियों को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से शिकायत दिया है। थाना दिवस व तहसील दिवस में भी शिकायत किया लेकिन दबंगों के भय से किसी अधिकारी ने शिकायत पर संज्ञान न लेने का आरोप लगाया है।

**एक्शन** पार्षद नहीं लगेगें लाइन में-सीधे जोनल अधिकारी से सम्पर्क करेंगे, नगर आयुक्त ने अधीनस्थों के कसे पेंच-जमकर लगाई क्लास

# पार्षदों के सुझाव पर नगर आयुक्त का एक्शन, समयसीमा में अब बनेगें जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** पिछले दिनों बजट के विशेष बोर्ड अधिवेशन में पार्षद कुलदीप पाण्डे सहित पार्षदों द्वारा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया में विलंभ और पार्षदों को लाइन में खड़े होने जैसी समस्या से नगर आयुक्त को अवगत कराया गया था। नगर आयुक्त विनोद कुमार ने पार्षदों को आश्वस्त करते हुये तीन दिनों में व्यवस्था में सुधार लाने का वादा पार्षदों से किया था।मंगलवार संभव जनसुनवाई में भी कई आवेदक जन्म मृत्यु प्रमाण नही बनने की शिकायत लेकर आये। नगर आयुक्त ने जन्म मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुये व्यवस्था में बाधा और विलंभ करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को नगर आयुक्त ने जमकर क्लास लगायी। नगर आयुक्त ने जन्म मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था के लिये जीआईएस एक्सपर्ट शालिनी मुर्तजा को दो टूक शब्दों में प्रतिदिन प्राप्त आवेदनों को उसी दिन सम्बन्धित के पास रिपोर्ट लगाने के लिये भेजने के निर्देश दिये वही नगर आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों से उनके जोन में प्रमाण पत्रों के विलंभ होने का कारण पूछा संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर नगर आयुक्त ने सीधे जोनल अधिकारियों को इसके लिये जिम्मेदार मानते हुये प्रतिदिन जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों की समीक्षा और प्रतिदिन की रिपोर्ट से उन्हें अवगत कराने की हिदायत दी। नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा कि ह्लजन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की व्यवस्था में पार्षदों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है पार्षद माननीय है और कोई भी पार्षद आवेदन लाइन में नहीं लगेगा इसके लिये सभी जोनल अधिकारी अपने कक्ष में व्यवस्था सुनिश्चित करें।ह्ल नगर



आयुक्त ने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पार्षदों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने अपने जोन के पार्षदों को अपने कक्ष में बैठकर उनकी समस्या का समाधान करें जिससे अनावश्यक पार्षदों को जन्म मृत्यु ऑफिस के चक्कर न काटना पड़े।ह्लनगर आयुक्त ने कहा पब्लिक की सुविधा के लिए अलीगढ़ नगर निगम द्वारा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए जोन वाइज अलग-अलग पृथक विंडो है नागरिक यहां आकर अपना आवेदन करें किसी भी दलाल अथवा अन्य व्यक्ति के बहकावे में आकर उनके माध्यम से कतई आवेदन न करें क्यूआर कोड को जरूर स्कैन करें।

पुराने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों के एसीएम व सिटी मजिस्ट्रेट स्तर पर पेन्डिग होने पर नगर आयुक्त ने दूरभाष पर सिटी मजिस्ट्रेट से बात की और कहा नगर निगम स्तर से प्रतिदिन भेजे जाने वाले प्रमाण पत्रों को अविलंभ रिपोर्ट उपरान्त प्रेषित किया जाये ताकि आवेदक को समयान्तर्गत प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सके। ह्लनगर आयुक्त ने कहा नगर निगम में दलालों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिये जोनल अधिकारियों के नेतृत्व में टीमें और सीसीटीवी कैमरें हर विड़ों पर लगवा दिये गये है कोई भी बाहरी व्यक्ति जन्म मृत्यु काउंटर के अंदर प्रवेश नहीं कर पायेगा यदि कोई बाहरी व्यक्ति पाया जाता है तो सम्बन्धित जोनल अधिकारी और पटल कार्मिक को पूर्ण रूप से उत्तरदायी मना जायेगा और कार्यवाही की जायेगी।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267